धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

## सावन की दूसरी सोमवारी आज



# विपक्ष ही नहीं, एनडीए भी हो रहा एकजुट

**अगले** साल होने जा रहे लोकसभा चुनावों को देखते हुए एक तरफ जहां विपक्ष मोदी सरकार का मुकाबला करने के लिए एकजुट हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व में एनडीए का कुनबा भी बढ़ रहा है। एक ओर जहां बेंगुलरु में कांग्रेस, जदयू, आप, राजद, झामुमो, सपा, एनसी, टीएमसी सहित करीब दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने की संभावना है, वहीं भाजपा भी अब छोटे छोटे दलों के साथ बैठक कर 2024 लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में जुट गयी है। इसमें कई नये दल जुड़ रहे हैं।

## 18 की बैठक में भाग लेंगे एके, आप को मिला हाथ का साथ

**हेमंत सोरेन भी सोनिया के रात्रि भोज और बैठक में भाग लेंगे**







एजेंसी

**नयी दिल्ली, रांची।** केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष का साझा गठबंधन बनाने की कोशिशें तेज हो गयी हैं। समान विचारधारा वाले दलों को एकजुट करने के लिए पटना में हुई 23 जून की बैठक के बाद अब 18 जुलाई को बेंगुलरु में बैठक होनेवाली है। दिल्ली अध्यादेश को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अब एक साथ आ गयी है। कांग्रेस केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आप का साथ देगी। कांग्रेस के इस फैसले के बाद आप ने फैसला किया है कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों की बैठक में हिस्सा लेगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी न्योता मिला है। झामुमो नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार सीएम सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक से एक दिन पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की डिनर डिप्लोमेसी का भी हेमंत हिस्सा बनेंगे। समान विचारधारा वाले दलों को अपने खेमे में करने की कवायद दोनों ओर से की जा रही है।

**कांग्रेस के समर्थन से आप गदगद :** आप ने बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक से पहले रविवार को पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर की। जिसमें फैसला लिया गया कि 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में आम आदमी पार्टी हिस्सा लेगी। पार्टी के अनुसार अध्यादेश राष्ट्र विरोधी है।

(शेष पेज 11 पर)

## 18 को भाजपा का बड़ा शक्ति प्रदर्शन

■ सुदेश, चिराग, माझी से लेकर दक्षिण के पवन तक को आमंत्रण

**नयी दिल्ली।** एनडीए के सभी नये और पुराने दलों के नेताओं की 18 जुलाई को नयी दिल्ली में बैठक बुलायी है। इसमें शामिल होने के लिए झारखंड से भाजपा की सहयोगी आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के खेमे वाली एनसीपी को भी न्योता भेजा गया है। लोजपा (राम विलास) के नेता चिराग पासवान और बिहार के पूर्व सीएम एवं हम प्रमुख जीतन राम मांझी को भी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पत्र लिखकर आमंत्रित किया है। (शेष पेज 11 पर)

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### रामगढ़ के पूर्व डीडीसी नागेंद्र सिन्हा का निधन



**रांची।** लंबे समय से बीमार चल रहे रामगढ़ जिले के पूर्व उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा का रविवार की सुबह निधन हो गया। सूचना मिलते ही रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों व कर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### सीसीएलकर्मी को मारी गोली, हालत गंभीर

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में रविवार को बदमाशों ने सीसीएल रजरप्पा आवासीय कॉलोनी ए टाइप स्थित सरना स्थल मोड़ के पास सीसीएल कर्मी आशीष बनर्जी पर गोली चलायी। जिससे सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये।

### ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्यमार्ग पर असंथर गांव के पास रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान डॉ राकेश रंजन के रूप में हुई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**खूंटी।** खूंटी सिमडेगा मुख्य पथ के रिडुम चौक के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान ओकड़ा अंबा टोली के आशीष भेंगरा (20) और सुंदारी सोसो टोली के विनय भेंगरा (20) के रूप में की गयी है।

### रामगढ़ में संदिग्ध हालत में युवती की मौत

**रामगढ़।** भदानी नगर ओपी क्षेत्र के बीचा गांव में नौवीं की छात्रा की उसके घर में ही संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप वहां पहुंच चुके हैं।

### बांग्लादेश ने भारत को 40 रन से हराया

**मीरपुर।** मारूफा अक्तर (29/4) और राबया खान (30/3) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने रविवार को आईसीसी वुमेंस चैंपियनशिप के एक वर्षा बाधित मुकाबले में भारत को 40 रन के विशाल अंतर से हरा दिया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

# आज दो लाख श्रद्धालुओं के बाबाधाम आने की उम्मीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला में दिन-प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों के अलावा रूटलाइन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर रविवार से ही कांवरियों की भीड़ देवघर में बढ़ने लगी है। वहीं प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। प्रशासन को दूसरी



सोमवारी पर दो लाख से अधिक कांवरियों के पहुंचने की उम्मीद है।

### जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारी

दूसरी सोमवारी को लेकर जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया है। एसडीओ तमेत तमाम बड़े अधिकारी बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा और तैयारी में तैनात हैं। सोमवार को दो लाख से अधिक कांवरियों के पहुंचने का अनुमान है। जिला प्रशासन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित जलार्पण कराया जा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि दूसरी सोमवारी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। श्रावणी मेले में रविवार को भीड़ बढ़ने से तीर्थपुरोहित, स्थानीय दुकानदार सहित मेले से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है।

### आधार की गोपनीयता पर लोगों से मांगे सुझाव

**रांची।** राज्य सरकार के स्तर से कई योजनाओं का लाभ आधार कार्ड के जरिये दिया जाता रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, झारखंड के मुताबिक नागरिकों को विभिन्न सेवाएं दिए जाने को यूआईडीएआई के इन्फॉर्मेशन एसेट का उपयोग किया जाता है। ऐसे में आधार से जुड़ी जानकारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसे देखते सभी लोगों ई-मेल यूआईडीमेलपीएमयू-ड्इट एट झारखंड मेल डॉट गॉभ डॉट इन के जरिये इससे संबंधित मसले पर अपना सुझाव-मंतव्य 17 जुलाई से 16 अगस्त मांगा है।

### विष्णु अग्रवाल से पूछताछ आज

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में ईडी की टीम न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल को समन जारी किया था। समन जारी कर 17 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया है। विष्णु अग्रवाल से जमीन घोटाले मामले के अलावा छवि रंजन से रिश्ते समेत कई सवाल ईडी के अधिकारी पूछताछ करेंगे।

## महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर सेमिनार

# देह व्यापार एक अभिशाप रोक जरूरी : चीफ जस्टिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र का कहना है कि झारखंड राज्य के लिए देह व्यापार एक अभिशाप है। इसे कम करने की आवश्यकता है और यह जागरूकता के माध्यम से ही होगा। मुख्य न्यायाधीश रविवार को रांची के ज्यूडिशियल एकेडमी में आयोजित महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय है। अक्सर यह घटना पीड़ित के नजदीकी करता है। घटना के बाद सबसे बड़ी



जिम्मेदारी आरोपित को सजा दिलाने को लेकर है। इसमें पुलिस अधिवक्ता और न्यायाधीशों की अहम भूमिका रहती है। इसे कम करने की आवश्यकता है और यह जागरूकता के माध्यम से ही होगा। वहीं न्यायाधीश एसके द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में इस तरह के मामलों की संख्या ज्यादा है। इसके कई कारण हैं। जागरूकता और त्वरित न्याय ही इससे बचाव का रास्ता है।

**पुस्तक का भी विमोचन :** कार्यक्रम की शुरुआत महिला उत्पीड़न पर जागरूकता से जुड़े पुस्तक के विमोचन के साथ हुआ। इसके बाद झारखंड सहित दूसरे राज्यों से आये न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान दिये। मौके पर झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रोगन मुखोपाध्याय, गुजरात हाइकोर्ट के पूर्व जस्टिस सोनिया कोगानी के अलावा अधिवक्ता व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**पॉक्सो एक्ट के वारदात बढ़े :** वहीं झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफिंस (पॉक्सो) की 1324 वारदातें हुई हैं। (शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर का संचालन कर बोले बन्ना गुप्ता

# झारखंड को मिले विशेष अनुदान सहियाओं का मानदेय बढ़ाये केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देहरादून में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर के अंतिम दिन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट और टीबी उन्मूलन के लिए संयुक्त कार्य योजना बनाकर काम करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से झारखंड राज्य को विशेष अनुदान देने, सहिया बहनों का मानदेय बढ़ाने, आधुनिक और आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने की मांग की। टीबी उन्मूलन के लिए दिसंबर 2024 का लक्ष्य निर्धारित करने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने झारखंड को बधाई दी। देश ने टीबी उन्मूलन के लिए 2025 और विश्व ने 2030 का लक्ष्य निर्धारित किया है।

(शेष पेज 11 पर)



# पाक में 150 साल पुराना हिंदू मंदिर को तोड़ा

◻ रॉकेट लॉन्चर से हमला कर के मंदिर को कर दिया बुलडोजर से ध्वस्त

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में 150 साल पुराना हिंदू मंदिर को रविवार सुबह रॉकेट लॉन्चर से हमला कर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। हमलावरों ने मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की। गोलियों की आवाज सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक हमलावर फरार हो गये। यह मंदिर सिंध के काशमोर में स्थित था। यहां पर एक मॉल बनाने की तैयारी है। कराची के सोल्जर बाजार में स्थित मारी माता मंदिर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से ढहा दिया गया। मारी माता मंदिर के पास ही श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर भी है। इसके कार्यवाहक मिश्रा ने कहा कि बाहरी दीवारों और मंदिर के मुख्य द्वार को बरकरार रखा, जबकि अंदर की पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया गया। मंदिर तोड़ने के कुछ दिन पूर्व सिंध प्रांत की सरकार ने इसे पुरानी और खतरनाक संरचना घोषित कर दिया था। इस घटना को लेकर हिंदू समुदाय सदमे में है। इलाके में पुराने हिंदू मंदिरों की देखभाल करने वाले रामनाथ मिश्रा महाराज ने इस पर नाराजगी जाहिर की। (शेष पेज 11 पर)

### हमले के समय बंद था मंदिर

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हमले के दौरान मंदिर बंद था, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हमलावरों ने मंदिर के पास रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर भी हमला किया। शुरूआती जांच के मुताबिक हमलावर 8 से 9 लोग थे। पुलिस उनकी तलाशी के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मंदिर बागड़ी समुदाय की ओर से आयोजित किये जाने वाले धार्मिक सेवाओं के लिए हर साल खुलता है। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक जब मंदिर को ढहाया जा रहा था, तब मंदिर ढहाने वालों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस तैनात थी।

# चंद्रयान -3 का पहला ऑर्बिट-रेजिंग का सफर पूरा

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अद्वितीय निपुणता और कुशलता से चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा की तरफ ले जाने का पहला कदम (फर्स्ट ऑर्बिट रेजिंग मनूवर) रविवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इसरो ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर चंद्रयान-3 को लेकर ताजा जानकारी दी। उसने कहा कि चंद्रयान सामान्य स्थिति में है। फर्स्ट ऑर्बिट-रेजिंग का काम पूरा हो गया है। अंतरिक्ष यान अब 41762 किमी X 173 किमी कक्षा में है।

इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 को चंद्रमा की पहली कक्षा में बढ़ाने की प्रक्रिया रविवार को सफलतापूर्वक पूरी की। इस प्रकार की प्रक्रिया चार बार और की जायेगी, जिसके बाद यह चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगा। इसरो ने कहा, अंतरिक्ष एजेंसी 31 जुलाई तक पृथ्वी से जुड़े चार और अर्थ बाउंड मनूवर करेगी। इसके बाद एक अगस्त को ट्रांस लूनर इंसर्शन होगा। (शेष पेज 11 पर)

## अब इसरो ने शुरू की मिशन गगनयान की तैयारी




### गगनयान मिशन का लक्ष्य

एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा, मिशन गगनयान अब अपने प्रारंभिक चरण में है। गगनयान मिशन का लक्ष्य इंसानों को पृथ्वी के 400 किलोमीटर अंदर भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। गगनयान उसी एलवीएम-3 एम-4 रॉकेट का उपयोग करेगा, जिसका उपयोग चंद्रयान-3 को लॉन्च करने के लिए किया गया है। इसरो एलवीएम-3 एम4 रॉकेट लॉन्च करने को लेकर आश्वस्त है, जिसने सभी 7 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किये हैं। उन्नीकृष्णन नायर ने बताया कि गगनयान मिशन में पेलोड के अलावा मानव जीवन भी शामिल है। इसलिए इसरो गगनयान अंतरिक्ष मिशन में सुरक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। मानव को सुरक्षित अंतरिक्ष में भेजने और वापस लाने की प्रणाली विकसित करने पर प्रयोग चल रहे हैं। इसके लिए प्रक्षेपण यान में एक क्रू एस्केप सिस्टम जोड़ा जायेगा। क्रू एस्केप सिस्टम एक रॉकेट पर स्थापित एक विशेष प्रणाली है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाती है। इन प्रणालियों का उद्देश्य किसी भी विफलता की स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाना है। वर्तमान रॉकेट जिसका उपयोग उपग्रहों के पिछले प्रक्षेपणों के लिए किया गया था, उसमें वह प्रणाली नहीं है। चूंकि इसमें मानव जीवन शामिल है, इसलिए इस प्रणाली को प्रक्षेपण यान की तुलना में अधिक विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है। चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो काफी आश्वस्त है। अगर यह मिशन पूरी तरह सफल रहा तो इसरो धीरे-धीरे गगनयान के सपने की ओर चलना शुरू कर देगा।

# गारू के सुग्गा जल प्रपात में डूबने से दो युवकों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** रविवार को मेदिनीनगर से गारू के सुग्गा जलप्रपात में घूमने आये 9 दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आदित्य और अमन वर्मा के रूप में की गयी। स्थानीय बारेसांढ़ थाना के थाना प्रभारी ने सूचना मिलने के बाद शव को देर शाम निकलवाया। शव का पंचनाम कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गयी है।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई दल में बीरेंद्र खलखो, मुखराज यादव थे। उन्हें ग्रामीणों ने शव को निकालने में मदद की। ग्रामीणों ने बताया कि घूमने आये सभी दोस्त फाल में नहाने उतर गये थे। गहराई का अंदाजा नहीं मिलने के कारण वे लोग डूबने लगे। सात दोस्त तो किसी तरह बच निकले, पर दो युवकों की फॉल में डूबने से मौत हो गयी। दोस्तों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को निकाला।

### गिरिडीह के वॉटर फॉल में डूबने से युवक की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-धनबाद रोड स्थित वॉटर फॉल में रविवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक राजेश कुमार (28) बिहार के गया का रहने वाला राजेश दोस्त विक्की के साथ वाटर फॉल घूमने आया था।

# कांग्रेस का भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत आज ओरमांझी से

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ अभियान की शुरूआत आज रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड के पुराना डहू पंचायत से होगी। इसके पश्चात जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायत में अभियान को चलाया जाएगा। अभियान का समापन शिक्षक दिवस पर शिक्षकों सम्मानित करने के पश्चात 5 सितंबर को होगा।

इस संबंध में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि इस अभियान के तहत रांची जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारीगण एवं प्रखंड कमेटी के पदाधिकारीगण कांग्रेस जन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षकों, मजदूरों, किसानों एवं पत्रकारों के घर जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात को रखेंगे एवं आम जनों से संबंधित जन मुद्दों की बात को करेंगे। राकेश किरण महतो रविवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, प्रवक्ता डॉ इलियास मजिद, प्रवक्ता संजय सरैया, महासचिव आर्चना मिश्रा, सचिव रहमातुल्ला अंसारी आदि उपस्थित थे।

राकेश किरण महतो ने कहा कि अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए रांची जिला कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, प्रभारी, प्रखंड एवं मंडल के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस कार्यक्रम को व्यापक तौर पर जन-जन तक लेकर जाएं एवं केंद्र सरकार के गलत नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। राकेश किरण महतो ने कहा कि सरना कोड, ओबीसी आरक्षण में वृद्धि, मॉब लिंचिंग एवं 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति को केंद्र सरकार के इशारे पर लागू नहीं होने दिया जा रहा है। जनता को यह भी बताना है कि झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा 8.5 लाख प्रधानमंत्री आवास लंबित है, मनरेगा का केन्द्र का अंश नहीं दिया जा रहा है, राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 20 लाख नये लाभुकों को एफसीआई राशन मुहैय्या कराने से इंकार कर दिया है। केंद्र झारखंड से सौतेला व्यवहार कर रहा है।

## लोकसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सुदेश महतो ने कहा

# लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक में रखकर काम कर रही राज्य सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग/रांची। आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने राज्य की गठबंधन सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के काम और विकास के दावे सिर्फ सरकारी खंभों में लटके नजर आते हैं और इन सबके बीच सरकार कुछ ऐसा एजेंडा सेट करती है जिसमें जनता के बीच भ्रम, संशय और उलझन कायम रहे। झारखंड के मुद्दे, विचार, विषय और जनभावना से सरकार का कोई वास्ता नहीं है। यही वजह है कि जनता सरकार से नाखुश और निराश है। वे रविवार को हजारीबाग में आयोजित




लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता सिद्धार्थ शंकर राय समेत कई नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 को लेकर सबसे बड़े हिमायती होने का दंभ भरती रही, लेकिन उनकी गलत नीति की वजह से यह लागू नहीं हो पाया। दरअसल 1932 कांग्रेस और जेएमएम के लिए खुद का चेहरा बचाए रखने का राजनीतिक औजार है, लेकिन आजसू के लिए यह संकल्प और प्रतिबद्धता है।

आजसू प्रमुख ने शासन-प्रशासन के कामकाज पर जमकर हमला बोला। स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, सिंचाई पेयजल ग्रामीण विकास और कृषि के हालात पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी पसीना नहीं बहाया वे सत्ता की बागडोर संभाल रहे। जाहिर है वे राज्य का दर्द क्या जानेंगे। हमें अपने झारखंड को प्रयोग का नहीं उपयोग का और गतिमान बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। जिस वजह से पढ़ाई का स्तर गिर गया है। गरीब के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, लेकिन गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई नहीं मिलने के चलते उन सभी बच्चों का भविष्य अंधकार में है। गरीब बच्चों के भविष्य से यह सरकार खिलवाड़ कर रही है।

## राज्य को कुपोषण से मुक्त करने के लिए पहल करें : निदेशक

रांची। निदेशक समाज कल्याण भुवनेश प्रताप सिंह ने अति कुपोषित व मध्यम स्तर पर कुपोषित बच्चों के कुपोषण दूर करने के लिए उचित पहल करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। उन्होंने जिलावार इसके आंकड़े भी दिए हैं, जहां अति कुपोषित व मध्यम स्तर के कुपोषित चिंहित्त बच्चों की सूची है। निदेशक ने राज्य को कुपोषण के दुष्चक्र से मुक्त करने की दिशा में उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मई माह में कुपोषण दूर करने के लिए वृद्धि निगरानी सप्ताह का आयोजन किया गया था। इसमें पोषण ट्रैकर के अनुसार कुपोषण का स्तर बढ़ गया है। ऐसे में सितंबर माह में वृद्धि निगरानी सप्ताह मनाने का निर्णय हुआ है। निदेशक समाज कल्याण ने इस अवधि के बीच में कुपोषित बच्चों के कुपोषण दूर करने करने के लिए आवश्यक उपाय करने को कहा है। अनियिमा से पीड़ित बच्चों का उचित इलाज भी कराने को कहा है।

# मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों की बदौलत पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। यह बातें रांची महानगर जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में गरीबों, किसानों एवं वंचित वर्गों के लोगों के जीवन में खुशहाली आई है एवं भारत विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज रांची महानगर भाजपा कार्यालय में रोहित सिंह उर्फ रौनी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें सभी का पार्टी में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, महानगर भाजपा अध्यक्ष के के गुप्ता सहित उपस्थित नेताओं ने अंग वस्त्र एवं माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया।

**मोदी सरकार की उपलब्धियों का समर्थन कराया :** सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं कार्य कुशलता के कारण वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं जिसके कारण युवा पीढ़ी भी उन से प्रेरित होकर पार्टी से जोड़ने का काम कर रही है। विधायक सीपी सिंह ने युवाओं से पार्टी द्वारा जारी किए गए नंबर 90 90 90 20 24 पर मिस्ड कॉल करा कर मोदी सरकार की उपलब्धियों का समर्थन कराया। महानगर भाजपा अध्यक्ष के के गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम जीवन हो या संगठन हमारे लिए अनुशासित होना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि अनुशासित रूप से संगठन के नीति सिद्धांतों पर चलकर आप सभी युवा पार्टी की मजबूती के लिए काम करें एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक लेकर जाने का काम करें।

कार्यक्रम को महानगर महामंत्री वरुण साहू ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री बलराम सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अपर बाजार मंडल अध्यक्ष विनोद महतो ने किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, रोमित नारायण सिंह,पवन पासवान, मुकेश सिंह भी उपस्थित थे।

**इन्होंने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता :** पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से रोहित सिंह उर्फ रॉनी, रवि सिंह, विशाल कुमार, गौरव कुमार, बिपिन वर्मा, आदर्श सिंह, बंटी सिंह, अमित कुमार, आकाश सिंह, रौशन सिंह, रौशन टेटे, रंधीर वर्मा, पंकज सोनी, संदीप सोनी सहित सैकड़ों की संख्या युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली।

# भाजपा संगठन में संपर्क, संवाद, समर्पण व समरसता बढ़ाती है टिफिन बैठक : बाबूलाल

गिरिडीह जिले के तिसरी स्थित वर्णवाल धर्मशाला में मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में हिस्सा लिया



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह जिले के तिसरी स्थित वर्णवाल धर्मशाला में मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में हिस्सा लिया। मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि टिफिन बैठक हमारी कार्यपद्धति का अंग है। ऐसे ही छोटी छोटी बैठकों में संपर्क, संवाद और समर्पण के माध्यम से भाजपा सर्व व्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी बनी है। समाज में समरसता को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा से ही विकसित झारखंड के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। देश की बुनियादी सुविधाओं में गुणात्मक सुधार हो रहे हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही। स्वावलंबी भारत बनाने केलिए देश की युवाशक्ति को लगातार अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं झारखंड के सत्ताधारी नेताओं ने झारखंड को लूट खंड बना दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ की मजबूती के साथ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देश और प्रदेश में मजबूत भाजपा सरकार बनाने के लिए आह्वान किया।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा के आवेदन में त्रुटि हो तो सुधार करें : जेएसएससी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2022 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि 10 जुलाई को खत्म हो गयी है। लेकिन, अगर किसी अभ्यर्थी को अपने आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन करना है तो वो कल यानी 16 जुलाई से कर सकते हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अनुसार आवेदन में सुधार करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई निर्धारित है। आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटियों को ऑनलाईन कर सकते हैं। बताते चलें कि आवेदन जमा करने की तिथि पहले 30 जून निर्धारित थी।

**इसी माह हो सकती है लैब असिस्टेंट की परीक्षा :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने लैब असिस्टेंट परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। वैसे तो यह संभावित तिथि ही है, लेकिन जेएसएससी सूत्रों के मुताबिक परीक्षा इसी समय ली जाएगी। जेएसएससी के अनुसार लैब असिस्टेंट की परीक्षा जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में ली जाएगी। इस परीक्षा के लिए राज्य के छह शहरों में परीक्षा केंद्र होंगे। ये शहर रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद तथा देवघर हैं। परीक्षा की तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। परीक्षा तिथि घोषित होने के बाद एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकेगा।

**यहां होगी नियुक्ति :** चयनित उम्मीदवारों को राज्य के हाईस्कूलों में नियुक्त किया जाएगा। कुल पदों की संख्या 690 है। यह नियुक्तियां भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान विषय में की जाएगी। सभी विषयों में रिक्तियों की संख्या 230 है।

# मिशन 2024 से पहले ही भाजपा को बीच भंवर में डूबो देंगे बाबूलाल: डॉ एम तौसीफ

ये भी कहा– बाबूलाल जनता के बीच पहले ही अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं, जनता भाजपा के खिलाफ दिए उनके बयान को याद करती रहती है



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा है कि भाजपा टूटी हुई नाव पर सवार होकर दरिया पार करना चाहती है। बाबूलाल भाजपा को लोकसभा चुनाव 2024 के पहले ही बीच मझधार में डूबा देंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व में चुनाव जीतने की बात तो दूर है, उनके नेतृत्व में भाजपा ठीक से चुनाव लड़ भी नहीं पाएगी। इसके पीछे की वजह गिनाते हुए उन्होंने कहा कि, बाबूलाल जनता के बीच पहले ही अपनी विश्वसनियता खो चुके हैं, क्योंकि जनता भाजपा के खिलाफ दिए उनके बयान को याद करती रहती है, कि कैसे वे दिन-रात भाजपा को कोसते थे। बाबूलाल के पहले दिए एक बयान को दोहराते हुए तौसीफ ने कहा है कि बाबूलाल ने ही तो बयान दिया था कि भाजपा में जाने से अच्छा है कुतुबमीनार से कूद जाना या फिर हरिद्वार जाकर गंगा किनारे तपस्या करना ठीक है। उन्होंने कहा कि जनता बाबूलाल के इस बयान को भूली नहीं है। इससे आगे डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि, जनता में पहले ही विश्वसनीयता खो चुके बाबूलाल का खुद भाजपा के नेता ही साथ देने को तैयार नहीं है। ना तो अपना नेता ही मानने को तैयार हैं। ऐसे में 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का झारखंड में खाता खोलना भी मुश्किल होगा।

डॉ तौसीफ ने कहा है कि झारखंड की जनता का यहां के सांसदों से सवाल है कि केंद्र की योजना हर साल 2 करोड़ रोजगार, महंगाई पर लगाम के वादे कहां है। आदर्श गांव बनाने और किसानों से किए वादों का क्या हुआ। उन्होंने कहा है कि इन सवालों के जवाब देने के डर से सांसद अब अपने क्षेत्र में नजर नहीं आते हैं।

## बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है झामुमो : प्रतुल शाहदेव



रांची। भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के पदभार ग्रहण करने के दिन झामुमो द्वारा दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए पूरी पार्टी को बाबूलाल फोबिया से ग्रसित बताया। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा की झामुमो को बाबूलाल का डर सता रहा है। पहले स्पीकर के न्यायाधिकरण पर नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिलाने के मामले को साढ़े 3 वर्ष तक लटका कर रखा। वह भी तब जब चुनाव आयोग ने झाविमो के भाजपा में विलय को वैधानिक स्वीकार्यता दे दी थी। प्रतुल ने कहा की झामुमो के नेता बाबूलाल मरांडी के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति जानते हैं। इसीलिए इन्हें ये डर सताता है कि जब भाजपा सत्ता में आएगी तो मौजूदा महागठबंधन के भ्रष्टाचारी नेता जेल जाएंगे।

## केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान और गृह रक्षा वाहिनी के भवनों का होगा जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ₹6.78 करोड़ की लागत से केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान और गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा के 14 भवनों की मरम्मत होगी। गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी स्वीकृति दे दी है। मरम्मत का कार्य दो वर्षों में पूरा करना है। इस राशि के व्ययन पदाधिकारी डीजीपी गृह रक्षा वाहिनी होंगे। राशि की निकासी डोरंडा कोषागार से की जायेगी।

### जानें किस भवन की मरम्मत में कितनी राशि

| | |
|---|---|
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में बैरक नंबर 1 | 36.38 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में बैरक नंबर 2 | 36.37 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में बैरक नंबर 3 | 36.38 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में बैरक नंबर 4 | 36.35 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में गेस्ट हाउस | 34.43 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में शस्त्रागार भवन | 51.93 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में ए टाइप क्वार्टर | 60.55 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में बी टाइप क्वार्टर | 48.97 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में कैंटीन की मरम्मत और शौचालय का निर्माण | 30.38 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में कमांडेंट आवास 1 | 40.84 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में कमांडेंट आवास 2 | 23.20 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में प्रशासनिक भवन ब्लॉक ए | 87.79 लाख |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में प्रशासनिक भवन ब्लॉक बी | 1.13 करोड़ |
| गृह रक्षा वाहिनी धुर्वा में प्रशासनिक भवन ब्लॉक सी | 41.80 लाख |

## केंद्र की सत्ता पर अपनी मौजूदगी बनाये रखने के लिए भाजपा सक्रिय

# मिशन 2024: जनजातीय वोटर को साधने के लिए भाजपा ने खेला बाबूलाल मरांडी पर दांव

सत्येन्द्र



रांची। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद की बगडोर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 15 जुलाई को प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में विधिवत रूप से संभाल लिया। इस मौके पर निवर्तमान पद्रेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत समारेह में उपस्थित नेताओं को यह कहकर बाबूलल ने संकेत दिया कि लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में इस बार कमल खिलेगा। इसमें सबका सहयोग जरूरी है।

गौरतलब है कि मिशन 2024 को लेकर हो रही विपक्षी एकजुटता को देखते हुए केंद्र की सत्ता पर अपनी मौजूदगी बनाये रखने के लिए भाजपा आलाकमान ने एक रणनीति के तहत पूरे देश में चुनावी जीत हासिल करने लिए काम करना शुरू कर दिया है। पार्टी की नजर झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर है। इसी को देखते हुए भाजपा ने जनजातीय वोटरों को लुभाने के लिए झारखंड में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बड़ा दाव खेला है।

ज्ञात हो कि एकीकृत बिहार के समय से ही बाबूलाल मरांडी ने अपनी कुशल सांगठनिक दक्षता का परिचय दिया है। पार्टी ने साल 1996 में दक्षिणी बिहार यानी वनांचल भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। तत्कालीन समय में बाबूलाल मरांडी ने भी पार्टी को निराश नहीं किया और दक्षिणी बिहार की 14 लोकसभा सीटों में से 12 सीटों पर जीत दर्ज कर पार्टी की झोली में डाल दिया था। फिर 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ और भाजपा को 14 में से 11 सीटें मिली थीं। 1998 और 1999 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की दुमका सीट पर विजय रथ को लगातार दो बार रोक कर सुर्खियां बटोरी थीं।

### बाबूलाल मरांडी पर 26 फीसदी जनजातीय मतदाताओं को साधने की है बड़ी जिम्मेवारी

2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए बाबूलाल मरांडी को मिली ये जिम्मेदारी काफी अहम मानी जा रही है। झारखंड में 26 प्रतिशत वोटर जनजातीय समाज से है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस समुदाय के लिए आरक्षित 5 लोकसभा सीट में से तीन सीट पर जीत मिली थी और दो सीट पर हार। जिन तीन लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी उसमें जीत का अंतर काफी कम था। लोकसभा चुनाव के कुछ महीने के बाद ही झारखंड विधानसभा का चुनाव हुआ। जनजातीय समुदाय के लिए राज्य की 28 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं और भाजपा को मात्र दो सीटें ही मिलीं। इस चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने महसूस किया कि जनजातीय वोट को आकृष्ट किये बिना पार्टी का मिशन सफल नहीं होगा। यही वजह है कि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर जनजातीय वोटर को साधने का प्रयास किया है।

**बाबूलाल मरांडी को प्रथम मुख्यमंत्री का गौरव है प्राप्त :** वर्ष 2000 में बिहार से झारखंड अलग राज्य बना। बाबूलाल मरांडी की सांगठनिक दक्षता का ही प्रतिफल था कि अलग राज्य बनने के बाद जब कड़िया मुंडा को मुख्यमंत्री बनाने की बात चल रही थी तो पार्टी ने युवा बाबूलाल मरांडी पर भरोसा किया और राज्य की बागडोर उनके हाथों में दी। हालांकि–2004 में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झारखड में पटकनी खानी पड़ी। इसके बावजूद चुनाव में भी बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की लाज बचायी और सामान्य सीट कोडरमा से जीत दर्ज कर भाजपा की झोली में डालने का काम किया। इस चुनाव में भाजपा को मात्र एक सीट झारखंड में मिली थी। वर्तमान में केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए पक्ष और विपक्ष 2024 के आम चुनाव को लेकर संजीदा है। इसी को देखते हुए भाजपा ने बाबूलाल मरांडी पर बड़ा दांव खेला है।

## बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र

# झारखंड में अगले कुछ दिनों तक में बारिश की रहेगी अच्छी स्थिति

झारखंड में अबतक सामान्य वर्षापात के मुकाबले 42 प्रतिशत कम बारिश हुई

गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम और रांची के कुछ इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण झारखंड में अगले दो दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिणी और मध्य जिलों में अच्छी बारिश होगी। वहीं कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी जबकि गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम और रांची के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में झारखंड में मॉनसून की स्थिति अच्छी रहने वाली है।

इधर झारखंड में अबतक सामान्य से कम बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। मौसम विभाग से जारी आंकडों के अनुसार झारखंड में अबतक सामान्य वषार्पात के मुकाबले 42 प्रतिशत कम बारिश हुई है। धनबाद में 70 प्रतिशत, चतरा जिले में 69 प्रतिशत, जामताड़ा में 68 प्रतिशत, गिरिडीह में 65 प्रतिशत सामान्य से कम बारिश हुई है। वहीं लगभग 10 जिले ऐसे हैं जहां लगभग 50 से 55 प्रतिशत कम बारिश हुई है। झारखंड में अबतक 350 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए लेकिन अबतक 202 मिलीमीटर बारिश ही हुई है।

## बोआरीजोर के तत्कालीन सीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

रांची। गोड्डा जिले को बोआरीजोर प्रखंड के तत्कालीन सीओ देवराज गुप्ता पर विभागीय कार्यवाही चलायी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। देवराज गुप्ता अभी साहेबगंज के बरहरवा के अंचल पदाधिकारी हैं। उनके खिलाफ राजमहल खनि-समूह,ललमटिया की अधिग्रहित भूमि के वंशावली निर्गत करने में एक ही जमाबंदी को भिन्न-भिन्न वंशावली निर्गत करने, अपने अनियमित कार्यो से खनन कार्य को प्रभावित करने, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में रूची नहीं लेने, रिक्त ग्राम प्रधानों के विरूद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं करने, राजस्व वसूली की क्षति करने सहित कई आरोप हैं। उपायुक्त गोड्डा ने 23 सितंबर 2022 को ही उनके उपर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। प्रथम द्दष्टया जांच में आरोप प्रमाणित हुए। इसके बाद सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी को 15 दिनों के अंदर अपना बचाव-बयान देने को कहा गया है। जांच संचालन का जिम्मा सेवानिवृत आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार को दिया गया है।

स्पीड न्यूज

## सामुदायिक विद्यालय बारीगोड़ा में योगाभ्यास

**जमशेदपुर।** शिक्षा प्रसार केंद्र - टेल्को, जमशेदपुर द्वारा संचालित सामुदायिक विद्यालय- टेल्को ,बारेगोडा के विद्यालय परिसर में आज छात्र-छात्राओं के बीच विशेष रुप से योगाभ्यास की कक्षा का शुभारंभ हुआ । जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के लगभग 50 छात्र छात्राओं ने सफलतापूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विजेता कुमारी और खेल शिक्षक ने किया । योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रताप यादव ने किया । उन्होंने अपने उद्बोधन में दैनिक जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा योग भारतीय प्राचीन जीवन शैली है ।स्वस्थ जीवन के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। वर्तमान समय में अनियमित जीवनशैली के कारण लोग तरह-तरह के रोग से ग्रसित हो रहे हैं । उनसे छुटकारा पाने के लिए योगा आसन ही एकमात्र सहारा है । जिसका हर व्यक्ति को अनुपालन करना चाहिए। प्रधानाध्यापक ने योग कक्षा में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और योग शिक्षक को अपनी शुभकामना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं का भी विशेष योगदान रहा ।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया पौधरोपण

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर, मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रवीण गोयल जी के सम्मान में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस अवसर पर, स्टील सिटी शाखा ने आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में वृक्षारोपण का आयोजन किया है। इस वृक्षारोपण के द्वारा हमने अपने अनुयायों के बीच पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देने का संकल्प जताया है। इस वृक्षारोपण के दौरान, हमारे शाखा के अध्यक्ष श्री मोहित मुनका जी ने एक प्रमुख भूमिका निभाई है। उनकी मार्गदर्शन में हमने 21 वृक्षों को धरती माता को समर्पित किया है। हमें गर्व है कि हमारे संगठन के सदस्यों ने अपने कर्तव्य को निभाते हुए इस उपलक्ष्य में अपना योगदान दिया है। हमारे शाखा के सचिव श्री सौरव सोनथालिया जी ने भी इस सामरिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया है। उनकी सभी कोशिशों के लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहित मूनका, सचिव सौरव संथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पायल संथालिया, अक्षज संथालिया ,रवि केजीरवाल आदि ने अपना योग्यदान दिया।

## कावंरियों के लिए लगाया सेवा शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी उलीडीह मंडल के द्वारा मानगो हीरा होटल के समीप शिविर के माध्यम से आज विकास सिंह के नेतृत्व में बाबा बैजनाथ सेवा संघ के बैनर तले नि:शुल्क कावर यात्रा में शामिल कांवरियों के बीच 500 बोतल पानी , 50 किलोग्राम ग्लूकोन डी, 300 पैकेट इनो, 300 डब्बा नाइसिल पाउडर एवम जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा उलीडीह मंडल के अध्यक्ष श्री अमरेंद्र पासवान जी, महामंत्री राकेश सिंह लोधी जी, राहुलं कुमार, संदीप शर्मा, जीतू गुप्ता, बच्चू मुखर्जी, अजय लोहार, अनिल गुप्ता, पंकज शर्मा अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोल बम के उद्घोष और शंख गर्जना के साथ एक हजार कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज रवाना

## जमकर हुई आतिशबाजी, बोल बम से गूंजा पूरा मानगो, हर जन्म मुझे ऐसी सेवा करने का सौभाग्य दें बाबा बैद्यनाथ : विकास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बाबा बैधनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित निशुल्क कांवर यात्रा का जत्था 1000 कांवरियों के साथ मानगो के हीरा होटल के समीप दुर्गा पूजा मैदान से सुल्तानगंज के लिए रवाना हो गया । सर्वप्रथम कांवर यात्रा में पहली बार शामिल हो रहे सोनारी और कदमा के कांवरिया प्रातः 11:00 कदमा के तरुण संघ में एकत्रित होकर गाजे-बाजे के साथ कदमा रंकनी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मानगों के लिए प्रस्थान किए । मानगो के हीरा होटल के समीप दुर्गा पूजा मैदान में पीली टोपी और पीली गंजी में मौजूद कांवरियों का उत्साह देखने को बन रहा था । कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहितों के द्वारा शंख बजाकर एवं यात्रा मंगलमय हेतु मंत्रोच्चारण कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से एक ही विनती है कि प्रत्येक जन्म में ऐसे ही सेवा करने का सौभाग्य मिले बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से 2017 में 151 लोगों के साथ यात्रा की शुरुआत की गई थी वैसे जरूरतमंद लोग जो सावन के पावन माह में बाबा बैद्यनाथ को सुल्तानगंज से जल भरकर अर्पण करना चाहते हैं लेकिन किसी भी कारण से वह नहीं जा पाते हैं ऐसे लोगों को चयनित कर पूरी सुविधा निशुल्क देकर कांवर यात्रा में ले जाने का कार्य किया जा रहा है । 2018 में 351 लोग सुल्तानगंज संघ के द्वारा ले जाए गए थे 2019 में 501 लोगों का जत्था सुल्तानगंज जमशेदपुर से गया था कोविड-19 के कारण 2 वर्ष यात्रा पूरी तरह बंद थी कोविड-19 के बाद 2022 में 700 शिवभक्तों को कांवर यात्रा में ले जाने का कार्य किया गया था इस बार पहली बार सोनारी और कदमा के भी शिव भक्तों को यात्रा में शामिल कर कुल 1000 लोगों को ले जाने का कार्य किया जा रहा है ।विकास सिंह ने बताया सावन माह की दूसरी सोमवारी के दिन हम सभी कांवरिया सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा से जल भर कर बाबा नगरी के लिए प्रस्थान करेंगे ।



विकास सिंह के नेतृत्व में सुल्तानगंज रवाना होते कांवरिये।

रात्रि का पहला पड़ाव असरगंज के शिकारी धर्मशाला में होगा जहां सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन संघ के द्वारा किया जाएगा । दूसरे दिन दोपहर का पड़ाव कुमारसार नदी के पूर्व मुखिया जी के मठ में होगा , रात्रि का पड़ाव जिलेबिया पहाड़ के ऊपर अन्नपूर्णा धर्मशाला में रखा गया है । तीसरे दिन दोपहर के समय का पड़ाव सुईया पहाड़ के ऊपर कमरथुवा धर्मशाला में और रात्रि का पड़ाव अबरखिया के बंका जी धर्मशाला में होगा । चौथे दिन शिवभक्त इनारावरण के भूतनाथ धर्मशाला में विश्राम कर बाबा नगरी के लिए प्रस्थान करेंगे बाबा नगरी पहुंचने के बाद बाबा को जल अर्पण करने के बाद मारवाड़ी कांवर संघ में विश्राम करने की व्यवस्था की गई है सभी कांवरिया जब जल अर्पण कर लेंगे उसके बाद बस के माध्यम से बाबा बासुकीनाथ धाम जाकर पूजा अर्चना कर जमशेदपुर वापस लौटेंगे । पूरे सप्ताह चलने वाले इस कांवर यात्रा में जमशेदपुर से ही सारी सुविधा ले जाने का कार्य बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा किया गया है, जत्थे के प्रत्येक पड़ाव में सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें जमशेदपुर खड़गपुर एवं आसनसोल के कलाकार झांकी और भजन प्रस्तुत करेंगे । पूरे यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल लोगों के स्वास्थ्य तो दवाइयां एवं डक्टर की व्यवस्था की गई है जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो , रास्ते में लोगों को विश्राम करने में असुविधा ना हो इसके लिए जमशेदपुर से ही बड़ा जनरेटर सुल्तानगंज भेज दिया गया है। सभी कांवरियों को पहचान पत्र एवं टोपी और पीली गंजी उपलब्ध कराए गए हैं जिससे उनका बिछड़ाव जत्थे से ना हो पाए । आज के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शामिल शिवभक्त ढोल नगाड़ों एवं शिव धुन के बीच झूमते गाते डिमना रोड होते हुए बस एवं छोटी गाड़ी के माध्यम से सुल्तानगंज रवाना हुए जमकर आतिशबाजी की गई और बोल बम के नारों से पूरा मानगो गूंज उठा । यात्रा की शुरुआत सोनारी भूतनाथ मंदिर से शुरू हुई सोनारी भूतनाथ मंदिर में सोनारी भक्त प्रसाद ग्रहण कर बाबा भूत नाथ की पुजा अर्चना कर मानगो प्रस्थान किया , कदमा के शिव भक्त तरुण संघ में एकत्रित होकर प्रसाद ग्रहण कर पैदल गाजे-बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस की शक्ल में बोल बम के नारों के साथ रंकनी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मानगो प्रस्थान किया । मानगों के हीरा होटल के सामने स्थित दुर्गा पूजा मैदान में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर शिव भक्तों ने भजन एवं झांकी का भरपूर आनंद लेते हुए शिव भजन पर जमकर झूमते हुए बोल बम के नारे लगाए ।

हीरा होटल मैदान से हजार शिव भक्तों का सैलाब पैदल मानगो गोलचक्कर होते हुए चेकपोस्ट पहुंचा जहां बस में सवार होकर सभी कांवरिया सुल्तानगंज के लिए रवाना हो गए । कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी उलीडीह मंडल, स्वर्गीय अवधेश सिंह अखाड़ा के लाइसेंसी पप्पू सिंह एवं युवा नेता अश्वनी सिंह के द्वारा कांवरियों के लिए सहायता शिविर लगाया गया था जहां लोगों के बीच ठंडा पेयजल, फ्रूटी ,जलजीरा, गुलकान डी, बिस्किट, चाय एवं दवाइयों का वितरण किया गया ।

### ये लोग थे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास सिंह, ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, पोटका की पूर्व विधायिका मेनका सरदार घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, सेवानिवृत्त डीआईजी राजीव रंजन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह,राजकुमार श्रीवास्तव, राजेश शुक्ला, कल्याणी शरण, शिव शंकर सिंह, निर्भय सिंह,चितरंजन वर्मा, नीरू सिंह, कुलवंत सिंह बंटी ए पी सिंह अशोक चौहान विमल बैठा प्रोफेसर यूपी सिंह ,नीरू सिंह ,अमरिंदर पासवान ,राजेश साहू ,सूरज नारायण ,प्रशांत पोद्दार, मनोज सिंह, प्रोफेसर राजीव कुमार, अभिमन्यु प्रताप सिंह ,अमरजीत सिंह राजा, रामविलास शर्मा, चंदन सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, जोगेश्वर ठाकुर, राजेंद्र राम, गिरीश सिंह, शिव अग्रहरी, कैलाश बिरुआ, समेश्वर मुर्मु, अजय लोहार, संदीप शर्मा ,राकेश लोधी, विजय सोए, दीपक सुंडी, जीतू गुप्ता, राकेश चौबे ,चंदन चौबे, मनोज शर्मा, राहुल यादव सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित हुए ।

# टाटा शहर को समग्र जलापूर्ति योजना का ब्लूप्रिंट तैयार

## विधायक सह पर्यावरणविद् सरयू राय ने तैयार किया है ब्लूप्रिंट

- कल प्रोजेक्ट भवन में बैठक की अध्यक्षता करते हुए रखेंगे ब्लूप्रिंट
- चांडिल डैम से पाइप के जरिए डिमना लाया जाये स्वच्छ पानी, वहां से पूरे जमशेदपुर में हो जलापूर्ति
- सतनाला डैम प्रोजेक्ट से भी जलापूर्ति का दिया सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** यह पहली बार है जब स्वर्णरेखा नदी में जल स्तर कम होने एवं जलकुंभी के चलते जल प्रवाह बाधित होने के चलते टाटा स्टील यूआइएसएल ने स्वीकार किया कि वह पेयजल की गुणवत्ता बनाये रखना उसके लिए मुश्किल हो रहा है। यह भी पहली बार कि बगान एरिया में मोहरदा की तरह कीड़ायुक्त गंदा पानी तीन दिनों तक आपूर्ति होते रहा। कंपनी द्वारा इस समस्या को उजागर किये जाने के बाद पर्यावरणविद् सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर शहर की सघन एवं बड़ी आबादी के लिए एक समग्र जलापूर्ति योजना सुझाव रिपोर्ट तैयार किया है। विधायक सरयू राय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि जमशेदपुर में गहराते जा रहे पेयजल संकट का समाधान छोटे मोटे सामंजस्य बैठाने के तात्कालिक उपायों से नहीं होगा। इसके लिए एक व्यापक एवं समन्वित दीर्घकालिक उपाय पर अमल करना होगा. कल तक हम नदी के जल प्रवाह में कमी आ जाने के कारण मोहरदा पेय जलापूर्ति परियोजना से स्वच्छ पानी देने की कठिनाई से जूझ रहे थे। आज यह संकट जमशेदपुर के टाटा लीज क्षेत्र की पेय जलापूर्ति पर खड़ा हो गया है। यह एक गंभीर संकेत है जिस पर गौर करने की जरुरत है। पहले टाटा स्टील की कंपनी जुस्को और अब टीएसयूआईएसएल जमशेदपुर में पीने का पानी दे रही हैयह कंपनी मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना भी चला रही है. जमशेदपुर में पेयजल आपूर्ति में अशुद्धियाँ दिखने का जो संकट यह कंपनी अभी देख रही है उसका बेहतर अनुभव इसे मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना चलाने में होते रहा है। मोहरदा का संकट अब पूरे जमशेदपुर पर छा गया है। यही संकट बागबेड़ा, जुगसलाई आदि पर भी आने वाला है। विधायक ने बताया कि अपनी यह अवधारणा परसों 18 जुलाई को राँची में सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा वर्तमान मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के सुदृढ़ीकरण और इसके विस्तार के लिए इसका फेज-2 क्रियान्वित करने पर विचार करने के लिए बुलाई गई बैठक में रखूँगा।

### सरयू राय के महत्वपूर्ण सुझाव

1. औद्योगिक जलापूर्ति नदियों से सीधे पानी खींचकर किया जाए ।
2. पेयजल आपूर्ति के लिए चांडिल डैम से रोजाना उतना पानी डिमना लेक मे डाला जाए जितना की जरूरत जमशेदपुर और समीपवर्ती क्षेत्रों लिए है तथा डिमना लेक से यह पानी पाईप के माध्यम से पेयजल के लिए आपूर्ति किया जाए।
3. सतनाला डैम पर भी पेयजल आपूर्ति संरचना खड़ा की जाए।
4. चांडिल डैम से स्वर्णरेखा को जिंदा रखने के लिए सतत निर्धारित पर्यावरणीय प्रवाह छोड़ा जाए।
5. जमशेदपुर के लिए नाला आधारित विकास योजना बने. नालों की सेहत ठीक रखा जाए और नदियों में गिरने के पहले उनके दूषित जल की सफाई की जाए।
6. सिवरेज सिस्टम को शहरीकरण का अनिवार्य अंग बनाया जाए।
7. उपयोग किए गए जल का पुनः चक्रीकरण किया जाय।
8. टाटा स्टील और झारखंड सरकार की एक संयुक्त समिति औद्योगिक जल एवं पेयजल आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए बने।

## जुबली पार्क से शुरू हुई 'आओ मिलकर पढ़ें' की शुरुआत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पढ़ने की संसति को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फर वलंटरी एक्शन युवा और फेसबुक ग्रुप जे एम पी की नई पहल हुई । सार्वजनिक स्थल जुबली पार्क में सामूहिक रूप से किताब पढ़ने के लिए आज 15 लोग जुटे। वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि लोग मोबाइल के कारण किताबों से दूर हो रहे हैं। इसलिए यह पहल की गई है। हम अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि खुद भी पढ़ें और बच्चों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। यह सांकेतिक पहल लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। यह कार्यक्रम हर महीने तीसरे रविवार को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में युवा के संस्थापक एवं टांगराईन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने कहा कि नहीं पढ़ने के कारण लोगों में सोचने की शक्ति कम हो रही है। सृजन क्षमता घट रही है।, कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार ,मनविंदर कौर ,सुभोजित घोष, अर्पिता श्रीवास्तव, जे एम पी की नीता बोस आदि उपस्थित थे।

## 21 अगस्त को गांधी मैदान में शिव भक्तों को झुमायेंगी लोक गायिका देवी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जय महाकाल सेवा संघ जमशेदपुर के द्वारा आज मानगो बड़ा हनुमान मंदिर के सभागार में सावन महोत्सव 2023 के निमित एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जमशेदपुर के विभिन्न सामाजिक, संस्था से जुड़े लोग, राजनीतिक और कई क्षेत्रों में काम कर रहे लोग शामिल हुए। बैठक की शुरुआत पिछले वर्ष हुए कार्यक्रम की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा और सभी से मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। सभी लोगों ने अपने सुझाव और कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर अपना सुझाव दिया। अंत में जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने संबोधित करते हुए आए हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी जय महाकाल सेवा संघ द्वारा मानगो में सावन महोत्सव मनाया जाएगा मगर पिछले वर्ष कार्यक्रम में भक्तों की संख्या को देखते हुए इस बार सावन महोत्सव का आयोजन मानगो गांधी मैदान में किया जाएगा। इस भजन संध्या में जमशेदपुर में महाकाल के भक्तों को सुप्रसिद्ध भजन गायिका देवी अपनी भजनों झुमाएंगी। साथ ही सुबह में रुद्राभिषेक और भोग वितरण भी किया जाएगा। इस बैठक में मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, दसरथ चौबे, नित्यानंद सिन्हा, शंकर रेड्डी, मनीष पाण्डेय, अरुण सिंह, विजय तिवारी, नितिन त्रिवेदी, अशोक चौहान, सुनील सिंह, डक्टर राजीव, पुरषोत्तम मिश्र, सुशील पाण्डेय, दीपक तिवारी समेत सकड़ों लोग मौजूद रहे।




तैयारी बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह।

## खबर एक नजर में

### मारुती सुजुकी ने 24 तथा टाटा एडवांस सिस्टम ने 19 छात्र-छात्राओं को किया लॉक

**जमशेदपुर।** आईडीटीआर जमशेदपुर में मारुती सुजुकी गुड़गांव, टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद , एएसबी इंटानेशनल मुम्बई तथा आरएसबी जमशेदपुर ने चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग के पास आउट छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राईव चलाया ।इस दौरान पांच लाख बीस हजार रूपए के पैंकेज के साथ मारुती सुजुकी ने 24 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए लगातार तीसरी बार मारुती सुजुकी ने आईडीटीआर में कैंपस ड्राईव चलाया है। इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष की भांति टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद ने भी कैंपस ड्राईव चलाकर करीब तीन लाख के पैकेज पर 19 छात्र-छात्राओं का चयन किया। इसी वर्ष टाटा एडवांस सिस्टम ने चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग के इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए भी 43 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। एएसबी इंटानेशनल मुम्बई भी प्रत्येक वर्ष आईडीटीआर जमशेदपुर से छात्र-छात्राओं का चयन करती है। इस संदर्भ में आईडीटीआर जमशेदपुर के प्लेसमेंट इंचार्ज सुमीत सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में बच्चों का सेशन समाप्त होते ही प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। अब तक मारुती सुजुकी, टाटा एडवांस सिस्टम , एएसबी इंटानेशनल तथा आरएसबी जमशेदपुर का कैंपस डाईव हो चुका है जबकि दर्जनों कंपनियां प्रतीक्षारत है। एएसबी इंटानेशनल तथा आरएसबी जमशेदपुर का रिजल्ट आते ही अगली कंपनी का सिड्यूल बनाया जाएगा।



इंडो डेनिस टूल रूम का कैंपस।

### मकदुमपुर इलाके में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं सहायता शिविर का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर।** पिछले कुछ दिन पूर्व परसुडीह के मकदुमपुर में बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी जिसमें पूरा गांव डूब चुका था। इस भयावह स्थिति एवं बीमारी एवं संक्रमण होने की संभावना को देखते हुए सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन, सैल्यूट तिरंगा, रोटारैक्ट क्लब अफ स्टील सिटी एवं फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड राज्य के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री ड दिनेश कुमार षड़ंगी जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं सहायता शिविर का आयोजन पश्चिमी कालीमाटी पंचायत भवन जयप्रभा नगर गोलपहाड़ी में किया गया। रविवार को आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, मुखिया अरुण एक्का, सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 305 से अधिक लोगों ने जांच करवाई। शिविर की विशेषता रही कि यह विशेष तौर पर फोर्टिस अस्पताल कोलकाता टीम के सदस्य फिजिशियन- डा एस सिंह, डेंटल- डा.पंकज कुमार, फिजियोथेरेपी- डा.साह और डा.सुनील,कैंप मैनेजर- बिकेश सिन्हा, फोर्टिस हस्पिटल, कोलकाता बीपी शुगर तकनीशियन- जमाली, संयोजक राजकपूर प्रसाद, बच्चे डा विजय कुमार, आई एएसजी आई हस्पिटल साकची, जुगसलाई स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम एवं आई टीम रोगियों की जांच के लिए मौजूद थे और साथ ही आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन का भी निशुल्क 100 से अधिक लोगों का बनाने का कार्य किया गया।

### लोयोला जूनियर का 64 वां वार्षिक समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल जूनियर सेक्शन का 64 वां वार्षिक समारोह गत शनिवार को संपन्न हो गया और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्त करते हुए प्रिंसिपल फादर विंसेंट विनोद फर्नांडीस ने कहा कि किताबी शिक्षा के साथ ही मानवीय मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, सहकारिता, प्रेम, सद्भावना पर जोर दिया जाता है। उन्होंने सेंट इग्नेशियस और भारतीय दर्शन वसुधेव कुटुंबकम का मूल्य आदर्श का जिक्र करते हुए कहा कि शांति सद्भावना ही पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में परिणत करता है। 25 वर्ष की लंबी सेवाओं के मद्देनजर टीचर कविता गाबरी एवं टीचर रितु अस्थाना को जुबिली अवार्ड से सम्मानित किया गया .179 मेधावी विद्यार्थियों के साथ ही छात्रा पा भाटिया को एसपी दुबे मेमोरियल, आर्यन को चित्र जीत घोष मेमोरियल अवर्ड तथा अधिराज मित्रा को बेस्ट स्पोर्ट्स स्टूडेंट का अवार्ड दिया गया। समारोह की शुरुआत रेक्टर केएम जोसेफ के प्रार्थना से हुई। बच्चों को प्रिंसिपल विनोद फर्नांडीस, कर्डिनेटर फादर जेराल्ड रवि डिसूजा,वाइस प्रिंसिपल विनीता एक्का, वाइस प्रिंसिपल जय श्री शेषाद्री ने पुरस्त किया। इसका संचालन टीचर दीपिका मुखर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रिंसिपल विनीता एक्का के द्वारा हुआ। इस मौके पर एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### हरी भज ले, हरी भज ले, हरी भजने का ए मौका है ...

**जमशेदपुर।** श्री राममंदिर टेल्को में रविवार को श्रीरामकथा के तीसरे दिन आचार्य नीरज मिश्रा जी ने रामकथा के व्यख्यान के दौरान कहा -जीवन की सबसे श्रेष्ठतम गति है प्रभु के चरणों में शरणागत। एक बार शरणागत हो जाने के बाद जीवन का संपूर्ण दायित्व प्रभु का हो जाता है,फिर जीवन मे सोचने के लिए रह ही नही जाता ।जीवन की सारी व्यवस्था प्रभु की जिम्मेवारी हो जाती है करना ।इससे सहज कोई मार्ग नहीं दिखता ।मनुष्य की स्थिति ऐसी हो जाती है जैसे जिमी बालक राखे महतारी,जैसे मां बच्चे को रखती है वैसे प्रभु शरणागत को रखते है। इस आध्यात्मिक प्रवचन रामकथा का श्रवण करने के लिये तीसरे दिन भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें। कथा के अंत मे सामूहिक श्रीरामायण जी की सामूहिक आरती के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री राममन्दिर समिति टेल्को के महामंत्री चन्द्रभान सिंह, ष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय,नरेंद्र कुमार सिंह(हैप्पी), शैलेंद्र कुमार सिंह,पुरोहित जीवानंद मिश्र,कामेश्वर सिंह,अरुण कुमार सिंह,राजेश भोजपुरिया,राजेश पाण्डेय,राकेश कुमार सिंह,वेंकट राव,एस के मिश्रा , मनंजय पाण्डेय, अभय पांडेय इत्यादि लगे हुये है।

### मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला शुरू

**जमशेदपुर।** रविवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ हुआ, जो मंगलवार 18 जुलाई तक चलेगा। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। रविवार को मेला का विधिवत उदघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर कथावाचक परम पूज्य सीताराम शास्त्री ने किया। मौके पर आयोजकों ने परम पूज्य सीताराम शास्त्री को स्मृति चिन्ह तथा अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने बताया कि मेले मे टोटल 51 स्टल लगे हैं। महिलाओं को सशक्त करने हेतु यह मेला विगत 30 वर्षों से निरंतर लगाया जा रहा हैं। हर साल की तरह इस साल भी मेले में एक ही छत के नीचे जमशेदपुर सहित चाईबासा, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों की महिलाएं अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आयी हैं।

# इंटक दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन : राकेश्वर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंटक का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन निर्मल गेस्ट हाउस प्रेक्षागृह में संपन्न हुई, मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडे जी थे विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्वी सिंहभूम के उप श्रम आयुक्त श्री राजेश प्रसाद जी एवं भविष्य निधि के सहायक आयुक्त श्री एरिक लकरा जी उपस्थित हुए, विशेष अतिथि के रूप मे अल इंडिया कांग्रेस के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव श्री संजय पांडे जी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट श्री सुनील सिंह जी, टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री श्री आरके सिंह जी, अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह तोते जी उपस्थित थे सभा को संबोधित करते हुए उप श्रम आयुक्त श्री राजेश प्रसाद ने कहा हर संभव हम मजदूरों को उसका हक दिलवाने का प्रयास करते हैं इसलिए आज इंटक के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होकर मजदूरों को बताना चाहते हैं यदि आपके साथ अत्याचार होता है तो आप कभी भी हमसे मिल सकते हैं एरिक लकरा द्वारा भविष्य निधि के सहायक आयुक्त द्वारा प्रोविडेंट फंड से संबंधित समस्या के समाधान के बारे में बताया गया, मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडे जी ने कहा इंटक पूरी दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है और आज इंटक असंगठित क्षेत्र काम कर रहा है पूरे देश में आने वाले समय में सारे मजदूर नेताओं के लिए चुनौती आने वाला है उसमें आगे बढ़ कर हमें मजदूरों के हित में काम करना है कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष श्री राजेश सिंह राजू जी के द्वारा किया गया स कार्यक्रम को उप श्रम आयुक्त श्री राजेश प्रसाद, भविष्य निधि के सहायक आयुक्त एरिक लकरा, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह तोते जी, महामंत्री श्री आरके सिंह जी, कार कंपनी यूनियन के महामंत्री से पंकज सिंह जी, उपसभापति श्रीकांत सिंह, जी केपी तिवारी जी , महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा जी, तीनप्लेट यूनियन के महामंत्री मनोज सिंह जी, उपसभापति परविंदर सिंह सोहेल जी, इंटर कोल्हान के प्रभारी राणा सिंह जी, इंटक जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह जी, जी एन चौबे जी, श्रीमती देविका सिंह जी, श्रीमती उषा सिंह जी, शिखा चौधरी जी, मीरा तिवारी जी, चंदा सिंह जी,लक्ष्मी देवी , चांदनी तिवारी जी, देव कुमार जी, सुमित अग्रवाल जी, रोशन सिंह, अभिषेक कुमार जी, मनीष सिन्हा जी, अभिषेक सिंह जी, आनंद कुमार जी, रजनीकांत मिश्रा जी, पिंटू श्रीवास्तव जी, रवि उपाध्याय जी, केके राजू जी, अक्षत सिंह राजपूत, सुशांत सिंह जी, शुभम कुमार, उषा कुमारी तान्या गौड़, सरिता कुमारी, प्रभावती देवी, सुनीता देवी, दीपमाला देवी, शांति देवी आदि उपस्थित थे।




सम्मेलन में उपस्थित राकेश्वर पांडेय व अन्य मजदूर नेता।

## स्पीड न्यूज

### टेंपो में संदिग्धावस्था में मिला युवक का शव, पुलिस जुटी छानबीन में

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमा कला गांव के टोला बरवाडीह से संदिग्धावस्था में एक युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु एमएमसीएच भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह सड़क किनारे खड़े एक टेम्पु में लोगों ने शव देखा। शव टेम्पु के पिछले सीट पर पड़ा हुआ था और उसके गले में एक रस्सी का फंदा भी पड़ा हुआ था जिसका दूसरा सिरा टेम्पु के हुड से बंधा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ रायगढ़ निवासी हीरनाथ मांझी (22) के रूप में हुई है। मृतक बोरवेल गाड़ी पर कार्य करता था। रेहला थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। वैसे पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

### मंडल भाजपा का टिफिन कार्यक्रम संपन्न



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय भाजपा कार्यालय में रविवार को महासंपर्क अभियान तहत टिफिन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकर्ता अपने घरों से टिफिन लेकर कार्यक्रम में शामिल थे। साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष बल्लु बलराम ने की तथा संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सिकेन्द्र पासवान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना मेहता,अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष अरविंद पासवान, टंटु मिश्रा,सोशल मीडिया संयोजक अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार,सत्येन्द्र पासवान , पुर्व बीस सुत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामपुकार सोनी, पुकार कुमार,लखन साव, रामाशीष यादव, राजेश दास, कृष्णा शौंडिक, भीमसेन शर्मा, मुन्ना जायसवाल,पवन कुमार,विकास कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गोली चलाने वाला शख्श गिरफ्तार

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव में जमीनी विवाद में गोली मारकर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । चैनपुर थाना केस संख्या 231/2022 में फरार अभियुक्त मनोज दूबे को शनिवार को चैनपुर थाना पुलिस ने पूर्वडीहा गांव से गिरफ्तार कर लिया है । चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर घटना घटी थी। पुलिस छापेमारी कर फरार अपराधी मनोज दूबे को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि विगत 9 अक्टूबर 2022 को पूर्वडीहा गांव में जमीन बंटवारे को लेकर आपस में सभी गोतिया लोग एक बैठक का आयोजन किये थे। जिसमें आपसी बातचीत चल रही थी कि अचानक मनोज दूबे ने जान मारने की नियत से विमल दूबे को टारगेट करके गोली चला दिया । पहला गोली विमल दूबे के बगल से पार हो गई लेकिन दूसरी गोली विमल दूबे के पैर में लगी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया । चिकित्सकों ने उसे रांची रेफर कर दिया था। रांची के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान विमल दूबे का पैर काटना पड़ा ।

### विहिप समिति का विस्तारीकरण



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ पंचायत के राम जानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला धर्म प्रसार प्रमुख अंकित हिंदू और संचालन जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद सुआ पंचायत समिति का गठन किया गया। ज्ञातव्य है कि 15 जुलाई से 05 अगस्त तक विश्व हिंदू परिषद के द्वारा पूरे देश में विस्तारीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद पलामू जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने विस्तारीकरण कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पांच पंचायतों में नई समितियों का गठन और साथ ही अन्य सात पंचायतों में पुनर्गठन _सह विस्तारीकरण अभी तक किया जा चुका है। विस्तारीकरण में विश्व हिंदू परिषद के सुआ पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, मंत्री नेहरू प्रसाद, धर्म प्रसार प्रमुख छोटेलाल सिंह, मठ मंदिर प्रमुख आदित्य कुमार विश्वकर्मा, सत्संग प्रमुख नीतीश कुमार विश्वकर्मा, तथा, बजरंग दल संयोजक नीतीश कुमार, सह संयोजक अभिषेक कुमार सिंह, सह संयोजक महाशय कुमार सिंह, बलोपासना प्रमुख अरविंद कुमार विश्वकर्मा, और विद्यार्थी प्रमुख के रूप में जितेंद्र कुमार सिंह को मनोनित किया गया। बैठक में जिला धर्म प्रसार प्रमुख अंकित हिंदू, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद, अनुज कुमार हिंदू, और सोनू कुमार विश्वकर्मा शामिल थे।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक



**पाटन पलामू।** प्रधानमंत्री के नौ वर्ष पुरा होने के उपलक्ष में 9 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर पाटन मंडल के सतौवा के पंचायत भवन सचिवालय में मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ भोजन पर परिचर्चा (टिफिन) बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया । विधायक पुष्पा देवी ने केंद्र सरकार के कार्यों को बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता इसे लोगों तक पहुंचायें। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का नाम रौशन हुआ है। बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, वशिष्ठ पांडे, अशोक तिवारी, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, भाजपा मंडल पाटन महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, पाटन मंडल उपाध्यक्ष कामता सिंह, मंत्री आनंद सिंह, अर्जुन तिवारी, पशुपतिनाथ शर्मा, पूनम देवी, पाटन मंडल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह, पड़वा मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह, मंडल उपाध्यक्ष वशिष्ठ मेहता, विवेक कुमार पांडेय, बबल प्रसाद, जमुना प्रसाद,ओम प्रकाश पांडेय, बबलू कुमार सिंह,जालंधर यादव, प्रमोद कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।

# मैं जिस मुहिम को लेकर चला हूं, वह आपसबों के बिना पूरी नहीं हो सकती : ज्ञानशंकर

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का 13वां बैठक होटल शिवाय ब्लू में जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती एवं गांव स्तर पर मजबूती प्रदान करने समेत विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री अरबिंद गुप्ता ने कमिटी विस्तार करते हुए लोगों के नामों का घोषणा कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि झारखंड ही नहीं पूरे देश में वैश्य समाज के विभिन्न जातियां हैं जो विभाजित हैं उन्हें समेटकर एक मंच पर लाने की जरूरत है। आज वैश्य समाज किसी भी क्षेत्र में अपने आप में कमजोर नहीं है। यदि कमजोर है तो वह संगठित रूप से है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर प्रयास करना है कि वैश्य समाज को जागरूक करते हुए एक मंच पर लायें। तभी जाकर हमारी उपस्थिति मजबूती के साथ राजनीतिक, सामाजिक रूप से हो पायेगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मैं जिस मूहिम को लेकर चला हूं वह मुहिम आपसबों के बिना सफल नहीं हो सकता है। शंकर ने कहा कि जितना समय हम एक दूसरे के बुराई करने में लगाते हैं यदि उतना ही समय संगठन को मजबूत बनाने में, कमजोर वर्ग को सहायता करने में लगाने का कार्य करें तो वैश्य समाज मजबूती के साथ खड़ा हो जायेगा। उन्होंने वैश्य समाज के गरीब, कमजोर व लाचार वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए एक कोष गठन करने का घोषणा किया। जिसमें उन्होंने एक लाख एक रूपये दान देने की घोषणा किया। इसी प्रकार समाज के संपन्न लोगों से आग्रह किया कि वैश्य समाज को आगे बढ़ाने के लिए कोष में अपना दान दें। प्रदेश संगठन मंत्री अरबिंद गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज को पूरे झारखंड में मजबूती के साथ स्थापित करना है। गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इसके बावजूद भी हम बिखरे हुए हैं। जिसे समेटने की जरूरत है। माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि वैश्य समाज शुरू से ही मजबूत रहा है लेकिन वह अपने आप में कन्फ्यूज रहता है। हमें कन्फ्यूज के बदले कंविंश होने की जरूरत है। इस मौके पर एलआईसी के डीओ रंजन अग्रवाल ने संगठन कोष में 5100 रूपये दान देते हुए कहा कि आज हम अपनी ताकत को पहचानें। जिस दिन हम अपनी ताकत को पहचान लेंगे उस दिन समाज हमें खुद ब खूद पहचान लेगा। बैठक को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रास बिहारी गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पूर्व वार्ड किरण अग्रवाल, अमित आनंद, ओमकार जायसवाल समेत अन्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षीय भाषण देते हुए जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने वैश्य समाज के कार्यालय निर्माण के लिए भूमि दान देने का प्रस्ताव रखा। बैठक का संचालन जिला परिषद सदस्य अमित जायसवाल, धन्यवाद ज्ञापन राजहंस अग्रवाल ने किया। जबकि बैठक में नवल तुलस्यान, विनोद उदयपुरी, ओमप्रकाश पप्पू, मधु देवी, अहिल्या गुप्ता, प्रदीप बाबूल, संजय गुप्ता, अविनाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुधीर शौंडिक, बिपुल गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**वैश्य समाज की बैठक में जिला कमिटी का विस्तार**

जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल के नामों की घोषणा पूर्व में ही कर दी गई थी। इसके बाद जिला कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष कुंदन गुप्ता, राजहंस अग्रवाल, अनुप जायसवाल, शंभु गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष बबलू चौरसिया, प्रियरंजन कुमार, जिला महामंत्री दिनेश साईं, राजेश गुप्ता, जिला मंत्री अरूण गुप्ता, गोपाल साहु, राजा गुप्ता, संतोष प्रसाद, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, कार्यालय मंत्री बृजमोहन प्रसाद, सह मंत्री निवेदन अग्रवाल, संगठन मंत्री छोटेलाल गुप्ता, युवा अध्यक्ष सुभम प्रसाद, संरक्षक आनंद शंकर, नवल तुलस्यान, रामदास साहु, रितेश, रामलव चौरसिया, रंजन अग्रवाल, अजय मारू, विनोद उदयपुरी, जय विश्वकर्मा, ओम प्रकाश पप्पू, सरस जैन, सुनील गोस्वामी, अजय गुप्ता, सुभाष जैन, प्रमोद अग्रवाल, कौशल किशोर जायसवाल, दीपू सिंघानियां, सुरेश जैन, गिरधारी गर्ग, कृष्णा गुप्ता, अमित आनंद, अशोक चौधरी समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

# कबाड़ी व्यवसायी के दुकान के सामने अपराधियों ने फेंका बम

## रंगदारी नहीं मिलने पर दिया घटना को अंजाम, व्यवसायी ने करायी प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता



पीड़ित व्यवसायी प्रभु साव।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर में अपराधियों ने बीती रात एक कबाड़ा ब्यावसायी के दुकान सामने दशासत फैलाने की नियत से बमबारी की। जाते समय अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली। घटना के बाद से कबाड़ा ब्यावसायी काफी भयभीत है। मिली जानकारी के अनुसार डाक बंगला से सटे कबाड़ी व्यवसाई प्रभु साव का कबाड़ा दुकान है। दुकान के बगल में ही वे किराये के मकान में रहते हैं। शनिवार की रात लगभग 8.40 बजे प्रभु साव के दुकान के सामने तीन नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकल से आए। अपराधियों ने प्रभु साव को गली देते हुए दुकान के मुख्य द्वार पर ताबड़तोड़ दो बम फेंका जिसमे से एक भी बम नहीं फटा। अपराधियों ने जाते जाते एक हवाई की ओर रंगदारी नही देने पर प्रभु साव को जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान एक जिंदा बम भी बरामद किया गया। जिसे थाने लाकर पानी में डालकर निष्क्रिय किया गया। इधर रविवार को प्रभु साव ने बिश्रामपुर थाना में दर्जी मुहल्ला निवासी शातिर अपराधी आरिफ चूड़ीफरोस सहित दो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रभु साव ने बताया कि उससे पहले भी फोन कर रंगदारी मांगी गई थीं। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि रंगदारी वसूली को लेकर भयभीत करने के नियत से अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। जल्द ही तीनो अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। इधर बमबारी व फायरिंग की घटना के बाद ब्यावसायियों में दहशत को माहोल है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिफिन कार्यक्रम का किया आयोजन

# सामूहिक लंच से एक दूसरे के प्रति स्नेह व विश्वास बढ़ता है : रामचंद्र चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल विधायक व अन्य।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में भाजपा कार्यकताओं ने लंच टिफिन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए। चंद्रवंशी ने नेताओं कार्यकताओं के साथ लंच किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक लंच करने से एक दूसरे के प्रति स्नेह और विश्वास बढ़ता है। कार्यकताओं का मनोबल भी विकसित होता है। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडे, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, संतोष राम, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिवबंस मिश्रा, उखमजी यादव, सुरेंद्र भारती, दिलीप चौधरी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, संजय ठाकुर, विकास चंद्रवंशी, किरण शर्मा, बेबी देवी,अर्चना देवी, गिरधारी साहू, श्यामसुंदर विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थ।

## अपने-अपने घरों में एक-एक पौधा अवश्य लगायें वर्षा का जल स्रोत बना रहेगा : मंगल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी में जल संकट से उत्पन्न समस्याओं व पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह टीम के साथ वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान कार्यक्रम चलाया। सिंह नगर निगम मेदिनीनगर मुख्य बाजार में दुकानदार भाईयो, व्यवसाई गणों सहित सम्मानित आम जनता के बीच पौधा वितरण किया गया। सभी से प्रथम उपमहापौर व उनकी टीम ने अपील किया कि अपने अपने घरों में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं, आने वाले समय में यही पौधे वृक्ष बनेंगे जिससे वर्षा का जल स्रोत बना रहेगा और नगर निगम मेदिनीनगर में गर्मी के दिनों में जो जल की समस्या उत्पन्न हुई इस प्रकार की विकराल समस्या नहीं आएगी। साथ ही अपने घरों में वर्षा का जल स्रोत को वाटर हार्वेस्टिंग, सोखता गड्ढा आदि के माध्यम से कैसे बढ़ाया जा सकता है इसकी भी जानकारी देकर लोगो को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी से अपील की मेरे इस अभियान में सहयोग करे और आने वाले पांच सालों में मेदिनीनगर के हर घर जो पेड़ लगाने का संकल्प उन्होंने लिया है उसे पूर्ण करने में सहयोग करे। मौके पर प्रदीप सिन्हा जी, दिनेश द्विवेदी जी, अमित कुमार उर्फ रिंकू जी, रामजी चौधरी जी, निलय कुमार, किशोर सिन्हा,चंदन कुमार, अनिमेष कुमार, वीरेंद्र, मुकेश, संजय, पवन कुमार सहित काफी संख्या में दुकानदार, व्यवसायी व कई लोग शामिल थे।

## अपने-अपने बूथों पर जल्द कमिटी बनायें : जिलाध्यक्ष




विश्रामपुर पलामू। **पलामू जिला** कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार जिले के प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी की बैठक की जा रही है। उसी कड़ी में विश्रामपुर विधानसभा के नाम प्रखंड की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी विकारी राम एवं सह प्रभारी मुकेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि लक्ष्य 2024 को लेकर पूरे इमानदारी पूर्वक काम करें। अपने-अपने बूथ पर जल्द से जल्द कमेटी बनाएं एवं भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान के तहत पूरे नावा प्रखंड के सभी बूथ पर जाकर राहुल गांधी जी को संदेशों को पहुंचाने का काम करें। मौके पर प्रमुख रूप से शैलेश कुमार मेहता, बशीर खान, उदय जायसवाल, आरिज आलम, मुकेश यादव, तपेश्वर चौधरी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 को



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी पलामू प्रमंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी गढवा पलामू लातेहार में जोर शोर से चल रही है। 23 जुलाई को मेदिनीनगर टाउन हॉल में मुख्य अतिथि पुर्व उप मुख्यमंत्री व पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी होंगे। आजसू की बैठक परिसदन में की गई। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो का स्वागत लातेहार मनिका सतबरवा चियांकी व मेदिनीनगर में जोरदार तरीके से की जाएगी। शहर को आकर्षक तरिके से सजाया जाएगा। कई तोरण द्वार व झंडा व फ्लेक्स से पाट दिया जाएगा। गढवा जिला सैकड़ों मोटर साइकिल जुलूस से शहर भ्रमण कर टाउन हॉल में शिरकत करेगी। 2024 मिशन की सफलता का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगाज करेगी। कार्यक्रम आयोजन मे केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार, ईन्तयाज अहमद नजमी, बिकेश शुक्ला, कार्यकारी जिला अध्यक्ष संतन मेहता, तुलसी शुक्ला, बिजय मेहता, बबलू गुप्ता प्रधान महासचिव एन के तिवारी समेत सभी अनुषांगिक इकाई छात्र, महिला, बुद्धिजीवी मंच के कार्यकर्ता हर जिम्मेवारी की समीक्षा कर रहे हैं।

### उताकी में पुनः शुरू हुआ पशु शेड में भुगतान के नाम पर गबन का खेल : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के उताकी पंचायत में बड़े पैमाने पर शेड में धांधली का मामला प्रकाश में आया है । उताकी पंचायत में लगभग दर्जन भर शेड बना ही नहीं और उसका भुगतान कर दिया गया। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने लोकपाल से किया था। ग्रामीणों ने मुखिया पर कार्रवाई की मांग की थी। पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने मुझे आवेदन देकर शेड निर्माण में धांधली की जानकारी दी थी। ग्रामीणों के शिकायत के बाद लोकपाल के द्वारा शेड का जांच किया गया। जांच में शेड अधुरा पाया गया। उन्होंने कहा कि उताकी पंचायत के कुछ गांवों में पशु शेड निर्माण लंबित था। योजना को बिना कार्य कराये भुगतान भेंडर के खाते में कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गंगतुआ में तीर्थराज पांडेय, नवाडीह में राधिका देवी, गायत्री देवी, बैदा कला में अजय विश्वकर्मा, उताकी में नरेंद्र राम, निर्मल सिंह का पशु शेड अभी तक अधूरा है। जिसका भुगतान कर दिया गया है। इधर अमरेश सिंह, उताकी के दशरथ सिंह, अर्जुन सिंह, बिगन साव, सतेंद्र मोची, तीर्थराज पांडेय, राधिका देवी, गायत्री देवी, राजेश कुमार, अजय विश्वकर्मा समेत कई ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पाटन बीडीओ से भी शेड निर्माण में गबन की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की मांग की है।

# राहुल गांधी के संदेश को आमजनों तक पहुंचायें कार्यकर्ता : बिट्टू पाठक

कांग्रेस का भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत जोड़ो की बात आम जनों के अभियान 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन तक चलेगा। जिला के शिक्षकों को सम्मानित करने के उपरांत समाप्त किया जाएगा। पलामू जिला के सभी प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश डेली गेट, जिला के पदाधिकारी एवं प्रखंड कांग्रेस के नेता इस कार्यक्रम के तहत लोगों के घर-घर जाकर मिलने का काम करेंगे। साथ ही राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग के बीच राहुल जी के संदेश को पहुंचाया जा सके। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, विकारी राम, सुरेश पाठक, रिजवान खान, सोनू खान, सत्येंद्र सिंह, मुकेश सिंह, नफीस खान, सिराजुद्दीन अंसारी, संतोष गुप्ता, रवीन्द्र कुमार, चिन्तामानी तिवारी, साकेत सिंह, सुनील पासवान, उमेश यादव, आलोक सिंह, प्रमोद यादव, शैलेश मेहता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मिष्टान भंडार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता




**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अम्बेडकर चौक स्थित आनंद स्वीट्स मिष्ठान दुकान में शनिवार की रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखे डिफ्रिजर तीन व रखे हुए सभी समान जल कर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो करीब पांच लाख का सामान जलकर राख हो गया। वहीं दुकान के प्रोपराइटर संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गये थे। करीब तीन बजे दुकान से धुआं और आग की लपटें देखकर इसकी सूचना मुझे मिली। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचकर देखा, तो दुकान से धुआं निकलते देख अपना आपा खो दिया। किसी तरह आस-पास के लोगों के सहयोग से दुकान में लगे शटर को उठाया गया, लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से सभी समान पूरी तरह जल गया था। इस घटना को लेकर प्रोपराइटर संदीप कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। घटना के बाद उन्होंने बताया कि किसी तरह कर्ज उधार लेकर दुकान खोला था। अगलगी की घटना से मैं पूरी तरह बर्बाद हो गया।

# स्वस्थ तन में ही होगा स्वस्थ मन : समीर खन्ना

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज, लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना, लिओ क्लब ऑफ डालटनगंज पलामू के संयुक्त तत्वधान में रविवार को स्थानीय गांधी उद्यान बेलवाटिका में मधुमेह व कैलेस्ट्रोल जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने आए शहर की महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने शरीर में मधुमेह एवं कैस्ट्रोल की जांच कराई। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन समीर खन्ना ने बताया कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि मधुमेह विश्व में सर्वोत्तम फैलने वाली बीमारी हो गई है। हमें अपने खान-पान के साथ योग और व्यायाम को अपने जीवन का अंग बनाना होगा। मधुमेह की रोक ही मधुमेह का इलाज है। लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज के अध्यक्ष आलोक माथुर ने कहा कि अगर लोग इसी प्रकार सहयोग करते रहेंगे और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहेंगे तो वह प्रयास करेंगे कि हर शनिवार एवं रविवार को गांधी मैदान परिसर और मरीन ड्राइव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाये। शिविर में नव निर्मित युवा क्लब लिओ क्लब ऑफ डालटनगंज पलामू के अध्यक्ष लिओ मेहर सिंह और उनकी टीम में भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। कार्यक्रम में 364 लोगों ने अपना मधुमेह एवं कोलेस्ट्रॉल की जांच कराई और लगभग 153 लोगों ने केवल मधुमेह की जांच कराई। निःशुल्क जांच में सहयोग देने के लिए अपोलो डायग्नोसिस रांची को बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नवीन गुप्ता, रूपेश कुमार, लिओ ऋषभ आनंद, लिओ आयुष राज, लियो दीपांशु, लिओ तेज प्रताप, लियो परमप्रीत लिओ अभिषेक के अलावा लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना की भी सदस्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झरिया भाजपा कार्यालय में टिफिन बैठक

**झरिया।** रविवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय मे झरिया विधानसभा स्तरीय टिफिन बैठक का आयोजन धनबाद महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता मे हुई। इसमें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह उपस्थित थे। बैठक मे महा जनसम्पर्क अभियान के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर श्रवण राय, सुमन अग्रवाल, शैलेश सिंह, अखिलेश सिंह, बाबू जैना, संतोष सिंह,अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडे, सुजीत सिन्हा, स्वरूप भट्टाचार्य, दिलीप भारती, सुनील पासवान मौजूद थे।

### स्वयंसेवक संघ ने किया गुरु दक्षिणा कार्यकम

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा-पंचेत रोड के तीन नं चढ़ाई स्थित समिति भवन में चिरकुंडा नगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को गुरु दक्षिणा का कार्यकम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवा ध्वज फहरा कर शाखा प्रारंभ किया गया और पूजा अर्चना किया गया।धनबाद ग्रामीण जिला के पूर्व जिला संघ चालक विश्वनाथ पांडे ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संघ परिवार द्वारा गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने संघ की शाखा में इस कार्यक्रम के आयोजन का क्या महत्व है। इस पर प्रकाश प्रकाश डाले व गुरु शिष्य परंपरा के बारे में भी बतलाया। मौके पर चिरकुंडा नगर संघ चालक कृष्णलाल रूंगटा,सचिन कुमार,भीम शर्मा,प्रेम कुमार, भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, प्रदीप अग्रवाल, मिटू गाडयान, पवन शर्मा मौजूद थे।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब गठन के मुद्दे पर कसमार में बैठक

**बोकारो/कसमार।** कसमार अंचल कार्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब, स्कूलों में गठन कराने को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कसमार के प्रदीप शुक्ला ने प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी। श्री शुक्ला ने बताया कि चुनावी साक्षरता क्लब दिलचस्प गतिविधियों और व्यवहारिक अनुभव के माध्यम 9 से 12वीं तक के सभी प्लस टू स्कूली छात्रों के उनके चुनावी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने और उन्हें पंजीकरण और मतदान की चुनावी प्रक्रिया से परिचित कराने का एक मंच है। मौके पर कसमार प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय कसमार तथा राजकीयकृत प्लस उच्च विद्यालय दांतु के प्राचार्य फारूक अंसारी, सावित्री हेम्ब्रम, विशाल कुमार नायक, अजीत कुमार, चंदा कुमारी तथा अंचल कार्यालय के किशोर मौजूद थे।

### राम अवतार कंपनी में मजदूरों का धरना तीसरे दिन भी जारी



**लोयाबाद।** रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना का तीसरे दिन भी जारी रहा कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने बीसीसील एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर अपनी भडास निकाली दरअसल मामला आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों का शोषण से हैं। मजदूरों ने अपने 11 सूत्रीय मांगे कंपनी के समक्ष रखे थे जिसे कंपनी प्रबंधक ने मजदूरों की मांगे मानने से इंकार कर दिया था इसी बात से क्षुब्ध होकर रामअवतार कंपनी मे कार्यरत मजदूरो ने कंपनी का चक्का अनिश्चितकालीन जाम किया आन्दोलनकारी आज तीसरे तीसरे दिन भी कार्य स्थल पर पहुंचकर धरना दिया। आंदोलनकारियों की एकता को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि नियोजक व आंदोलनकारियों के बीच फिलहाल कोई वार्ता होने को उम्मीद दिखाई नहीं दे रही हैं।

## धनसार के मनाइटांड़ कुम्हार पट्टी की दर्दनाक घटना

# मां की मौत का समाचार सुन बेटी ने भी दे दी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। इस घटना के सामने आने के बाद हर कोई स्तब्ध है।बताया जा रहा है कि इलाज के दौरान माँ की मौत हो जाने के कुछ देर बाद उसकी बेटी ने भी अपनी जान दे दी।इस घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है।दिल को दहला देने वाली यह घटना जिले के धनसार थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार धनसार थाना क्षेत्र के मनाइटांड़ कुम्हार पट्टी के रहने वाले नवल किशोर सिंह की 25 वर्षीय बेटी सविता कुमारी ने आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि नवल में किशोर सिंह की पत्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई।नवल किशोर की बेटी सविता को माँ की मौत की सूचना मिल गई थी, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी होने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इधर इस हृदय विदारक घटना की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।मुहल्ले के लोग बताते हैं कि उन्हें लड़की के आत्महत्या की खबर मिली थी। जिसके बाद वह वहां पहुंचे।लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची।बताया कि सुबह में ही लड़की की माँ का देहांत हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि उसी के सदमे में लड़की ने यह कदम उठाया है।

## कनैल का बीज खाने से युवक की मौत

### दांत दर्द से से परेशान था युवक

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट के मुंगो रंगामाटी के कोठी निवासी सह डुमरी भाकपा प्रभारी नुनूचंद महतो के पुत्र अजय कुमार महतो की मौत कनैल फूल का बीज खाने से हो गई। वह हजारीबाग में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। उसकी मौत से पूरे गांव में गम का माहौल है। बताया जाता है कि कई दिनों से उसके दांत में दर्द था। शुक्रवार को वह हजारीबाग से दांत दर्द का इलाज कर वापस घर आया था। शाम को वह यू ट्यूब में दांत दर्द से निजात पाने के लिए सर्च कर था, जिसमें कनैल फूल का बीज खाने के दांत दर्द ठीक होने की जानकारी मिली। इस जानकारी के मिलने के बाद वह मंदिर के पास लगे कनैल फूल का बीज तोड़कर खा लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शनिवार को स्थानीय नदी तट पर दाह-संस्कार किया गया। इस खबर के मिलते ही झामुमो नेता अखिलेश उर्फ राजू महतो, आजसू के डुमरी विस प्रभारी यशोदा देवी, दुर्योधन महतो, तुलसी, अध्योया प्रसाद महतो सहित सैकड़ों लोग पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

## सिंदरी : तीन दुकानों से समान की चोरी

**सिंदरी ।** सिंदरी थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित रोहडाबांध न्यू मार्केटिंग काम्प्लेक्स में. अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात तीन दुकानों से छह हजार नगदी समेत लगभग चालीस हजार के सामानों की चोरी की है। चोरों ने मार्केटिंग काम्प्लेक्स में बने दुकानों के छतों पर लगे एस्बेस्टस सीट को तोड़कर चोरी की है। बिजली के सामानों के दुकान में घुस कर बिजली तार का क्वायल, एंकर के दर्जनो स्वीच, एलईडी बल्ब की चोरी कर ली गई है। दुकान संचालक राजू शर्मा ने बताया कि लगभग चालीस हजार रुपए के सामान और 900 रुपये नगदी की चोरी हुई है। कन्हाई के फास्टफूड दुकान से खाने के सामान सहित 350 रुपए नगद तथा मनु पंडित के दुकान से 5 हजार रुपए नगदी की चोरी हुई है। सूचना के आधार पर सिंदरी पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना संज्ञान में है।

## सिंदरी को उजाड़ने वालों को बोरिया बिस्तर बांध लेना होगा : लक्की सिंह



**सिंदरी ।** जनता श्रमिक संघ के आव्हान पर सिंदरी के नेहरू मैदान में रविवार को एक आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह उर्फ गौरव वक्ष ने कहा कि सिंदरी को उजाड़ने वाले लोगों को बोरिया बिस्तर बाँध लेना होगा। उन्होंने कहा कि तत्काल पीपी एक्ट को निरस्त किए जाने की माँग प्रबंधन से की। उन्होंने कहा कि नोटिस बाँटने वाले और प्रबंधन के पदाधिकारियों ने ही अतिक्रमण करवाया है। सोमवार को एफसीआईएल प्रबंधन से वार्ता की जाएगी। ये हमारे अस्तित्व की लड़ाई है और सिंदरी के लिए आपका बेटा और भाई खड़ा है। उन्होंने नोटिस प्राप्तकताओं को कहा कि सभी सोमवार को ग्यारह बजे एफसीआईएल सिंदरी मुख्य द्वार पर उपस्थित हों। प्रबंधन से वार्ता करेंगे। अध्यक्षता कर रहे काँग्रेस नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि 1979 व 1998 में भी उजाड़कर एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन ने व्यवसायीयों से पैसे जमा कराए थे। डिनोबली स्कूल सिंदरी, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी जैसे स्कूलों में बने अवैध बिल्डिंग को प्रबंधन ने कोई नोटिस नहीं दिया है। उन्होंने सिंदरी चेंबर के लिए कहा कि पाँच लोगों के लिए चेंबर बना हुआ है। चेंबर का चुनाव भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीपी एक्ट में जाने की कोई जरूरत नहीं है। सभा में इंद्रमोहन सिंह, रवि शर्मा, शशि सिंह, मंटू सिंह, अमर सिंह, मनोज सिंह, गुड्डू कुमार, अंगद सिंह सहित सिंदरी की सैंकड़ों जनता मौजूद थे।

## टुंडी राजाभीठा में जदयू की पंचायत कमेटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



**टुंडी।** रविवार को जदयू टुंडी प्रखंड की बैठक तारटांड हरि मंदिर प्रांगण में जदयू के युवा नेता दिनेश पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान राजाभीठा पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष गणेश महतो, पंचायत सचिव शंभू पांडे, पंचायत कोषाध्यक्ष मनोज महतो एवं महिला प्रकोष्ठ पंचायत अध्यक्ष प्रेमी देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा साथी एवं पंचायत कमिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और पंचायत में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी में जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में जदयू टुंडी प्रखंड के युवाओं की समस्याओं को लेकर प्रखंड से प्रदेश तक संघर्ष करने का काम करेगी। इस अवसर पर जदयू युवा नेता गौतम कुमार पांडे,अनिल महतो, भागवत पांडे, भोलानाथ महतो, शंकर प्रसाद साव, प्रदीप साव, पुष्पा देवी, कविता देवी, गणेश महतो, शनिचर महतो, युगल महतो, पंकज कुमार सिंह, सुभाष सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रशिक्षणार्थियों ने दिखाये हुनर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डीबीएफ ने ग्रामीण समुदायों में वंचित युवाओं के लिए कौशल विकास और स्थायी आजीविका को सक्षम करने हेतु समर्पित डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज एंड स्किल हार्नेसिंग दीक्षा के तहत वित्त वर्ष 2030 तक एक लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने की घोषणा की। वित्त वर्ष 2024 में 8000 प्रशिक्षुओं की संचयी प्रशिक्षण क्षमता के साथ 15 केंद्रों के मौजूदा नेटवर्क के अलावा आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु में 8 नए केंद्र खोलते हुए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नाबार्ड, ओएसडीए, बॉश, श्नाइडर इलेक्ट्रिक आदि जैसे संगठनों के साथ साझेदारी की है। डीबीएफ के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि डालमिया भारत में हमारा उद्देश्य समावेशी विकास के लिए कार्यक्रम बनाना है। बोकारो दीक्षा में इलेक्ट्रिकल ट्रेड, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, सीआरएम, सेविंग मशीन ऑपरेटर के प्रशिक्षुओं द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की गईं। प्रशिक्षुओं ने नागपुरी गाने पर नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता से विश्व युवा कौशल दिवस की महत्ता को प्रदर्शित किया।

## एक नजर में

### कसमार की दो महिलाएं चला रहीं ट्रैक्टर



**बोकारो/कसमार।** समाज में महिलाओं को हल चलाना तो दूर छूना भी मनाही है। ऐसे में कसमार प्रखंड की दो महिलाएं ट्रैक्टर चलित हल फरार्टे से चला रहीं हैं। कसमार प्रखंड के कसमार-पेटरवार मुख्य मार्ग सुरजूडीह स्थित कसमार आजीविका संसाधन केंद्र की अध्यक्ष रेखा देवी व कोषाध्यक्ष उमा देवी ट्रैक्टर चलाकर कृषि कार्य कर रही है। रेखा व उमा ने बताया कि वे इस 25 एकड़ क्षेत्र में फैले आजीविका संसाधन केंद्र में जेएसएलपीएस व मनरेगा के संयुक्त पहल पर कृषि कार्य करना प्रारंभ कराई तो बाहर से किराये लेकर हल चलाना पड़ता था। जो समय पर नहीं आने से कृषि फसल बुआई में विलंब होने से समय निकल जाता था। इन सब परेशानियां को दूर करने हेतु उन्होंने ट्रैक्टर का हल खुद चलाने का फैसला लिया। उन्होंने जेएसएलपीएस के वरीय अधिकारियों के पास इस प्रस्ताव को रखा। इसके बाद विचार करते हुए ट्रैक्टर चलित हल एवं रोटावेटर चलाने का प्रशिक्षण लिया और आज फर्राटे से ट्रैक्टर हल चला रही हैं। कोई क्या टीका-टिप्पणी करते हैं उनकी परवाह नहीं है। हमें आत्मनिर्भर बनना है।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में बने रैंक होल्डर



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के रवि शंकर सोरेन का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ डिजाइनिंग संस्थान माने जानेवाले एनआईडी अहमदाबाद में छात्रा अनुवंशिका एवं अनुप्रिया का चयन नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) में अखिल भारतीय स्तर पर क्रमशः 12वां, 39वां व 129वां रैंक के साथ हुआ है। इन विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी के पीछे समय प्रबंधन, विद्यालय के शैक्षणिक व प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण एवं शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन की सहज उपलब्धता को बताया। अनुवंशिका फिलहाल एक मॉडलिंग मार्केटिंग कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर के रूप में इंटर्नशिप कर रही है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### एफसीआइएल प्रबंधन बताये, खाली भूमि का क्या करेगा : फूलचंद मंडल



**सिंदरी ।** एफसीआईएल सिंदरी में अतिक्रमण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सिंदरी शहरपुरा बाजार में प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस में सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल व उनके पुत्र झामुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धरनीधर मंडल ने कहा कि प्रबंधन बताए कि अतिक्रमण हटाने का क्या उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बलियापुर के रघुनाथपुर में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे कचड़ा डंपिंग यार्ड को अन्यत्र बनाया जाना चाहिए। सरकार ने पहले ही बलियापुर में कोरोना शवदाह गृह बनाकर ग्रामीणों को कचड़ा से भर दिया है। भिखराजपुर में सीआरपीएफ कैंप बनाना भी गलत है। प्रधानखंता में कैंप को वृहत रुप दिया जा सकता है। इन सभी मुद्दों पर सूबे के मुखिया से बात करने की बात पूर्व विधायक ने की। मौके पर बसन्त ठाकुर, गोईराम पाल, सूर्यकांत सोरेन, शैलेन्द्र मंडल, महावीर महतो, विश्वनाथ गोराई, सुबल गोराई, निखिल गोराई, धनंजय मंडल, रन्टू ओझा, बाला जी, परशुराम सिंह, सहदेव पासवान, नागेंद्र झा, बच्चा सिंह, प्रदीप साहा, नवीन दास, तनु गिराई, धीरज प्रसाद, सपन मंडल उपस्थित रहे।

### जनसेवा कार्यक्रम के तहत लगाये गये 101 पौधे

**धनबाद।** 16 जुलाई झारखंड प्रांत स्थापना दिवस के उपलक्ष में हो रहे आठ दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत पौधरोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम को झरिया बस्ताकोला स्थित गौशाला में सुबह 8:00 बजे किया गया। सर्वप्रथम रविवार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल और धनबाद नगर निगम स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड एंबेसडर शांभवी सिंह को शाखा द्वारा अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ और जनसेवा के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल,निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक लिल्लहा, निवर्तमान प्रांतीय समाज सुधारक एवं मेट्रोमोनी संयोजक पंकज भुवानियां, धनबाद बैंक मोड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, झरिया बस्ताकोला स्थित गौशाला के अनिल खेमका को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## समाज में वट वृक्ष की तरह हैं दादा-दादी, नाना-नानी : सिंह

### सरस्वती शिशु मंदिर में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के सण्डेबाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में रविवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि माजपा नेता सह शान्ति शयाम फाउंडेशन अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने दीप जलाकर की। मौके पर विद्यालय के भैया-बहनों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दादा-दादी व नाना-नानी को मनोरंजन कराया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार सिंह ने संयुक्त परिवार के महत्व के विषय में बताया कि दादा-दादी और नाना-नानी को परिवार में साथ लेकर चलना चाहिए। दादा-दादी, नाना-नानी समाज के वट वृक्ष के समान है। और इन्हीं के मार्गदर्शन एवं स्नेह से ही हम सबका विकास संभव है। इसलिए हमें सदैव इनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दादा-दादी नाना और नानी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए दादा-दादी व नाना-नानी के लिए भी प्रतियोगिताएं रखी गई थी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य लक्ष्मण ठाकुर ने की। इस अवसर पर श्रमिक नेता सह जिप सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, भाजपा नेता अभिमन्यु सिन्हा व नवीन पांडेय, अध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव राम निवास तिवारी, संकुल प्रमुख प्राचार्य कमलजीत प्रसाद आदि ने संबोधित किया।

## रोटरी क्लब चास का 21वां पदस्थापना समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने अपना 21वां पदस्थापना समारोह हंस रीजेंसी के सभागार में मनाया। निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करना है। नवनियुक्त अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि नए सत्र में हमारी टीम पूरी ऊर्जा के साथ सामाजिक कार्य कर एक कीर्तिमान स्थापित करेगी। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि संस्था को बुलंदियों पर ले जाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्लब निरंतर कार्य करते रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय रोटरी के निदेशक कमल सांधवी ने रोटरी क्लब चास के नये पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई और इस अवसर पर डॉ श्रवण कुमार, किरण कुमार, गौरव सिंह, कल्याणी गुप्ता, उषा सिंह को संस्था के नए सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। कमल सांधवी ने कहा कि हर रोटेरियन किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाने और उसके जीवन को बदलने की क्षमता रखता है। अर्चना सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन कैंडी टबोड़ा ने किया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में सभी रोटेरियन मौजूद थे।

## 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष' पुस्तक भेंट की

**बेरमो।** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने रविवार को बेरमो विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय रिवर साइड कॉलोनी स्थित श्रमिक नेता गजेंद्र प्रसाद सिंह, कोल व्यवसाई महेश सिंह और पिछरी निवासी पूर्व सरपंच रतन मिश्रा सहित अन्य लोगों को 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष' पुस्तक भेंट की।

## सेवा भारती बोकारो महानगर की कमेटी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** सेवा भारती बोकारो महानगर की कार्यकारिणी की बैठक नगर के सेक्टर-2 स्थित संघ कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरु शरण जी ने की। सेवा भारती के संरक्षक ललन दीक्षित ने पुरातन समिति को निरस्त कर नई समिति गठन हेतु प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। इसके बाद प्रांत उपाध्यक्ष शिवहरि बंका ने नई समिति की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जसपाल, वासुदेवन नंबूदियार तथा अर्जुन देव तनेजा, सचिव जय नंदन तिवारी, सह सचिव राज कुमार एवं कोषाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद बनाये गए। उक्त बैठक में कुल 17 अधिकारी उपस्थित हुए और सभी ने वर्तमान में चल रहे 15 बाल संस्कार केंद्र, 57 वैभव श्री तथा एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से असंतुष्टि जताई। आगामी मार्च 2024 तक कम से कम 25 बाल संस्कार केंद्रए 5 सिलाई प्रशिक्षण केंद्रए100 वैभव श्री खोलने की योजना है। बैठक की सफलता में प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र जी का अहम सहयोग रहा। उक्त जानकारी देते हुए सेवा भारती के अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अब हम सभी को आगे बढ़कर सेवा कार्य को नई गति देने की आवश्यकता है।

## जागरूकता शिविर : 60 लोगों की जांच में 4 कैंसर के मरीज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** रविवार को झारखण्ड कैंसर सेंटर राँची, श्री कृष्णा मातृ सदन कतरास एवं धनबाद ऑब्स एंड गायनी सोसाईटी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कैंसर जाँच शिविर का आयोजन श्री कृष्णा मातृ सदन, रानी बाजार कतरास में किया गया। इस शिविर में कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर, सरभाईकल कैंसर सहित अन्य सभी प्रकार जाँच मुफ्त में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ सौरव कुमार, डॉ अमर प्रेम, डॉ गायत्री सिंह, डॉ शिवानी झा, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ विश्वनाथ चौधरी, विजय कुमार झा आदि ने सयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुल 60 मरीजों का मुफ्त में स्क्रीनिंग टेस्ट, कोलोकोस्कोपी एवं ब्रेस्ट से सम्बंधित जाँच की गई। जिसमें चार मरीज में कैंसर के लक्षण पाए गए। डॉ सौरव कुमार ने मरीजों को सम्बोधित करते हुये कहा कि कैंसर कोई बड़ी बीमारी नहीं है यदि इसका ईलाज सही समय पर किया जाय वह ठीक हो सकता है।

प्रेस को सम्बोधित करते हुए डॉ शिवानी झा ने कहा कि कैंसर बीमारी का एक ऐसा नाम है, जिसका नाम सुनते ही लोगों की जेहन में डर पैदा हो जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जानकारी के अभाव में मरीज पहला स्टेज, दूसरा स्टेज, तीसरा स्टेज पारकर, चौथी स्टेज में पहुंच जाते हैं और अंत में उनकी मौत हो जाती है। कैंसर से होने वाली मौतों में सबसे अधिक मौत सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर से होती है। जिसका मुख्य कारण है महिलाओं में जानकारी का अभाव होना, और अधिकांश महिलाएं शर्म के कारण अपने परिवार को अपने रोग के बारे में बता नहीं पाती है। इसलिए इस रोग से बचने के लिए सबसे जरूरी चीज है जागरूकता, इसलिए हमारी संस्था श्री कृष्णा मातृ सदन कतरास, झारखंड कैंसर संस्थान और धनबाद ऑब्स एंड गायनी सोसाईटी ने संयुक्त रूप से आज इस शिविर का आयोजन रखा गया।

### सर्वाइकल कैंसर से हर 8 मिनट में एक की होती है मौत

पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ नेहा प्रियदर्शनी ने बताया कि पूरे विश्व में प्रति हजार में 30 प्रतिशत महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर से मरती है। एशियन कंट्री में मृत्यु दर 34 प्रतिशत है, जबकि भारत में मृत्यु दर 37 प्रतिशत है। इसलिए हर महिला को साल में एक बार जांच करवाना जरूरी है। ज्यादा मरीजों की संख्या ग्रामीण परिवेश से आता है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जागरूकता का अभाव है महिलाएं अपनी बीमारी के बारे में अपने परिजनों को नहीं बता पाती है। अगर कैंसर के पहले स्टेज या दूसरे स्टेज में पता चलता है तो उसे 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर से भारत में हर 8 मिनट में एक मौत होती है। इसलिए लोगों में जागरूकता फैलाना जरूरी है।

# चांद पर नजर

भारतीय संस्कृति में रचे-बसे चंद्रमा की सतह पर नई जानकारी जुटाने के लिये चंद्रयान-3 ने अपनी यात्रा की सफलतापूर्वक शुरूआत कर दी है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो चंद्रयान पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में दाखिल हो जायेगा। देश के चर्चित श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से शुक्रवार दोपहर अपने अभियान की कामयाब शुरूआत करने वाले चंद्रयान-3 को लेकर भारतीय वैज्ञानिक आश्वस्त हैं कि एएलवीएम-3 रॉकेट उसे उसकी मंजिल तक सकुशल पहुंचा देगा। दरअसल वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 के घटनाक्रम से सबक लेकर प्रक्षेपण व सॉफ्ट लैंडिंग के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरती है। शुरूआती कामयाबी से उत्साहित वैज्ञानिकों को विश्वास है कि अभियान में प्रयुक्त होने वाला लैंडर सफलतापूर्वक चांद के दक्षिणी छोर पर उतरेगा। हालांकि, दक्षिणी छोर में उतरना खासा जटिल है और भारत की कामयाबी एक नया इतिहास रचेगी। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि 14 अगस्त भारतीय अंतरिक्ष अभियान के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। वैज्ञानिक उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब रोवर चंद्रमा के साउथ पोल की सतह पर चहलकदमी करेगा। चंद्रयान-3 ने शुरूआती चरण सफलतापूर्वक पूरे करके पृथ्वी की लक्षित कक्षा में स्थान पा लिया है जहां से वो चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। खट्टे-मीठे अनुभवों के साथ भारतीय चंद्रयान अभियान को पूरी दुनिया में इस बात का श्रेय तो दिया जाता है कि इसने सबसे पहले चंद्रमा पर पानी के कणों को खोजा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने रोवर की लैंडिंग के लिये चांद के उस हिस्से साउथ पोल को चुना है, जिस पर धरती से साफ दृष्टि नहीं पड़ती, लेकिन इस बात की बड़ी संभावना है कि यहां पानी व बहुमूल्य खनिजों की उपस्थिति हो सकती है। निश्चित ही यह देश के लिये एक बड़ी सफलता होगी।

# कुदरत का बदला

आज पूरी दुनिया में मौसम के चरम से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। मौसम की तल्खी को देखकर लगता है कि प्रकृति के खिलाफ मानव की क्रूरता का कुदरत बदला ले रही है। जलधाराओं के मार्ग में लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने नदियों के प्रवाह को आक्रामक बना दिया है। पहाड़ हमारी जरूरत हैं, हमारी प्राणवायु के संरक्षक हैं लेकिन वे सिर्फ इंसानी विलासिता और सैर-सपाटे के स्थान नहीं हैं। वे बड़ी विकास परियोजना व बड़े बांधों का बोझ उठाने लायक भी नहीं हैं। कहा जाता है कि बड़े बांधों के इलाकों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ती हैं। इंसान ने विकास व पर्यटन तथा बस्तियों का जितना बोझ पहाड़ों पर लाद दिया है, वो इनकी क्षमता से अधिक है। पहाड़ों में विकास का आधार प्रकृति के साथ सामंजस्य होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर देश के महानगर व शहर अनियोजित विकास का त्रास झेल रहे हैं। थोड़ी सी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। बारिश के पानी के जो परंपरागत रास्ते थे, उन पर कब्जा करके हमने कंक्रीट के जंगल उगा दिये हैं। दूसरी ओर इस तरह की अतिवृष्टि आधारभूत ढांचे की पोल भी खोलती है। बड़े शहरों में सड़कों में जलभराव, रेलवे लाइन का पानी में डूबना व अंडरपास का जलमग्न होना अनियोजित विकास का ही परिणाम है। बारिश में हमारे आधारभूत ढांचे की गुणवत्ता सामने आ जाती है। जिसके चलते सड़कों के धंसने और ट्रैफिक जाम की घटनाएं बारिश में सामने आती हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस मानसून का हम पलक-पांवड़े बिछा कर स्वागत करते थे, जो बारिश कभी आनंद का प्रतीक होती थी, वह अब डराने क्यों लगी हैं। कहीं न कहीं हमारे नगर नियोजक, प्रशासक, इंजीनियर व नीति नियंता भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने में विफल रहे हैं।

# देश हित में समान नागरिक संहिता बेहतर कदम





**- सुनीता सिंह**

> हिंदू समाज के कुछ उदारवादी नेता के साथ अंग्रेज सरकार ने उत्तराधिकार संबंधी निजी कानून और देश के अलग-अलग समुदायों के विवाह को, एक समान बनाने की पहल अंग्रेज सरकार ने की थी ,इसी क्रम में स्पेशल मैरिज एक्ट ,विवाह योग्य आयु निर्धारण ,स्त्रीधन संबंधी कानून सहित पारिवारिक मामलों को लेकर भी कानून बने लेकिन दूसरी तरफ मुस्लिम समाज के नेतागण अपने निजी कानूनों में संशोधन के प्रति अरियल रवैया अपनाए हुए थे, संभवत अंग्रेज सरकार भी यही चाहती थी कि हिंदू और मुसलमानों को इसी सवाल पर बांट कर रखा जाय।

जब भी देश में समान नागरिक संहिता को लाने की बात होती है तो इसके खिलाफ तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल बहुत मुखर हो जाते हैं। आखिर सवाल उठना लाजिमी है कि समान नागरिक संहिता आने से किसे खतरा है? सभी राजनीतिक पार्टी चुनाव में जाने से पहले अपना घोषणा पत्र जारी करती है कि उसका दल जीतेगा तो वह घोषणा पत्र में की गई वादों को पूरा करेगा।

बीजेपी के चुनावी घोषणा पत्र में भी कई प्रमुख घोषणाओं के साथ समान नागरिक संहिता को लाना भी एक महत्वपूर्ण घोषणा थी ।विगत 27 जून को भोपाल में एक पार्टी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक देश में दो कानून क्यों होगा ।उनका इशारा साफ-साफ समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा की तरफ था।देखा जाए तो आजादी के समय से ही समान नागरिक संहिता और सेकुलरिज्म के नाम पर देश के मुसलमानों को डराने का काम किया जाता रहा है और यह कूप्रचार कांग्रेस पार्टी उसी समय से करती आ रही है कि बीजेपी के आने से या फिर समान नागरिक संहिता को लाने से देश के मुसलमान संकट में आ जाएंगे।

बीजेपी के 15 वर्षों के शासन में बिना भेदभाव किए हर सवाल पर चाहे मामला सुरक्षा का हो ,महिला हित का हो, शिक्षा का हो ,रोजगार का हो, स्वास्थ्य का हो ,कृषि का हो , मुफ्त अनाज वितरण का हो , कोरोना महामारी के इंजेक्शन का हो या फिर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ का हो, हर क्षेत्र में एक समान सुविधा सबको उपलब्ध कराया गया है ।

इन 15 वर्षों में सबका साथ सबका विकास नारा पर ही भारत की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताया है ।इसी भरोसा और विश्वास के कारण 2014 के बाद 2019 के चुनाव में भी देश की जनता ने मोदी जी को अपार समर्थन दिया था। इसमें कोई दो मत नहीं है कि समान नागरिक संहिता के सवाल पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां मुसलमानों को भड़काने का काम कर रही हैं, समान नागरिक संहिता को लाने के खिलाफ जो आवाजें उठ रही हैं ,वह एक तरह से संविधान निमार्ताओं के सपनों के विरुद्ध भी है और महिलाओं के बराबरी के अधिकार के खिलाफ भी है।साथ ही यह एक देश में दो विधान को बनाकर रखने वाली बात भी है।संविधान के नीति निर्देशक तत्व में यह साफ-साफ लिखा है कि राज्य देश के सभी लोगों के लिए एक समान कानून बनाएगा । पूरी दुनिया पर नजर दौड़ाया जाय तो विश्व के किसी भी पंथनिरपेक्ष देश में अलग-अलग निजी कानून नहीं है। देश के लिए बड़ी विडंबना है कि हिंदुओं के निजी कानूनों को संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही संहिताबद्ध कर दिया गया , लेकिन अन्य समुदायों के निजी कानून बने रहने दिए गए और ऐसा सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण हुआ।

सुप्रीम कोर्ट ने हमेशा समान नागरिक संहिता के पक्ष में कदम उठाने की बात कही है उसने कई बार कहा है कि समान नागरिक संहिता कानून बनाने का काम विधायिका का है ना कि न्यायपालिका का ।लेकिन देश में तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को कहां ये बातें समझ में आएगी।

हालांकि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा समय-समय पर समान नागरिक संहिता की जरूरत पर बल दिया गया है लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली केंद्र की सरकार हो या राज्य सरकारें, इस पर हमेशा मौन रही है। महिला अधिकारों के मामले में तो यह सवाल बीच-बीच में ही जोर शोर से उठता रहा है। इस मामले में देश का सबसे चर्चित मामला था शाहबानों का। मध्य प्रदेश की शाहबानो को उसके पति द्वारा तलाक दिए जाने के बाद उसे भरण-पोषण के लिए न्यायालय जाना पड़ा, जहां उसे महज 20 प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश न्यायालय ने दिया था। उसके पति को यह भी मंजूर नहीं था और वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय जाता है।वहां भी शाहबानो के पक्ष में ही फैसला आया, तब उसका पति इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गया।सुप्रीम कोर्ट ने भी शाहबानो के पक्ष में ही फैसला सुनाया और वह भी गुजारा भत्ता बढ़ाने के साथ। उस वक्त इस मामले पर पूरा देश शाहबानो के साथ खड़ा था,और चारों तरफ से समान नागरिक संहिता लाने की बात उठने लगी ।और शाहबानो की जीत में महिलाएं अपनी जीत देखने लगी। लेकिन शाहबानो के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों को भला कैसे रास आता ,इन्होंने तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार पर दवाब बनाया और इस दवाब में आकर राजीव गांधी की सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही पलट दिया।जिस वक्त एक तलाकशुदा पीड़ित महिला के पक्ष में जाकर मजबूत कदम उठाने की जरूरत थी तब सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस की सरकार ने महिलाओं के बराबरी के अधिकार केखिलाफ जाकर मुस्लिम कट्टरपंथियों के पक्ष में काम किया।

।हिंदू समाज के कुछ उदारवादी नेता के साथ अंग्रेज सरकार ने उत्तराधिकार संबंधी निजी कानून और देश के अलग-अलग समुदायों के विवाह को, एक समान बनाने की पहल अंग्रेज सरकार ने की थी ,इसी क्रम में स्पेशल मैरिज एक्ट ,विवाह योग्य आयु निर्धारण ,स्त्रीधन संबंधी कानून सहित पारिवारिक मामलों को लेकर भी कानून बने लेकिन दूसरी तरफ मुस्लिम समाज के नेतागण अपने निजी कानूनों में संशोधन के प्रति अरियल रवैया अपनाए हुए थे, संभवत अंग्रेज सरकार भी यही चाहती थी कि हिंदू और मुसलमानों को इसी सवाल पर बांट कर रखा जाय। ताकि फूट डालो और राज करो की उनकी नीति चलती रहे । समान नागरिक संशोधन लाने का मतलब था कि देश में चाहे किसी भी धर्म या समुदाय के लोग हो सबके लिए बराबर कानून बनाना। आजादी के बाद भी हिंदू समाज के अनेक नेता महिलाओं की बराबरी का अधिकार को देना आवश्यक मानते थे इसलिए हिंदू कोड बिल की चर्चा सामने आई। डॉ आंबेडकर हिंदू कोड बिल के सबसे बड़े समर्थक भी थे लेकिन बाकी नेता चाहते थे कि हिंदू कोड बिल के बजाय समान नागरिक संहिता लाई जाए।

## खास बात

### योगीतत्व, वृक्ष का महत्व,

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के मामले में पिछली सभी सरकारों को बहुत पीछे छोड़ है। अनेक रिकार्ड कायम कर चुके हैं। अब वह अपने ही रिकार्डों को पिछे छोड़ रहे हैं। इसमें पौधरोपण अभियान भी शामिल है। इस बार 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह नया रिकार्ड होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक साथ पांच करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। छह वर्षों में सवा सौ करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। एक से सात जुलाई तक आयोजित जागरुकता सप्ताह चलाया गया।

'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' का संदेश गूंजेगा। हाइटेक नर्सरी तैयार होगी। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग होगी। 'मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना' लागू होगी। 'खेत पर मेड़-मेड़ पर पेड़' के संदेश को चरितार्थ होगा। विगत वर्षों में बनाए गए 'खाद्य वन, बाल वन, नगर वन, अमृत वन, युवा वन और शक्ति वन' जैसे नियोजित पौधरोपण का अभियान आगे बढ़ेगा। पर्यावरण के बिगड़ने की समस्या से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। यह पशु पक्षियों, जीव-जंतुओं, पेड़ पौधों, वनस्पतियों, वनों, जंगलों,पहाड़ों, नदियों सभी के अस्तित्व के लिए घातक है। पर्यावरण और जीवन परस्पर आश्रित है। वृक्ष मानव के स्वास्थ्य का सबसे बड़ा रक्षा कवच है। वृक्ष के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुलन और संतुष्टि मिलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनेक योजनाओं ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इनमें से कई विश्वस्तर पर भी प्रतिष्ठित हुई है । वन महोत्सव में पौधरोपण इसी प्रकार का अभियान रहा है। भारत की केंद्र और उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग है। इसको पर्यटन व तीर्थाटन से भी जोड़ा गया है। यह विकास की समग्र अवधारणा में समाहित विचार है। इसके दृष्टिगत पर्यटन व तीर्थ स्थलों का विकास और इनसे संबंधित राजमार्ग का निर्माण शामिल है।

विगत वर्षों के दौरान इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। योगी आदित्यनाथ ने राम वनगमन मार्ग को वन महोत्सव अभियान में शामिल किया।

## दु:खद स्मृतियों को भूलो

### विचार-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

जब मन में पुरानी दुःखद स्मृतियाँ सजग हों तो उन्हें भुला देने में ही श्रेष्ठता है। अप्रिय बातों को भुलाना आवश्यक है। भुलाना उतना ही जरूरी है जितना अच्छी बात का स्मरण करना। यदि तुम शरीर से, मन से और आचरण से स्वस्थ होना चाहते हो तो अस्वस्थता की सारी बातें भूल जाओ।माना कि किसी अपने ने ही तुम्हें चोट पहुँचाई है, तुम्हारा दिल दुखाया है, तो क्या तुम उसे लेकर मानसिक उधेड़बुन में लगे रहोगे। अरे भाई ! उन कष्टकारक अप्रिय प्रसंगों को भुला दो, उधर ध्यान न देकर अच्छे शुभ कर्मों में मन को केन्द्रीभूत कर दो।

चिंता से मुक्ति पाने का सर्वोत्तम उपाय दुःखों को भूलना ही है।

सुख-दुःखों के ऊपर स्वामित्व

तुम सुख, दुःख की अधीनता छोड़ उनके ऊपर अपना स्वामित्व स्थापन करो और उसमें जो कुछ उत्तम मिले उसे लेकर अपने जीवन को नित्य नया रसयुक्त बनाओ। जीवन को उन्नत करना ही मनुष्य का कर्तव्य है इसलिए तुम भी जो उचित समझो सो मार्ग ग्रहण कर इस कर्तव्य को सिद्ध करो।

प्रतिकूलताओं से डरोगे नहीं और अनुकूलता ही को सर्वस्व मान कर न बैठे रहोगे तो सब कुछ कर सकोगे। जो मिले उसी से शिक्षा ग्रहण कर जीवन को उच्च बनाओ। यह जीवन ज्यों-ज्यों उच्च बनेगा त्यों-त्यों आज जो तुम्हें प्रतिकूल प्रतीत होता है वह सब अनुकूल दीखने लगेगा और अनुकूलता आ जाने पर दुःख मात्र की निवृत्ति हो जावेगी ।

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

#### आपदाओं का कहर

**बाढ़** से लेकर भूस्खलन तक, मानसून से संबंधित आपदाएं हर साल एक आम घटना बन गई हैं। बेतरतीब वनों की कटाई, अवैध निर्माण, लापरवाह खनन और उत्खनन, भारी वर्षा के साथ भूस्खलन की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। मानव-प्रेरित कारक प्राकृतिक आपदाओं के प्रमुख कारणों में से एक हैं। अब ऐसी आपदायें बढ़ती ही जा रही है।

**-आकाश कुमार,जमशेदपुर**

#### तार्किक सोच

**जब** न्यायालय में आपराधिक मामलों के निपटारे में बहुत समय लग जाता है, उसके बहुत सारे नुकसान होते हैं जैसे जिस योजना में पूंजी को निवेश किया जाना था, उसे निवेश नहीं किया जा सकता। इससे लोगों में आपराधिक प्रवृत्ति में भी वृद्धि हो जाती है। इन सबका भारत के आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। इस कोण से भी सोचा जाना चाहिए।

**-रविकांत सिंह, रांची**

> खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, तथा उपभोक्ता मामले विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों की प्रगति की समीक्षा की।देश के किसानों के विकास, और उनकी आय में वृद्धि को सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
>
> **- पियूष गोयल, केन्द्रीय मंत्री**

### आपके ट्वीट

पार्टी अध्यक्ष आदरणीय दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी ने राष्ट्रपति चुनाव में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के पक्ष में मतदान करने हेतु सभी माननीय सांसद एवं विधायकगण को निर्देशित किया है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





काशी के बारे में कहते हैं- बाबा की यह नगरी कभी थमती नहीं, कभी थकती नहीं, कभी रुकती नहीं! काशी का ह्यइंटरनेशनल को-ऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर- रुद्राक्ष आज काशी का विकास इसी रचनात्मकता का, गतिशीलता का परिणाम है।

**-नरेन्द्र मोदी**

# मुकदमों का अंबार, अदालतों की समस्या अपार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में तो सदियों से न्यायिक प्रणाली बहुत मजबूत रही है। रजवाड़ों के जमाने की न्याय प्रक्रिया के उदाहरण हम आज भी देते हैं। भारत के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली की आज भी हर जगह चर्चा और सराहना होती है।

हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ तो संविधान के निमार्ताओं ने न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग रखा। न्याय के लिए सशक्त कानून बनाए गए। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई । देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उदाहरण इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते आया फैसला है। उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पद के अयोग्य ठहरा दिया था। इससे अधिक न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मजबूती कहां देखने को मिल सकती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के तहत अदालतों को न्याय एवं अन्याय में फर्क करने का अधिकार हासिल है। सही क्या है तथा गलत क्या है यह अदालत विधान की पुस्तकों के आधार पर तय करती हैं। आज लम्बित मामलों की संख्या को देखकर कहा जा सकता है, इंसाफ चाहने वाले पीड़ित लोगों की संख्या दिन-ब- दिन बढ़ती जा रही हैं। देश की विधायी व्यवस्था में न्याय की शीर्षस्थ संस्था न्यायालय हैं।

### न्याय दिवस

**विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस**

यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की वकालत और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। 17 जुलाई 1998 को 120 से अधिक देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के लिए रोम संविधि नामक एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए थे। यह न्यायालय सबसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों वाले व्यक्तियों का विश्लेषण करता है और उन पर आरोप लगाता है। इनमें नस्लीय हत्या, युद्ध अपराध, मानवता के अपराध और आक्रामकता के अपराध शामिल हो सकते हैं। न्याय के बारे में एक पुरानी अंग्रेजी कहावत है कि न्याय में देरी करना न्याय को नकारना है और न्याय में जल्दबाजी करना न्याय को दफनाना है। यदि इस कहावत को हम भारतीय न्याय व्यवस्था के परिपेक्ष्य में देखें तो पाएंगे कि इसका पहला भाग पूर्णतः सत्य प्रतीत होता है। सीमित संख्या में हमारे जज और मजिस्ट्रेट मुकदमों के बोझ तले दबे प्रतीत होते हैं। एक मामूली विवाद कई सालों तक चलता है तथा पीड़ित को दशकों तक न्याय का इंतजार करना पड़ता है। यही वजह है कि लोगों में न्याय के प्रति गहरे असंतोष के भाव हैं।

बावजूद इसके आज भी न्यायपालिका परेशान लोगों के लिए सांत्वना का माध्यम है। निराश लोगों के लिए आशा की किरण है। गलत काम करने वाले लोगों के लिए भय का कारण है। यह बुद्धिमान और संवेदनशील लोगों के लिए मंदिर समान है। एक ऐसी शरण स्थली है जहां गरीब और अमीर दोनों को ही आसानी से न्याय मिलता है। न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठने वाले लोगों के लिए यह एक सम्मान और गर्व का स्थान होता है।

परन्तु आज के समय में गरीब लोगों की न्यायालय में पहुंच बहुत कम हो गई है। धूर्त लोग न्यायालयों का दुरुपयोग समाज के सम्मानित लोगों के विरुद्ध हथियार के रूप में करने लगे हैं। संविधान ने न्याय व्यवस्था की जिम्मेदारी अदालतों पर डाल दी है। वे ही न्याय के एकमात्र एवं सर्वोपरि स्त्रोत माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत के उच्च न्यायालय एक मुकदमे का निर्णय सुनाने में लगभग चार वर्ष से अधिक का समय लेते हैं। निचली अदालतों का हाल तो और खराब हैं। जिला कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चलने वाले एक मुकदमे का अंतिम फैसला 7 से 10 साल में आता है। लोगों का मानना है कि भारत की न्याय प्रणाली में अधिक समय खर्च होने का मूल कारण मामलों की अधिकता है। लेकिन असल समस्या है मामलों का शीघ्र निपटान न हो पाना। केवल यह कहकर कि हमारे न्यायिक तंत्र में खामियां बताकर उसे कोसते रहना उचित नहीं हैं। देश दे सभी सभी नागरिकों, जजों, वकीलों तथा हमारी सरकारों का यह दायित्व है कि न्याय व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

# रोमांच और मस्ती के 68 साल

**योगेश कुमार गोयल**

### स्थापना

**डिज्नीलैंड स्थापना दिवस**

17 जुलाई 1955 को ह्यवाल्ट डिज्नी पार्क्स के स्वामित्व वाले विश्वविख्यात डिज्नीलैंड की स्थापना हुई थी, जो अमेरिका के कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित एक ऐसा मनोरंजन और थीम पार्क है। यह इतना विशाल मनोरंजन पार्क है कि इसके संचालन और देखभाल के लिए यहां 65 हजार से भी ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। 17 जुलाई 1955 को सजीव टेलीविजन प्रसारण के साथ डिज्नीलैंड का पूर्वावलोकन किया गया था, जिसे आर्ट लिंकलेटर और रोनाल्ड रीगन द्वारा आयोजित किया गया था। उसके अगले दिन 18 जुलाई 1955 को डिज्नीलैंड को आम लोगों के लिए खोल दिया गया था, जहां एक डॉलर मूल्य का इसका सबसे पहला टिकट इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के भाई ने खरीदा था। अब यहां के एक दिन के टिकट की कीमत सौ डॉलर से भी ज्यादा है। वाल्टर एलियास वाल्ड डिज्नी द्वारा बनवाए गए डिज्नीलैंड में प्रतिवर्ष करीब एक करोड़ साठ लाख पर्यटक पहुंचते हैं, जहां अभी तक 50 करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं। इन पर्यटकों में कई देशों के राष्ट्रपति, राष्ट्राध्यक्ष तथा अनेक शाही लोग भी शामिल हैं।

डिज्नीलैंड का नाम इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के नाम पर ही रखा गया। वाल्ट डिज्नी पार्क्सह्ल द्वारा डिज्नीलैंड के अलावाडिज्नीलैंड रिसोर्ट कॉम्प्लेक्स का भी संचालन किया जाता है और डिज्नीलैंड को इस रिसोर्ट कॉम्प्लैक्स से भिन्नता प्रदान करने के लिए 1998 में डिज्नीलैंड को डिज्नीलैंड पार्क नाम दिया गया। डिज्नीलैंड की सबसे खास बात यह है कि यहां के हर हिस्से में यहां काम करने वाले कर्मचारी सदैव चेहरे पर मुस्कराहट के साथ ही नजर आएंगे किन्तु यहां की एक जगह ऐसी है, जहां कर्मचारियों को मुस्कराने की इजाजत नहीं है। यह जगह है डिज्नीलैंड का ह्यहांटेड हाउस, जिसके बारे में कुछ लोगों का यह भी मानना है कि इसमें वास्तव में भूत भी हो सकते हैं। कुछ समय पहले तक इस ह्यहांटेड हाउस में पर्यटक सेल्फी स्टिक के साथ सेल्फी के लिए भी आते थे किन्तु अब इसमें सेल्फी स्टिक लेकर जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। वाल्ट डिज्नी चाहते थे कि वे एक ऐसे थीम पार्क का निर्माण करें, जहां माता-पिता और बच्चे, दोनों ही एक साथ आनंद ले सकें। डिज्नीलैंड के रूप में उन्होंने अपने इसी विचार को मूर्त रूप दिया। दरअसल वर्ष 1940 के आसपास की बात है, जब एक बार रविवार के दिन वाल्ट डिज्नी अपनी दोनों प्यारी बेटियों डियान और भोरॉन के साथ ग्रिफिश पार्क में घूमने गए थे। हालांकि वहां दूसरे बच्चे मस्ती कर रहे थे लेकिन उनकी बेटियों को वह पार्क इतना अच्छा नहीं लगा। तब वाल्ट डिज्नी के मन में विचार आया कि क्यों न एक ऐसी जगह विकसित की जाए, जहां बच्चों के साथ-साथ बड़े भी भरपूर मस्ती कर सकें। उसी के बाद वाल्ट डिज्नी थ्रिलर और मस्ती से भरी एक ऐसी ही दुनिया के निर्माण में जुट गए। कहा जाता है कि वाल्ट डिज्नी डिज्नीलैंड की स्थापना करने के मुकाम तक पहुंचने में करीब तीन सौ बार असफल हुए किन्तु उन्होंने हार नहीं मानी और काफी लंबे प्रयासों तथा अथक परिश्रम के बाद डिज्नीलैंडके रूप में उनका सपना साकार हुआ, जो आज दुनियाभर में हर किसी के आकर्षण का केन्द्र बना है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व डीडीसी नागेंद्र सिन्हा के निधन पर कायस्थ महासभा ने जताया शोक



**रामगढ़।** रामगढ़ के पूर्व डीडीसी नागेन्द्र कुमार सिन्हा के निधन पर कायस्थ महासभा जिला रामगढ़ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कई दिनों से उनका इलाज हैदराबाद में चल रहा था। हमलोग आशान्वित थे कि जल्द वे स्वस्थ होकर अपने प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन करने लगेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार रात उनके निधन का समाचार ने हम-सब को विचलित कर दिया। अभाकाम के राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि उनके निधन से हम कायस्थ महासभा के चित्रांश स्तब्ध है। एक कुशल और अनुभवी प्रशासक को झारखंड ने खो दिया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, जिला महामंत्री राजीव रंजन प्रसाद, विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार व अन्य ने भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की ।

### सिद्धू कान्हू मैदान में पौधरोपण



**रामगढ़।** सिद्धू कान्हू जिला मैदान में रविवार को पौधरोपण किया गया। सीए अजीत जायसवाल ने बताया कि इस दौरान हम लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करेंगे। ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेवारी को समझे और वृक्षारोपण में योगदान दे। कहा की इससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद, डॉ रणधीर कुमार, रामचरित्र वर्मा, दिवाकर प्रसाद, शंकर साव, अनिल कुशवाहा, अर्जुन राणा, रविंद्र साहू, प्रदीप कुशवाहा, रेखा देवी, दीक्षा देवी, शोभा देवी आदि शामिल हुए।

### धूमधाम से मनेगा आदिवासी दिवस



**गिद्दी ।** रैयत विस्थापित मोर्चा कार्यालय रेलवे साइडिंग गिद्दी ए में डाड़ी प्रखंड आदिवासी समाज की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 09 अगस्त को भव्यरूप से विश्व आदिवासी दिवस सामुदायिक भवन गिद्दी ए में मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें तमाम संथाली, भोक्ता, करमाली, मुंडा, महली, उरांव समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले इसे भव्य रूप देने के लिए गांव-टोलों से तैयारी मंडली का गठन करते हुए अभी से ही तैयारी की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में भोक्ता समाज से सैनाथ गंझू, संथाली समाज से आर डी मांझी, उपप्रमुख दीपा देवी, करमाली समाज से दशरथ करमाली, मुंडा समाज से गोपाल बरदा, उरांव समाज की एतवा उरांव, सुनील गंझू, बहादुर मुर्मू, रविंद्र मिस्त्री अन्य उपस्थित थे।

### मिस कॉल से जुड़े एक हजार लोग



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक रविवार को बोंगावार मोतीराम काम्प्लेक्स में हुई। बैठक के दौरान उज्जवला फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मिस कॉल के तहत एक हजार से अधिक लोगों को जोड़ा गया। साथ ही केंद्र में भाजपा सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के बाद कही गई। प्रजापति ने बताया कि भाजपा का मिस कॉल सूची अटल सेवा केंद्र हजारीबाग और भाजपा प्रदेश कार्यालय को भेजा जाएगा। मौके पर आशा कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, पारो देवी, स्वाति देवी, प्रकाश केसरी समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### बदलेगा राजनीतिक समीकरण : रोशनलाल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग में आयोजित आजसू का संसदीय स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल होने को ले रविवार को आजसू के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता हजारीबाग के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। साथ ही राजनीति में मिल का पत्थर साबित होगा। हजारीबाग रवाना होने वालों में आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, विजय साहु, गुड्डू यादव, राजू कुमार, बिन्देश बेदिया, अशोक पाठक, विश्वरंजन सिन्हा, ब्रजेश सिंह, ब्यास पांडेय सहित दर्जनों आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

### सुदेश और चंद्र प्रकाश का किया स्वागत



**कुजू।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का नयामोड़ फोरलेन चौराहा में रविवार को आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नेताद्वय हजारीबाग में आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जाने के दौरान कुछ देर के लिए यहां रूके थे। मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, केंद्रीय सदस्य विजय साहू, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, वरीय नेता रामभजन लाल महतो, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, जयकिशोर महतो, अरविंद कुमार, तेजनाथ महतो तेजू, गुडडू सिंह, पारस महतो, प्रेम कुमार, हेमनी देवी, निर्मल करमाली आदि मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने लगभग 100 गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह बताया कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा।

## सीसीएल के सीएमडी ने कुजू में कई खदानों का किया निरीक्षण, कहा

# सारूबेड़ा खदान जल्द चालू होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** कुजू क्षेत्र का सीसीएल सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सारूबेड़ा, आरा, पुंडी, सीसीएल कुजू साइडिंग, तोपा व करमा परियोजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सारूबेड़ा के सीओसीपी खुली खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सारूबेड़ा खदान जल्द चालू होगा। साथ ही महाप्रबंधक को एक माह के भीतर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया। वहीं परियोजना में सलाना 10 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखने की जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि परियोजना के सीटीओ व ईसी पूरी तरह से क्लियर है, जल्द ही परियोजना का कार्य चालू किया जायेगा। उन्होंने आरा परियोजना के विस्तारीकरण में आड़े आ रहे मकान को जल्द खाली करने के साथ रैयतों को मुरपा में बसाने का निर्देश दिया। साथ ही स्टॉक पड़े कोयला को जल्द ही डिस्पैच कराने को लेकर महाप्रबंधक को निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने पुंडी, सीसीएल कुजू साइडिंग व तोपा परियोजना का निरीक्षण किया। मौके पर महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, जीएम ऑपरेशन बीपी गुप्ता, एसओईएंडएम परशुराम सिंह, एसओ माइनिंग अजीत कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर्स विजय कुमार, एसओपी गिरिश चंद्र, परियोजना पदाधिकारी पीएंडपी पीसी साहू, सारूबेड़ा पीओ अभिमन्यू सिंह, आरा पीओ ओपी सिंह, पीओ पवन कुमार के अलावे जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, राजेश कुमार यादव, रौशनलाल महतो आदि मौजूद थे।

# रजरप्पा में सीसीएल कर्मी को मारी गोली, रिम्स रेफर

## घटनास्थल से पुलिस ने बरामद किया खोखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में रविवार को बदमाशों ने सीसीएल रजरप्पा आवासीय कॉलोनी ए टाइप स्थित सरना स्थल मोड़ के पास सीसीएल कर्मी आशीष बनर्जी पर गोली चलाई। गोली लगने से सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने आशीष बनर्जी पर दो गोली चलाई। गोली आशीष बनर्जी के पेट और पीठ पर लगी है। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से रजरप्पा के सिल्वर जुबली अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रामगढ़ सदर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेजा गया, जहां इलाज के बाद उन्हें रांची रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटे हैं। घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा बरामद किया गया है। बता दें रजरप्पा आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में ही कुछ महीने पहले मजदूर नेता रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

### भदानी नगर में संदिग्ध हालात में युवती की मौत

**रामगढ़।** भदानी नगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीचा गांव में नवीं कक्षा की छात्रा की उसके घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। भदानी नगर ओपी प्रभारी राजदीप ने बताया कि उन्हें यह सूचना मिली थी कि गांव में युवती मनीषा की मौत हो गई है और आनन-फानन में अंतिम संस्कार करने की कोशिश की जा रही है। थाने पहुंची मृतिका की छोटी बहन अनीशा ने कई तरह के बयान भी पुलिस और मीडिया के बीच दिए हैं, जिनकी सत्यता की जांच की जा रही है। अनीशा ने यह बताया है कि बुधवार को जब वे जंगल की तरफ गई थी तो वहां तीन युवकों ने उनको बातों में फंसा लिया। युवकों ने बहन के साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। शनिवार को उसके पिता मदन मोहन सिंह और माता दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए जब घर से निकले तो अनीशा भी दातुन लेने के लिए घर से निकली थी लेकिन जब वह कुछ देर बाद घर लौटी तो देखा कि मनीषा जमीन पर गिरी हुई है और उसकी मौत हो चुकी है। उसने इसकी जानकारी गांव वालों और माता-पिता को दी। गांव वालों से ही पुलिस को इसकी जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रिजनल वर्कशॉप में चोरों ने मचाया उत्पात

## 10 लाख का लोहा और स्क्रैप लूटे, होमगार्ड के दो जवान घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत रीवर साइड भुरकुंडा स्थित सीसीएल के रिजनल वर्कशप में लोहा और स्क्रैप चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान चोरों ने सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों और होमगार्ड के जवान के साथ जमकर मारपीट की। घटना में दो जवानों के सिर में चोट आई है। जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। मामले की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात रीवर साइड स्थित सीसीएल रीजनल वर्कशप में 30 से 40 की संख्या में चोर पहुंचे। कुत्ते के भौंकने पर सुरक्षाकर्मियों ने चोरों को देखा और सायरन बजाने का प्रयास किया, लेकिन सायरन नहीं बजा। इसके बाद सुरक्षा में लगे कर्मी सिक्युरिटी रूम में भाग कर गेट बंद कर दिए। वहीं चोरों ने सुरक्षा कर्मियों को जान से मारने की धमकी देते हुए गेट खोलने को कहा और गेट तोड़ने की कोशिश करने लगे। सुरक्षा कर्मियों ने मारपीट न करने की बात कहते हुए गेट खोल दिये। चोर अंदर घुसे और सुरक्षाकर्मियों और होमगार्ड के जवानों पर हमला बोल दिया। मारपीट में होमगार्ड के दो जवानों के सिर फूट गया। चोरों ने सभी को एक कमरे में बंधक बना दिया और जमकर लूटपाट करने के बाद वहां से भाग खड़े हुए। घटना के बाद से सुरक्षाकर्मियों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है लोहा, पीतल, तांबा, स्क्रैप सहित करीब 10 लाख रुपये लागत के सामानो की लूट हुई है। घटना से भुरकुंडा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। घटना की लिखित शिकायत सुरक्षा विभाग की टीम ने भुरकुंडा ओपी में दर्ज कराया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वहीं लूटेरों के धर-पकड़ के लिए छामामारी अभियान भी भुरकुंडा पुलिस द्वारा जोरशोर से चलाया जा रहा है। यहां बताना लाजमी होगा की भुरकुंडा और आसपास विगत वर्षों में कई बार लूट होने के बावजूद अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### विद्यालय के चहारदीवारी का विधायक ने किया शिलान्यास

भुरकुंडा (रामगढ़)। रीवर साईड स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में रविवार को डीएमएफटी फंड से चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। इसका शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शिलापट्ट का अनावरण कर व विधिवत नारियल फोड़कर किया। बताया गया कि चहारदीवारी का निर्माण 23 लाख की लागत से होगा। मौके पर अम्बा प्रसाद ने कहा की विद्यालय के चारदीवारी के निर्माण से विद्यार्थियो को सुरक्षा मिलेगी और स्कूल प्रांगण भी महफूज रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए हर सार्थक कदम उठाती रहूंगी। मौके पर प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय, सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, मुखिया चंद्रावती देवी, संतोष यादव, जयंत तुरी,जगतार सिंह, राज किशोर पांडेय, अंजू देवी, विक्कू रजक, मनोज सिंह,रविंद्र सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टिफिन पर चर्चा में दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल

**रामगढ़।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को टिफिन पर चर्चा होटल लॉ मेरिटल में हुआ। प्रवीण मेहता ने नवनयुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा रामगढ़ जिले हेतु तय कार्यक्रमों को भव्यता के साथ संपन्न करवाने पर मिले निर्देशों को साझा करते हुए कहा की अब आगामी चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए हीं टिफिन पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमे हम सभी पार्टी सदस्य पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने कहा कि सभी कार्यक्रमों ने कार्यकर्ताओं को एकजुट जाना चाहिए । विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि प्रदेश से भेजे गए सभी कार्यक्रम हम सभी कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरने के लिए होता है।



रामगढ़ में टिफिन पर चर्चा के दौरान यदुनाथ पांडे व अन्य।

# जेई के खिलाफ उपभोक्ताओं ने किया काउंटर केस

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**चौपारण।** प्रखंड के ताजपुर, चतरा मोड़ सहित कई क्षेत्रों में एसडीओ के नेतृत्व में 13 जुलाई को बिजली चोरी रोकने के लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया था। इस दौरान लगभग 1 दर्जन से अधिक लोगों पर बिजली चोरी करने के आरोप में कनीय अभियंता के द्वारा जुमार्ने के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। लोगो का आरोप है कि जान बूझकर कनेक्शन रहने के बावजूद विभाग के द्वारा कानूनी कार्रवाई की गयी है। जिसके बाद प्रखंड के कई उपभोक्ताओं के द्वारा कनीय अभियंता पर नियम को ताक पर रखकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कनीय अभियंता ओंकार जायसवाल पर ऑनलाइन केस संख्या-307 धारा-482,420,506 काउंटर केस किया है।

इस सम्बंध में चौपारण नावाडीह निवासी बिजली उपभोक्ता मनोज यादव पिता सत्यानन्द यादव, मरहेड़ी निवासी नकीब खान पिता स्व रईस खान,दीपक सिंह पिता उदय प्रताप सिंह सहित ने थाने में आवेदन देकर कहा है कनीय अभियंता नियम को ताक पर रखकर जानबूझकर मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से झुठी एवं काल्पनिक तथा बिना सत्यापन के प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है। आवेदन के अनुसार विद्युत कनेक्शनधारी हूँ और फिक्स बिल का नियमित भुगतान करते आ रहा हूँ। आगे बताया कि बीते 13 जुलाई

### बिजली कनेक्शन के बावजूद उपभोक्ताओं पर लगा जुर्माना

कनीय विद्युत अभियन्ता चौपारण ओंकार जायसवाल मेरे पास आये तथा मुझे बोले कि आप 20,000/- बीस हजार रुपया दे अन्यथा आपके विरुद्ध 82,000/- रुपये विद्युत बाईपास जलाने के एवज में फाइन किया जायेगा तथा आपके विरुद्ध विद्युत चोरी करने का प्राथमिकी दर्ज किया जायेगा और डराने के लिए विद्युत कनेक्शन भी कुछ समय के लिए काट कर फिर जुड़वा दिये। मैंने रिश्वत देने से इन्कार किया तो वे मेरे विरुद्ध झुठी प्राथमिकी बाईपास बिजली जलाने का दर्ज किया जबकि मेरा विद्युत कनेक्शन 1 केबी का लिया गया था। जिसे 2केबी किया गया है तथा 2 केबी का ही में बिल भुगतान करते आ रहा हूँ।

## एक नजर में

### सीएमडी ने परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**चरही।** रविवार को सीसीएल के सीएमडी बी.बीरा रेड्डी चरही सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां पर स्थानीय अधिकारियों से परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया।उसके बाद अधिकारियों के साथ सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ,तापीन नार्थ,परेज,केदला वाशरी,झारखंड और केदला ओपेन काष्ट कोल परियोजनाओं का निरीक्षण किया।सीएमडी ने अधिकारियों को कोयला उत्पादन पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही।तथा कोलियरी में सुरक्षा पर भी ध्यान देने पर जोर दिया।कोलियरी के सड़कों को दुरूस्त करने की बात कही।तथा कोलियरी कर्मचारियों और कर्मियों के बारे में जानकारी लिया।परियोजनाओं को देखकर काफी खुशी महसूस किया।उसके बाद पुन:गेस्ट हाउस पहुंचकर हजारीबाग एरिया के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया।मौके पर जीएम केके सिन्हा,कुजू जीएम नीरज कुमार सिन्हा,परियोजना पदाधिकारी एनके पांडेय,आरएन सिंह,एनके दूबे, एनके झा,बीके साहू,एरिया के अधिकारी एससी डे,एनपी सिंह,संजीव कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद,सत्यप्रकाश राजदीप सहित कई अधिकारी,पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद पंचायत समिति का विस्तार



**पदमा।** सरैया केवड़ा नदी स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल का बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राजेश मेहता ने किया। संचालन प्रखंड मंत्री सिकंदर मेहता ने किया वही बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह के उपस्थित में सरैया पंचायत संगठन का विस्तार किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है उसे में खरा उतर कर पूरे पंचायत में हिंदुत्व का परचम लहराने का काम करूंगा। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक ने कहा कि हम सबको मिलकर पदमा प्रखंड में संगठन को पूर्ण रूप से विस्तार कर घर घर जाकर लोगों में हिंदुत्व की भावना को जागरूक करना ही हम लोगों का लक्ष्य होना चाहिए। उपाध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि हम सबों को कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करना है। संगठन विस्तार पर जोर देते हुए जिला संयोजक ने बताया अभी प्रांत के निर्देशानुसार जिलेभर के समस्त पंचायत गांव कस्बों तक बजरंग दल अपनी टोली का विस्तार करेगी ताकि ग्राम स्तर तक लव जिहाद गौ तस्करी धर्मांतरण जैसे हिंदुओं के ऊपर हो रहे जाग अन्य कृतियों को समूल नष्ट किया जा सके। मौके पर प्रखंड संयोजक पंकज मेहता उपाध्यक्ष राजेश मेहता प्रखंड सहसंयोजक सुभाष मेहता, पंचायत संयोजक नीतीश कुशवाहा, अजीत गिरी, पंकज गिरी, सतीश पांडे ,राहुल मेहता, हिमांशु गिरी, सौरव मेहता, रोहित मेहता, सचिन, भोला आदि लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** कांग्रेस पार्टी की मजबूती एवं विस्तार वादी नीति के मद्देनजर अहम बैठक रामगढ़ जिला के रांची रोड स्थित होटल यस रेस्टोरेंट में रामगढ़ जिला अध्यक्ष अजीत करमाली की अध्यक्षता एवं झारखंड प्रदेश सचिव ताहिर अली की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें बिष्णुगढ़ प्रखंड से बिष्णुगढ़ युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर तक मजबूती एवं पार्टी का विस्तार पर बल दिया गया। जिससे कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं की विचारधारा एक -एक व्यक्ति तक पहुंच पाए। इसी कड़ी में रामगढ़ जिला अध्यक्ष करमाली के आदेशानुसार दो विधानसभा क्षेत्र मांडू एवं रामगढ़ के विधानसभा कमेटी एवं प्रखंड कमेटी सत्यापन की सूची प्रदेश कमेटी को भेजी जाएगी। मौके पर सिंको खान , उत्तम कुमार, जियाउल अंसारी, अभिमन्यु कुमार, आजाद कुमार, विक्की सागर, रोहन कुमार ,राहुल सागर, संजू गुप्ता, अजय सागर, हसन अंसारी, आजाद खान इत्यादि गणमान्य उपस्थित थे।

### मुखिया के कामों की ग्रामीणों ने की सराहना



विष्णुगढ़। भेलवारा पंचायत मुखिया लक्ष्मी देवी पंचायत के हर छोटे बड़े कार्यों के प्रति गंभीर है । बीते दिनों मॉडल स्कूल से सम्बंधित खबर मंत्र प्रमुखता खबर छापी थी, जिसके बाद खुद के द्वारा विद्यालय जाने वाले रास्ते को समतलीकरण किया गया था, मुरगांव में यज्ञ के पूर्व रास्ते की मरम्मत खुद के पैसे से किया गया था। वर्षो से आदिवासी टोला के पड़वा पोखर में पीन के पानी की किल्लत को दूर कर लगभग तीन से चार खराब पड़े चापानल को दुरुस्त कराया गया है। साथ हीं जल नल की सुविधा भी मुखिया द्वारा हर जरुरी स्थान का चयन व्यवस्था करवाई है। जिससे लोगों ने लक्ष्मी देवी की सराहना हो रही है।

### झारओटीईएफ का होगा पुनर्गठनः रंजीत

हजारीबाग। सामुदायिक भवन सह वन चेतना केंद्र के प्रांगण में रविवार को एनएमओपीएस/झारओटीईएफ जिला इकाई की कार्यकारिणी के पुनर्गठन संबंधित दिशा-निर्देश हेतू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन सचिव रोशन एलेन मरांडी ने की।
बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने, छह अगस्त को जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन आदि का निर्णय लिया गया। जिला संयोजक रंजीत कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन को व्यापक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में संगठन सचिव रविंद्र चौधरी, मीडिया प्रभारी अमित राम, सोशल मीडिया प्रभारी रामविलास पासवान, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी, जिला संयोजक रंजीत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संरक्षक प्रकाश कुमार, किशोरी महतो, संदीप राणा, मधुसूदन कुमार सिंह, संजय चंद, देवेंद्र कुमार, विनोद कुमार रवि, संदीप कुमार, गणेश प्रसाद, विनय कुमार सिंह परमार, अवध बिहारी गोप, विजय कुमार वर्मा, विजय राणा, सुखदेव यादव, राजन गुरुंग, अभिनव गुप्ता, निवेश सिन्हा, रवि रंजन सिंह, प्रत्यूष बनर्जी, संदीप कुमार, राजकुमार दास, कृपेश कुमार, निधिश कुमार, मिहिर कुमार मिश्रा, अर्जुन राम, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# भगवान भरोसे खेती करनेवाले गुमला के किसानों का इंद्र देव ने भी छोड़ा साथ

दीपक राम काजू

**गुमला।** भगवान भरोसे खेती करने वाले गुमला जिला के किसानों का साथ इंद्र देव का भी नहीं मिल रहा है। गुमला जिला में जून माह में तो वर्षा लगभग नहीं हुई जुलाई माह में भी औसत से कम बारिश होने से जिले के किसान परेशान हैं। अब तक किसान अच्छी बारिश होने पर बिछड़ा तैयार कर लेते थे। लेकिन मानसून के दगा देने से किसान खेतों की ओर रूख भी नहीं करने पा रहे हैं। बारिश की स्थिति यही रही तो किसान साल में एक फसलीय धान की खेती करते हैं उससे भी वंचित हो जाएंगे। धान की फसल से ही किसान साल भर अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। बच्चों की शिक्षा का खर्च, बेटी के विवाह का खर्च या घरेलू खर्च जुटा पाते हैं। औसत से कम बारिश होने के कारण सुबह से ही किसान आसमान की ओर तकतकी लगाये बैठे रहते हैं। क्योंकि गुमला जिला में सिंचाई के साधनों का अभाव है। नदी, तालाब व डैम के आस-पास के खेतों में तो किसान मशीन लगाकर खेतों को सिंचकर खेती कर लेते हैं लेकिन दूसरे किसान खेत के लिए वर्षा के पानी पर ही निर्भर है। गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों में अब तक औसत से कम बारिश हुई है। जिसमें रायडीह प्रखंड में 124 मिली लीटर, चैनपुर में 56.2 मिली लीटर, डुमरी में 141.6 मिली लीटर, जारी में 153.9 मिली लीटर, विशुनपुर में 99 मिली लीटर, सिसई में 31 मिली लीटर, भरनो में 52.8 मिली लीटर, बसिया में 37.3 मिली लीटर व पालकोट प्रखंड में 49.4 मिली लीटर ही वर्षा हुई है। गुमला प्रखंड में वर्षा मापी यंत्र उपलब्ध नहीं है जबकि कामाडारा प्रखंड का वर्षा मापी यंत्र खराब है। जिसके कारण इन प्रखंडों के बारिश का आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाया। पिछले वर्ष 2022 में जून में 1154.7 मिली लीटर व जुलाई में 1428.7 मिली लीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें जून में 115.5 व जुलाई में 142.9 औसत वर्षा हुई थी लेकिन इस वर्ष किसी भी प्रखंड में औसत वर्षा नहीं हुई है। पिछले साल वर्षा ठरीक ठाक होने के बाद भी किसानों के खेतों में लगा बिछड़ा खराब हो गया था। इस वर्ष बिछड़ा तैयार करने में भी किसानों के पसीने छूट रहे हैं।

## धान की खेती के लिए बिचड़ा तैयार करने में किसानों के छूट रहे पसीने

- अब तक जिले में औसत से भी कम हुई है बारिश
- धान, तेहलन और दहलन के आच्छादन का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल
- रागी की खेती के लिए किसानों को किया जा रहा है प्रोत्साहित
- कम वर्षा में होती है जिले में अच्छी खेती, फिर भी खेती करना असंभव



## जिले में एक लाख 88 हजार हेक्टेयर धान आच्छादन का है लक्ष्य, अबतक मात्र 8% ही हुआ है आच्छादित

- दलहन में 30,200 हेक्टेयर आच्छादन करना है, 9 प्रतिशत हुआ आच्छादित, तेलहन में 7040 हेक्टेयर में आच्छादन करना है, अब तक 52 प्रतिशत हुआ आच्छादित

गुमला जिला में एक लाख 88 हजार हेक्टेयर भूमि में धान अच्छादन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अब तक 8 प्रतिशत ही अच्छादन किया गया है। वहीं मक्का का अच्छादन 8100 हेक्टेयर भूमि पर रखा गया है। जिसमें 68 प्रतिशत अच्छादन हो चुका है। रागी की खेती पर इस वर्ष गुमला जिला में विशेष जोर दिया गया है। प्रशासन भी रागी की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। जिले में रागी मडुवा के अच्छादन का लक्ष्य दस हजार हेक्टेयर भूमि पर रखा गया है। जिसमें अब तक 24 प्रतिशत अच्छादन किया गया है। रागी की खेती में पानी की आवश्यकता भी कम पड़ती है। वहीं दहलन में अरहर की खेती 16 हजार हेक्टेयर, उरद 8 हजार हेक्टेयर, मुंग 15 सौ हेक्टेयर, कुरथी 25 सौ हेक्टेयर व अन्य 22 सौ हेक्टेयर भूमि पर अच्छादन का लक्ष्य रखा गया है। वहीं तेलहन में मुंगफली 5 हजार हेक्टेयर में से 73 प्रतिशत अच्छादित किया गया है। तिल सौ हेक्टेयर में शून्य प्रतिशत अच्छादन, सोयाबिन तीन हेक्टेयर, सूर्यमुखी सौ हेक्टेयर व सरगुजा 15 सौ हेक्टेयर व अरंडी 40 हेक्टेयर में अच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिनमें अब तक जीरो प्रतिशत ही अच्छादन हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### हाथी के दो दांत बरामद, दो तस्कर धराये



**गुमला।** हाथी दांत की तस्करी के मामले में वन विभाग गुमला ने शहर के सिसई रोड से तस्करी के लिए ले जा रहे हाथी के दो दांत बरामद किया है। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में सिसई प्रखंड के बसिया रोड लकेया का प्रेम जायसवाल व पिलखी मोड़ सिसई का छोटन महतो है। ये लोग इलेक्ट्रीक स्कूटी में छिपाकर दो पीस हाथी दांत गुमला से सिसई ले जा रहे थे। सिसई के बाद हाथी दांत को ओड़िशा बॉर्डर तक ले जाना था। रविवार शाम को दोनों को जेल भेज दिया गया। कुरूमगढ़ रेंज के रेंजर जगदीश राम ने कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई कर हाथी दांत तस्करों को पकड़ा गया है।

### निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला।** भारतीय नवयुवक संघ श्री महावीर चौक गुमला के सदस्य सह गुमला के पत्रकार अजय शर्मा की माता व गुमला प्रशासनिक सेवा के पूर्व डीडीसी नागेंद्र सिन्हा के निधन पर भारतीय नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति परिवार ने गहरा शोक जताया है। जिनमें संघ के दामोदर कसेरा, बृजकिशोर फोगला, मनोज सिन्हा, विनोद सहारा, हिमांशु केशरी, आदित्य गुप्ता, प्रदीप कसेरा, रवि श्रीवास्तव, कैलाश पप्पू, राजू, गुप्ता, दीपू खंडेलवाल, विजय सोनी, रवि गुप्ता, राहुल केशरी, नीरज अग्रवाल, शेरा, रंजीत रॉय, बबलू वर्मा, सुमित कुमार, बिट्टू, कौशल मंत्री, सहित अन्य कई सदस्यों के नाम शामिल हैं।

### चिरी में आजसू के ग्राम प्रभारी चयनित



**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड में चिरी पंचायत में आजसू पार्टी ने ग्राम प्रभारी बनाने को लेकर बैठक की। जिसमें चिरी पंचायत के राजस्व ग्राम से ग्राम प्रभारी बनाया गया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी नीरु शांति भगत के अलावा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष विजय उरांव, रामविलास उरांव भी मौजूद थे। मौके पर ग्राम प्रभारी पंचायत का पूर्ण गठन हुआ। जिसमें पंचायत अध्यक्ष शंकर उरांव को बनाया गया। सचिव विनय लकड़ा, उपाध्यक्ष भारतेंदु इंदवार, संगठन सचिव मनोज लोहरा को बनाया गया। मौके पर सरस्वती, अजय उरांव, प्रदीप भगत, सुरेश उरांव, कार्तिक उरांव, मिथिलेश्वर, सिकंदर उरांव, मंगरा उरांव, कुलदीप सहित ग्रामीण भी थे।

### आसपास लोग नशापान को पनपने न दें समाज के विकास में बाधक : प्रियंका तिर्की



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के प्रेमनगर में चैनपुर मुखिया शोभा देवी की अगुवाई में ग्राम सभा हुई। जिसमें मुख्यालय क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में नाली सड़क, जलमीनार तथा नशापान जैसी समस्याओं को ग्राम सभा के सामने रखा। जिसपर उचित विचार का निर्णय लिया गया। वहीं चैनपुर पुलिस ने उपस्थित लोगों को डायन बिसाही, मानव तस्करी, नशापान जैसी कुरीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर थाना के एस आई प्रियंका तिर्की, मुखिया शोभा देवी, पांचयत सेवक संतोष यादव, वार्ड सदस्य रेखा मिंज, रश्मि भारती, ललित मिंज मौजूद थे।

### पतंजलि के कार्यकर्ता सभी प्रखंडों में योग आयुर्वेद का प्रचार करें : रामजीवन



**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांगण में पतंजलि भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी रामजीवन की उपस्थिति में हवन यज्ञ एवं पर्यावरण विषय पर विचार गोष्ठी हुई। जिला कार्यकारिणी बैठक एवं पौधरोपण एवं नवप्रशिक्षित योगप्रशिक्षक को सम्मानित किया गया। राज्य प्रभारी ने कहा कि योग शवों को आयुर्वेद से ही स्वास्थ्य का कल्याण हो सकता है। व्यक्ति को निरोग रहने के लिए पूर्ण श्रद्धा के साथ योग करना चाहिए। मौके पर जिला प्रभारी प्रवीण भारती, कौशल किशोर शाहदेव, आचार्य गणेश शास्त्री, योग प्रशिक्षक मानसी, गरिमा भारती, महिमा रानी, शिवराज एवं आयुष प्रियांशु को टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

### युवाओं को किया गया जागरूक



**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडू खेल मैदान में युवा सद्भावना मंच के तहत सेन्हा प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता की गयी। सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता फुटबॉल क्लब डाडू बनाम फुटबॉल क्लब एकागुरी के बीच हुआ। जिसमें फुटबॉल क्लब डाडू ने 0-1 गोल से फुटबॉल क्लब डाडू को पराजित कर अच्छा खेल का प्रदर्शन किया और विजेता घोषित किया गया। बीडीओ अशोक चोपड़ा ने कहा कि सद्भावना फुटबॉल मैच में किसी की हार नही हुआ है। कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक जीवन बेहतर और समाज को ऊंचाई तक ले जाना तथा भेदभाव को मिटाने के लिए किया गया है। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, पंसस दुर्गा राम, बीपीओ निलेंद्र कुमार, सुजीत भगत, अधीश खाखा भी थे।

### भव्य गंगा आरती का आयोजन आज



**गुमला।** जल संरक्षण के संकल्प को लेकर गुमला शहर में गंगा आरती की तर्ज पर सामूहिक दिव्य आरती स्थानीय लोगों की जन सहभागिता से 17 जुलाई को मुरली बगीचा तालाब में होगी। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के पीछे मूल मकसद नदी, तालाब एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर आवश्यक जन जागरूकता फैलाना है।

# राजधानी एक्सप्रेस का जल्द होगा ठहराव : सुदर्शन भगत

- लोहरदगा के विकास में रेलवे स्टेशन मील का पत्थर साबित होगा : धीरज साहू





कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि और उद्घाटन करते सांसद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म संख्या 2/3 ,फुट ओवरब्रिज प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तारीकरण एवं अन्य यात्री सुविधाओं का लोकार्पण लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि लोहरदगा के विकास में लोहरदगा रेलवे स्टेशन सहभागी बना है। आने वाले दिनों में वहां राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तो होगा। इस मार्ग से कई और ट्रेनें भी चलायी जायेगी, जिससे लोहरदगा ही नहीं गुमला सिमडेगा एवं लातेहार जिला वासियों को भी सुविधा होगी, सांसद सुदर्शन भगत ने रेलवे के क्षेत्र में और सुविधा बढ़ाने का अनुरोध डीआरएम से किया। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा से अन्य स्थानों के लिए भी नयी ट्रेनों का परिचालन शुरू होना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा के विकास में रेलवे स्टेशन मील का पत्थर साबित होगा। यहां बड़ी रेलवे लाइन के लिए मेरे बड़े भाई शिव प्रसाद साहु ने प्रयास किया था। अब यहां राजधानी एक्सप्रेस के अलावा अन्य ट्रेन का भी परिचालन होना चाहिए। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार, मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, कांग्रेसी नेता सच्चिदानंद चौधरी चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक यादव, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, ओम प्रकाश सिंह अजय पंकज, ओम गुप्ता, संजय बर्मन, देवाशीष कार आदि भी थे।

# 17 से कांग्रेस चलायेगी भारत जोड़ो की बात आम जनता के साथ कार्यक्रम : अजयनाथ

- कांग्रेस के जिला प्रभारी अजयनाथ शाहदेव ने प्रेस वार्ता कर दी कार्यक्रम जानकारी
- 5 सितंबर को समापन में किया जायेगा अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित



बैठक में शामिल कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** 16 जुलाई से 5 सितंबर तक कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम को लेकर रविवार को कांग्रेस के जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने गुमला परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस अभियान के तहत सभी लोगों के घरों में जाकर कांग्रेस पार्टी की उपलब्धि बतायेगी वही कार्यकर्ता इस दौरान लोगों की जन समस्या से अवगत हो तो उसके समाधान का कार्य करेंगे।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य के बार में इस अभियान के तहत लोगों को पार्टी कार्यकर्ता अवगत करायेंगे। भारत जोड़ो यात्रा से लोगों का समर्थन कांग्रेस को मिला था। श्री शाहदेव ने कहा कि जब देश में महंगाई चरम पर थी, तब राहुल गांधी ने इस यात्रा का आरंभ किया था। इस यात्रा में विघ्न डालने का भी भरसक प्रयास किया गया। लेकिन राहुल गांधी किसे के सामने झुके नहीं। कहा कि 5 सितंबर को इस अभियान का समापन होगा। जिसमें अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों को कांग्रेस सम्मानित करेगा। श्री शाहदेव ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देख कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर पर कार्य कर रही है और जिले में 80% बूथों पर कमेटी का गठन कर लिया गया है ताकि पार्टी मजबूत और संगठित हो और मजबूती के साथ लोकसभा का चुनाव लड़ा जा सके। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, अकील रहमान, राजीव रंजन महतो, विष्णु राम आदि भी थे।

# 19 को मुख्यमंत्री व राज्यपाल से मिलेंगे पिछड़ी जाति के प्रतिनिधि



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति कोर कमेटी की बैठक रविवार को पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदास नाग ने की। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें गुमला जिला सहित 7 जिलों में रोस्टर के तहत पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण जीरो कर दिया गया है उसके विरोध मांग पत्र राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सौंपा जायेगा और उनसे मुलाकात कर सातों जिलों में यथाशीघ्र पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देने की मांग की जायेगी। जिसका मांग किया जाएगा साथ ही जो मांग पत्र महामहिम राज्यपाल को दिया जायेगा। वहीं मांग पत्र सभी सातों जिलों के विधायक और सांसदों को भी दिया जायेगा और उनसे भी आग्रह किया जायेगा कि वे विधानसभा व लोकसभा सत्र में पिछड़ी जाति के मांग को रखें। अगर नहीं रखते हैं तो निश्चित तौर पर सातों जिलों में मशाल जुलूस एवं एकदिवसीय बंदी किया गया था।

# कार्यक्रम में लोगों को बतायेंगे राहुल गांधी का विजन : बेलस



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ कार्यक्रम 16 जुलाई से आगामी 5 सितंबर तक लोहरदगा जिला समेत प्रदेश के हर जिले में चलाया जायेगा। इसमें आम लोगों की समस्याएं सुनी जायेंगी और उन्हें राहुल गांधी के विजन को भी बताया जायेगा। इसके अलावा मोदी सरकार की विफलता को भी बताया जाएगा। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की ने रविवार को स्थानीय राजेंद्र भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश डेलीगेट जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नेता इस कार्यक्रम के तहत लोगों के घर-घर जाकर मिलने का काम करेंगे एवं राहुल जी के भारत जोड़ो यात्रा के उदेश्यों पर चर्चा करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे।

### चंचल सिग्नेस स्कूल में प्रेरणा शाखा ने लगाये पौधे



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने अपने आठ दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को पर्यावरण संरक्षण हेतु बाईपास रोड स्थित चंचल सिग्नस स्कूल में पौधरोपण किया। इस दौरान 25 पौधे स्कूल परिसर में प्रेरणा शाखा की सदस्य, स्कूली बच्चों ने लगाये। कार्यक्रम में आशा साबू अतिथि के रूप में आमंत्रित थीं। मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका अग्रवाल, अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सदस्य रचना अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, चंचल स्कूल की प्रिंसिपल सरिता कुमारी एवं सुबोध लाल मौजूद थे।

### खेत में काम के दौरान महिला को जहरीले सांप ने डंसा



**गुमला।** थाना क्षेत्र के आंजन की पदमावती देवी (40) को खेत में काम करने के दौरान रविवार को जहरीले सांप ने हाथ में डंस लिया। उसका एक हाथ फूल गया है। परिजन दो घंटे तक झाड़ फूंक कराते रहे। स्थिति गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

# कुलपति व अन्य पदाधिकारी का घेराव करेंगे विद्यार्थी

- केओ कॉलेज में बने बहुद्धेशीय भवन की जांच के बाद उद्घाटन की कर रहे मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में बहुद्देशीय परीक्षा भवन के उदघाटन कार्यक्रम में आने वाले रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति और अन्य पदाधिकारियों का कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जैसा कि विदित है कॉलेज के छात्र परिसर में लगभग 9 करोड़ की लागत से बने बहुदेशीय परीक्षा भवन में अनियमितता, कम गुणवत्ता वाले समान लगाए जाने और भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। कॉलेज प्रशासन को अनियमितता की जानकारी के बावजूद उसके उद्घाटन के लिए उतावली है और उदघाटन के नाम पर छात्रों का बेवजह पैसा बर्बाद कर रही है। छात्रों का आरोप है कि जिला प्रशासन को 22 मार्च और कुछ दिनों पूर्व ही इसकी लिखित शिकायत पर जांच के आश्वासन के बाद भी जांच नहीं की और कॉलेज प्रशासन के भवन उद्घाटन समारोह में शामिल हो रही है।

### दी श्रद्धांजलि

**डुमरी।** डुमरी थाना में कार्यरत चौकीदार ज्ञान प्रकाश एक्का का निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से बीमार थे। रविवार को डुमरी थाना में पदस्थापित पदाधिकारी और समस्त कर्मी उनके घर जाकर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी।

### दो घायल

**गुमला।** पालकोट रोड उर्मी ढलान के समीप बाइक खड़ी कर बात कर रहे युवक को पीछे से आ रहे स्कूटी सवार ने धक्का मार दिया। जिसमें बाइक सवार टैसेरा का भरत साहू (23) के दाहिने पैर पर गंभीर चोट लगी। स्कूटी सवार टोटो का लक्ष्मण उरांव (19) भी घायल हो गया।

# लोगों की सेवा ही मानव का परम धर्म है : दीपक सर्राफ



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 57 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 32 लोगों ने जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों का सेवा करना ही मानव का परम धर्म है, जीव सेवा-नर सेवा ही नारायण सेवा है और कहा कि लोग अपने सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करके देखें मन को काफी संतुष्टि की अनुभूति होगी, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं रख पाते हैं।

### स्वस्थ जीवन के बिना जीवन अधूरा है : अजय



**लोहरदगा।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार लगाया गया। इसमें 65 मरीजों ने नि:शुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा ज्योति और डॉ एसके गुप्ता ने इलाज किया। इसके अलावा ब्लड शुगर और हड्डी की जांच एल्केम लेब्रॉटरी कंपनी रांची के सुशील पांडेय एंड टीम ने बीएमडी मशीन से की। सभी मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त दवाएं दी गयीं। डॉ विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। डॉ नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव, पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा एसके गुप्ता ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में अब प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन्होंने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य ही सबकुछ है। इसका महत्व धन से भी ज्यादा है। स्वस्थ जीवन के बिना जीवन अधूरा है।

## भाजपा ने की गुमला विधानसभा क्षेत्र स्तरीय टिफिन पर चर्चा

# ज्वंलत मुद्दों के समाधान और विधानसभा में पार्टी के सशक्तिकरण पर जोरदार चर्चा




बैठक को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत व उपस्थित अन्य लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला के द्वारा गुमला विधानसभा स्तरीय टिफिन पर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वाईंट गुमला में किया गया। जिसमें गुमला विधानसभा के सशक्तिकरण एवं कार्यकताओं के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान व ज्वलंत समस्या के समाधान पर परिचर्चा की गयी। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत करायें। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रर है। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सह राजसभा सांसद श्री समीर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू व जिला उपाध्यक्ष सूचित नंदा, सत्यनारायण पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाड़ा, रामअवतार भगत, छोटेलाल उरांव, सोना मनी उरांव, अमरमणि उरांव, देवेंद्र लाल, किशोर मिश्रा, शैल मिश्रा, विनोद कुमार, दामोदर कसेरा, चितरंजन मिश्रा, ओबीसी मोर्चा के शंभू सिंह, विकास सिंह, सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी, संजय वर्मा, अजीत विश्वकर्मा आदि थे।

# मैट्रिक-इंटर में 70% से अधिक अंक लानेवाले 2,000 विद्यार्थी होंगे सम्मानित : आलोक दुबे

- 22 को पासवा द्वारा लोहरदगा में आयोजित होगा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह
- मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं उद्धघाटन कर्ता राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू होंगे



जानकारी देते आलोक दुबे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय लोहरदगा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि आगामी 22 जुलाई को जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह बी.एस.कॉलेज मल्टीपरपस हॉल (इग्नू हॉल) लोहरदगा में आयोजित होगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि पासवा का जिले का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई, आईसीएसई तथा जैक बोर्ड में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 2000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि उनका मनोबल बढ़ाकर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवम राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने की अपनी सहमति प्रदान की है। साथ ही देशभर से विभिन्न राज्यों से पासवा पदाधिकारी गण तथा झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सम्मान समारोह में सीबीएसई जैक बोर्ड तथा आईसीएसई बोर्ड में मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 70% से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मेडल द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## महिला सुरक्षा समिति ने की बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के बंगाखलार पंचायत अंतर्गत पडरिया में विधिक सेवा प्राधिकार एवं महिला सुरक्षा समिति के तत्वधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला सुरक्षा एवं जन-जागरूकता को लेकर कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बताया गया कि महिला हिंसा के खिलाफ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जन-जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। मौके पर विनोद साव, सुजाता कुमारी, सोनी देवी, अंजली एक्का, मिंटू साव, आराधना देवी, ॠकेश कुमार, आदि मौजूद थे।

## शशांक बने जिला संयुक्त सचिव, लोगों ने दी बधाई

**जयनगर (कोडरमा)।** झामुमो के जिला अध्यक्ष रहे स्व.श्याम किशोर सिंह के पुत्र शशांक सिंह को केंद्रीय समिति द्वारा जिला संयुक्त सचिव बनाया गया। शशांक ने इसके लिए गुरुजी शिबू सोरेन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्रीय समिति के अन्य पदाधिकारियों पार्टी के सभी मंत्रियों केंद्रीय नेतृत्व व जिलाध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। श्री सिंह ने कहा कि अपने पिता स्व.सिंह के साथ रहकर हमने राजनीत सीखी है, अब सब के सहयोग से पार्टी संगठन को ऊंचाई की बुलंदियों पर ले जाना है। बधाई देने वालों में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, जिला सचिव श्यामदेव यादव, केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, संजय पांडे, बैजनाथ मेहता, इस्लाम अंसारी, रविशंकर सिंह रिंकू, गंगा प्रसाद यादव, सुधाकर यादव, अशोक सिंह, मणिलाल पांडे, रामेश्वर प्रसाद यादव, दीपक विश्वकर्मा, पवन माइकल कुजुर, जगरनाथ पासवान आदि ने बधाई दी है।

## बिजली की समस्या से मुहल्ले के लोग परेशान

**जयनगर (कोडरमा)।** स्थानीय जयनगर झंडा चौक पर लगे ट्रांसफार्मर के पास से बार-बार फ्यूज उड़ जाने से मुहल्ले के लोग परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय जयनगर मस्जिद मोहल्ला के लिए चौक पर लगे ट्रांसफार्मर से प्रत्येक दिन फ्यूज उड़ जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। टांसफर्मर के पास काफी तार जल चुका है, जिससे बार-बार फ्यूज उड़ने का अंदेशा लगाया जा रहा है। वहीं लोगों ने बिजली विभाग से इसकी मरम्मत कराने की मांग की है।

## केंद्रीय विद्यालय के चारों ओर 20 फीट रिंग रोड छोड़ने की मांग

**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर केंद्रीय विद्यालय के कराए जा रहे निर्माण में विद्यालय के चारो तरफ 20 फीट का रिंग रोड छोड़ने की मांग की है। वहीं झामुमो नेताओं ने बताया कि वर्तमान में 20 फीट का रोड छोड़ा जा रहा है और पूरब दिशा की ओर मात्र 10 फीट का रोड छोड़ा गया है। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं झामुमो नेताओं ने बताया कि अल्पसंख्यक एवं खेल मंत्री हफीजुल अंसारी एवं महिला विकास एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी ने भी 20 फीट का रोड देने की अनुशंसा की है। मौके पर गोपाल यादव, गंगा प्रसाद यादव, उमेश राम, सत्यदेव राय, निर्मला तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## राधा-कृष्ण मंदिर को सुंदर बनाने के लिए 25 लाख होंगे खर्च

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत चाराडीह के समीप राधा-कृष्ण मंदिर को 25 लाख रुपए से सुंदर बनाया जाएगा। इस मंदिर को राज्य स्तरीय पर्यटन केंद्र की श्रेणी में शामिल किया गया है। सरकार की ओर से वहां आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। जिला स्तर पर गठितद्य पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में मंदिर के विकास को लेकर 50 लाख रुपए के आवंटन का प्रस्ताव राज्य को भेजा गया था। वहीं जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम ने बताया कि आवंटित राशि से मंदिर के समीप सौंदर्यीकरण के तहत वहां सीढ़ी व पेवर ब्लॉक के अलावा कल्वर्ट निर्माण का कार्य कराया जाना है।

## अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर व बोल्डर लदे एक हाइवा जप्त, चालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** बिना चलान बोल्डर लदे एक हाइवा व अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को जयनगर पुलिस ने रविवार की सुबह छापेमारी के दौरान जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर बालू लोड कर परसाबाद मोड़ से तेतरोन की ओर जा रही थी। वहीं गरचांच से एक बालू लदे ट्रैक्टर को भी जप्त किया गया एवं बोल्डर लदे जेएच12के/0667 हाइवा को तेतरोन से जप्त किया गया। वहीं चालक प्रमोद यादव पिता स्व तुलसी महतो साकिन गडगी को हिरासत में लिया गया। वहीं महादेव साव पिता किशोर साव ग्राम बेहराडीह थाना डोमचांच को भी हिरासत में लिया गया। वहीं एक चालक फरार हो गया। इस मामले में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा और पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि अग्रिम कार्रवाई हेतु खनन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है, इस दौरान कटिया पुलिस पिकेट प्रभारी इस्लाम अंसारी आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# जिला स्तरीय खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर हेतु चयन प्रतियोगिता सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में इसी वर्ष बाघीटांड स्टेडियम में खुलने वाले जिला स्तरीय खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाना था। जिसके लिए 15 जुलाई को प्रतिभागियों का चयन प्रतियोगिता सम्पन्न किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट लिया गया। फिजिकल टेस्ट में प्रतिभागियों का कद, वजन, वर्टिकल जम्प, मेडिसिन बॉल थ्रो, 6-10 मीटर शटल रन, 30 मीटर फ्लाइंग स्टार्ट, प्लैंक, पुशअप, हैंड पावर, 100 मीटर दौड़ में उनके प्रदर्शन के अनुसार उनको चुना जाएगा। वहीं तीरंदाजी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बो हैंड एलाइमेंट, आई साइट जैसे कुछ जरूरी टेस्ट लिए गए। चयन प्रतियोगिता में मुख्य रूप से तीरंदाजी में एनआईएस. क्वालिफाइड कोच एवं कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के सचिव विशाल सिंह, सीनियर तीरंदाज श्रेया कुमारी, आदर्श कुमार, आदित्य कुमार, सहयोगी विल्सन पॉल, सोनाली कुमारी, संदीप कुमार, रॉकी कुमार, सोनल पांडेय, नयन कुमार, प्रिंस कुमार समेत ताइकवांडो डे-बोर्डिंग सेंटर के मुख्य कोच अशोक कुमार ने ऑफिशियल की भूमिका निभाई। वहीं जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला खेल विभाग से धीरेंद्र कुमार सिंह, शिवम कुमार सिंह, टिंकू कुमार ने अपनी मौजूद्गी में यह चयन प्रतियोगिता सम्पन्न करवाया। इस चयन प्रतियोगिता में कुल 64 बालक एवं 37 बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें से कुल 15 बालक एवं 15 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाना है, जिन्हे सरकार द्वारा बाघीटांड़ स्टेडियम में निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं निःशुल्क तीरंदाजी सामग्री मुहैया करवाया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों का लिस्ट मंगलवार को प्रेषित किया जाएगा।

## लूडो, चेस व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस लूडो, चेस और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के बीच हुई। प्रतियोगिता के पहले राउंड में लूडो के बालिका वर्ग में पवन हाउस को प्रथम, आकाश हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला। वहीं बालक वर्ग में पवन, आकाश और धरती हाउस क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पवन, आकाश, धरती, बालिका वर्ग में पवन, धरती, आकाश को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में बालक वर्ग में पवन हाउस के आदित्य राज, धरती हाउस के जय



कुमार, पानी हाउस के रौनक भारती, आकाश हाउस के सौरभ कुमार, बालिका वर्ग में आकाश हाउस की स्नेहा कुमारी, धरती हाउस की रितिका गुप्ता, पवन हाउस की नैंसी कुमारी, पानी हाउस की दीप शिखा गुप्ता, टेबल टेनिस बालक वर्ग में आकाश हाउस के आभाष जेठवा, पवन हाउस के प्रियांशु सिंह, पानी हाउस के रॉबिन कुमार, धरती हाउस के रौशन कुमार तथा बालिका वर्ग में पवन हाउस की घटिका जैन और पानी हाउस की रिया रानी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

## मारपीट में घायल जवान शिवकुमार यादव की मौत



**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के आमीन गांव में रविवार को भूमि विवाद में हुई मारपीट में एस ?एसबी जवान शिवकुमार यादव की मौत हो गई। जबकि इस घटना में जयराम कुमार यादव घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि एस?एसबी जवान शिवकुमार यादव रविवार को ही डियूटी से अपना घर आये हुए थे। जैसे ही घर पहुँचे वे विवादित जमीन पर दूसरे पक्ष के लोग घोरान घोर रहे थे। मना करने पहुँचे तो उनपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे एस?एसबी जवान शिवकुमार यादव की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

# फल्गु उद्गम स्थल का होगा विकास, केंद्रीय सचिव ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सबानो पंचायत के इचाक कला स्थित फल्गु उद्गम स्थल का विकास किया जाएगा। इस आशय को लेकर रविवार को केंद्रीय सचिव सह राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक जे अशोक कुमार ने उद्गम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि उद्गम स्थल के भौतिक स्थिति का आकलन किया जा रहा है ताकि इसके विकास का रोड मैप तैयार किया जा सके। केंद्रीय सचिव के पहुंचने पर उद्गम स्थल पर मौजूद डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए डायरेक्टर अरुण इक्का एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, बीडीओ नीतू सिंह, सीओ सीके दास, इंस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार, उपप्रमुख दामोदर गोप सबानो मुखिया नरेश साव, आदि ने उनकी अगवानी की और उन्हें स्थल का निरीक्षण करवाया। बेलगडा का फल्गु उद्गम स्थल यहां के ग्रामीणों के लिए भक्ति और आस्था का केंद्र है। ग्रामीण इस नदी की पूजा अर्चना करते हैं और वनों को बचाने के लिए वृक्षों में रक्षा सूत्र बांधते हैं। मकर संक्रांति के दिन यहां के ग्रामीण समिति द्वारा मेले का आयोजन किया जाता है जहां विशेषज्ञ प्राकृतिक संरक्षण पर संबोधन करते हैं। इस मौके पर दही चूड़ा गुड़ तिलकुट आदि का मुफ्त वितरण होता है। इस स्थल के विकास के लिए हिंदू सेना के पूर्व अध्यक्ष पप्पू यादव ने खूब प्रयास किया था। उसके प्रयास के कारण ही उद्गम स्थल की साफ सफाई कर्मी और वहां के वन संरक्षित रहे। उसके निधन के बाद ग्रामीण कमेटी ने उद्गम स्थल के संरक्षण का अलग जगह रखा। यहां के ग्रामीणों की वर्षों से मांग की कि इस स्थल को विकसित किया जाए तथा नदी का पुनरुत्थान केंद्र सरकार की पहल और केंद्रीय सचिव के निरीक्षण के बाद आज उनकी मांग पूरी हो गई। उद्गम स्थल के विकास की चर्चा के बाद ग्रामीणों में जश्न का माहौल है। मौके पर समाजसेवी ग्यास मिन्या,विनय सोनी,अभिषेक कुमार, बीपीओ राजेश पासवान, पूर्व उपप्रमुख बाली ठाकूर उर्फ बलदेव ठाकुर शिमा कुमारी, दिनेश यादव हीरालाल विश्वकर्मा विशेष कुमार यादव सहित दर्जनों ग्रामीण व जिला के अधिकारी मौजूद थे।

## 3000 रूपया फाइन के बाद किया गया रिहा

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,चतरा राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपेयी के द्वारा के दिनांक 16 जुलाई 2023 को जेल आदालत का आयोजन किया गया। जेल आदालत में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुक्ति भगत,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनय कुमार लाल, एवं सदीश उज्जवल बैक न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी एवं जेलर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय सहायक मो.नौशाद आलम, मो हसन, प्रदीप कुमार बर्तम पि.एल.भी राजेश कुमार जेल अदालत मे मौजूद थे।अभियुक्त रोहन भुईयां पिता पेरू भुइयां स्थान कसियाडीह थाना राजपुर जिला चतरा,जिनका 33 वन अधिनियम के अन्तर्गत जेल में बंद था। जो अपना दोष स्विकार करते हुए 3000 रूपया फाइन जमा किया।अभियुक के सुकृति बयान के आधार पर रिहा किया गया। यह वाद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुक्ति भगत कोर्ट में लम्बित था।

## बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 12 लोगों का जत्था रवाना



बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना होते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अमरनाथ धाम में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए गढ़वा से 12 लोगों का एक जत्था रवाना हो गया। भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक के नेतृत्व में जत्था मंगलबार को जम्मू पहुंचेगी। बुधवार को सभी लोग पहलगाम पहुंचेंगे। पहलगाम से पंचतरणी पहुंचेंगे। वहा से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 35 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाड़ी पर यात्रा करेंगे। शुक्रवार को बाबा बर्फानी के दर्शन के बाद बालटाल के रास्ते वापस श्रीनगर पहुंचेंगे। जहां से माता वैष्णो देवी का दर्शन करेंगे। उसके बाद कारगिल पहुंच कर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करेगे।

अनंतनाग स्थित मार्केंड सूर्यमंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। मौके पर ब्रजेंद पाठक ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की अमन चैन और जिले वासियों की अमन चैन की कामना करेंगे। जत्था में संजय पांडेय, विजेंद्र तिवारी, विक्की कुमार, अभिमन्यु पाठक, कृष्णा नंद पांडेय, मनु उपाध्याय, उदय गुप्ता सहित एक दर्जन लोग शामिल है।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन को रौंदा, दो की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने अस्पताल जाने के रास्ते में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल एक युवक को सीएचसी मझिआंव से सदर अस्पताल गढ़वा व वहां से रांची रेफर कर दिया गया। घटना शनिवार देर शाम सात बजे बारिश के बीच की है। घटना के बाद कांडी थाना को तुरंत सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में मानदेव रजवार के 27 वर्षीय पुत्र चंदन रजवार एवं शंभू रजवार के 25 वर्षीय पुत्र अंकेश रजवार की मौत हो गई। वहीं दुखन रजवार के पुत्र उपेंद्र राजवार उर्फ फेंकू गंभीर रूप से घायल है। तीनों भंडरिया गांव के ही निवासी थे। ट्रैक्टर मझिआंव से सुंडीपुर की ओर जा रही था। वहीं बाइक सवार सोहगाड़ा से घर यानि उत्तर से दक्षिण की ओर जा रहे थे। बजरंगबली मंदिर के निकट सामने से ट्रैक्टर ने इन्हें चपेट में ले लिया। उपेंद्र एवं चंदन को एक ही निजी वाहन से मझिआंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने चंदन कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।





मृतक चंदन व अंकेश का फाइल फोटो

वहीं गंभीर रूप से घायल उपेंद्र रजवार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार अंकेश की मौत ले जाने में देर हो जाने के कारण हो गई। उसे घटना के एक घंटा से भी आकि समय के बाद 108 एंबुलेंस नहीं मिलने पर प्राइवेट गाड़ी से ले जाया जा सका। जो 8:30 बजे के बाद सीएचसी अस्पताल मझिआंव पहुंचा। इस बीच उसकी मौत हो चुकी थी। जबकि उपेंद्र एवं चंदन को एंबुलेंस के इंतजार के बाद प्राइवेट बोलेरो से ले जाया गया। मृतक चंदन रजवार पिता स्व.मानदेय रजवार के माता की भी मौत हो चुकी है। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई राजन अजमेर एवं सनोज चेन्नई में मजदूरी करते हैं। चंदन की शादी नहीं हुई थी। वह ट्रैक्टर चला कर गुजारा करता था।

मकान बनाने के लिए उसने ईट और एसबेस्टस लाकर रखा था। बालू लाने की जुगाड़ में घूम रहा था। मृतक अंकेश रजवार पिता शंभू रजवार की तीन वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मृतक की पत्नी राकिा, पिता एवं माता कबूतरी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक दो भाई एवं एक बहन था। पिता मुंबई में रह कर मजदूरी करके बेटी के शादी में हुए कर्ज को भरने के जुगाड़ में लगे हुए हैं। शनिवार सुबह मझिआंव पुलिस ने सीएचसी मझिआंव से शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा।

एक नजर में

## अखिल झारखंड छात्र संघ में पांच लोग शामिल

**गढ़वा।** अखिल झारखंड छात्र संघ के जिलाध्यक्ष अनुराग पासवान के नेतृत्व में आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के समक्ष पांच लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को पार्टी के जिलाध्यक्ष और छात्र इकाई के जिलाध्यक्ष ने पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा अनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रिंस कुमार, अवा कुमार, छोटू कुमार, दरोगा सिंह, अरविंद कुमार का नाम शामिल है। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आजसू पार्टी पूरे राज्य में तीसरे विकल्प के रूप में उभर रही है। आजसू का स्थापना ही छात्रों के बीच में हुआ है और हमेशा से आजसू छात्रों के विषयों को लेकर मुखर रहा है। आजसू का छात्र और नौजवान ही आधार रहे इसलिए छात्र नौजवानों को कभी आजसू अलग नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को डालटनगंज में पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का आगमन हो रहा है इसमें छात्र नौजवान लोग बढ़-चढ़कर के हिस्सा लें। अनुराग पासवान ने कहा कि आजसू पार्टी ही है कि जो छात्र नौजवानों का हित की बात करती है इसलिए संगठन के साथ तन मन धन के साथ जुड़कर संगठन को गति प्रदान करें। मौके पर छात्र इकाई के कोषाध्यक्ष रंजीता कुमारी ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों की नि:शुल्क जांच

**गढ़वा।** मिलाप मेडिकल सेंटर एवं लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम के संयुक्त तत्वावधान में गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत स्थित उर्दू मध्य विद्यालय परिसर में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रतापपुर के मुखिया सफीक खान ने किया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं, जेनरल फिजिशियन डॉ पियूष प्रमोद व डॉ असजद अंसारी ने कुल 110 मरीजों का निःशुल्क जांच किया। मौके पर मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर सह लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम के उपाध्यक्ष डॉ असजद अंसारी ने कहा कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के साथ ही जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में मरीजों को निःशुल्क जांच के साथ-साथ दवा वितरण भी किया गया। प्रतापपुर पंचायत के मुखिया सफीक खान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीणों को पूरा लाभ मिलता है। इस तरह का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। यहां सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जाता है। यहां मरीजों के इलाज के लिए हर तरह की आधुनिक मशीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मिलाप मेडिकल सेंटर के द्वारा प्रत्येक महीने के 30 तारीख को चिनिया रोड स्थित अस्पताल परिसर में उक्त शिविर का आयोजन किया जाता है। मौके पर रिजवान खान, चांद शाह, जहांगीर खान, वसीम खान, यूसुफ अंसारी, एएनएम सेजल, अंजली, नीलम, चन्द्रशेखर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पकरिया कस्तूरबा विद्यालय में मना 74वां वन महोत्सव

**चतरा।** शहर के पकरिया स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानन्द भोगता शामिल हुए। मंत्री सत्यानन्द भोगता ने दीप प्रज्वलित कर वन महोत्सव की शुरूआत की। मंत्री सत्यानन्द भोगता के विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर व बैंड बाजा बजाकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया। मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वन जीवन का आधार है। हमसब को कमसेकम खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाने चाहिए एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। वह हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इनसब से बचने का एक मात्र उपाय है पेड़ पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। उक्त वन महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उतरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी सबा आलम अंसारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राजद वरिष्ठ नेता चन्द्रिका यादव, जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, मुखिया अनिता कच्छप समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**इटखोरी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की इटखोरी प्रखंड समिति की बैठक मां भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड संरक्षक शक्ति सिंह व संचालन प्रखंड मंत्री रुपेश ने की। बैठक मैं मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार एवं जिला संयोजक अंकित पाण्डेय शामिल हुए। बैठक में विगत कार्यो की समीक्षा तथा आगामि कार्य योजना पर चर्चा कर रणनीति तैयार किया गया। बैठक में इटखोरी प्रखंड के सभी 16 पंचायतो व गाँव की समिति पूर्ण करने पर चर्चा हुई। इसके लिए प्रखंड समिति द्वारा सभी पंचायतो में पालक नियुक्त करने पर चर्चा की गई तथा 21 जुलाई को पुनः प्रखंड टोली की बैठक रखी गई। जिला मंत्री सुधीर कुमार ने बताया की 14 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पूर्व प्रखंड के सभी 16 पंचायतो में अखण्ड भारत संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समाज की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। बजरंग दल जिला संयोजक ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद् के स्थापना का 60 वर्ष पूर्ण होने को है,क्यों की विहिप की स्थापना श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था तो 07 सितम्बर श्री कृष्ण जन्माष्टमी से प्रत्येक समिति युक्त। पंचायत,खण्ड,उपखण्डों तक कार्यक्रम का आयोजन किए जाएंगे। बैठक मे मुख्य रूप से शक्ति सिँह, रंजीत सिन्हा, प्रखंड संयोजक प्रेम कुमार, प्रखंड मंत्री रुपेश कुमार, रंजन सिँह, मनोज पाण्डेय, गौरव सिन्हा समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## मुखिया संघ के प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा टाउन हॉल में मुखिया संघ के प्रखण्ड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सुबेश राम एवं संचालन विश्वजीत उरांव ने किया। बैठक में टंडवा क्षेत्र की विकास एवं विनाश के बारे में कई बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें प्रखंड में शिक्षा की विसंगतियों पर विशेष चर्चा हुवा एवं निजी विद्यालय में पुर्ननामांकन एवं 25% गरीब असहाय बच्चों का नामांकन मुफ्त हो एवं निजी विद्यालयों का कितना रजिस्ट्रेशन है उस पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलकर सूची उपलब्ध कराने पर भी निर्णय लिया गया। इन तमाम बिंदुओं पर मुखिया संघ ने बारी बारी से सम्बंधित विभाग से मिलकर समस्या समाधान कराने की निर्णय लिया गया। संघ में यह भी निर्णय लिया गया है की एनटीपीसी टंडवा के सीजीएम से मिलकर संपूर्ण टंडवा प्रखंड में बिजली देने की मांग करेंगे। इस मौके पर टंडवा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, पदुमपुर पंचायत की मुखिया मंजू देवी, कछियारी पंचायत की मुखिया सरिता देवी, कल्याणपुर मुखिया महेशमुंडा, कोयद पंचायत के मुखिया किशन राम गाडीलौंग मुखिया सबिदा खातून आदि उपस्थित हुए।

परेशानी : बरवाडीह में बड़ा घोटाला साबित हो रही है सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना

# घरों में लगे नल की टोटी और पाईप को निहार रहें हैं ग्रामीण

➲ शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कारवाई, कागजों में पूर्ण हो रही है योजना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना बरवाडीह प्रखंड में बड़ा घोटाला साबित हो रही है। योजना में चोरी करने वाला कोई ओर नहीं बल्कि ठिकेदार और इंजीनियर है। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों की शिकायत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने बरवाडीह प्रखण्ड के छेंचा पंचायत में पहुंचकर योजना की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि ज्यादातर गांवों में घटिया स्तर की पाइप लाइन बिछाई गई हैं। यही नहीं पाइपलाइन को गहराई में भी नहीं दबाया गया हैं। जिससे आने वाले समय में इसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। वहीं कई गांवों के घरों में नल लगा दिए गए है, लेकिन वहां पीने का पानी नदारद हैं। संवेदक और इंजीनियर ने इस मौके को तोहफे की तरह भुनाया है। ठिकेदार जैसे तैसे कार्य को संपन्न कराकर विभाग से भुगतान लेते जा रहें है। वहीं लोग शुद्ध पानी की आस में नलके की टोटी और पाईप को निहार रहें हैं। ठिकेदार द्वारा काम में की जा रही लापरवाही को सबंधित अधिकारी नजरअंदाज कर रहें हैं। ऐसा इसलिए की ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद भी किसी प्रकार की कारवाई नहीं हो रही है, और योजना सिर्फ कागजों में पूर्ण हो जा रही है। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि योजना का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिल पाएगा।


नल जल योजना के तहत लगी जलमिनार।

## ठिकेदार और विभाग को मिल रहा है इस योजना का लाभ : अफजल

जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने निरीक्षण के उपरांत खबर मंत्र को जानकारी देते हुए बताया कि छेंचा पंचायत के होरिलांग ग्राम में सहदेव राम के घर के समीप जल नल योजना के तहत लगाए गए जलमिनार में महज 80 फिट बोरिंग करके जलमिनार का ढांचा खड़ा कर दिया गया है। सुखलाल सिंह के घर के पास चापानल और जलमिनार लगाया गया है, पर बोर में पानी नहीं होने के कारण पानी किसी के घर तक नहीं पहुंच पा रहा हैं। वहीं हरिहर सिंह के घर के पास भी पुराने चापानल में जलमिनार लगा दिया गया है। यहां पानी नहीं निकलने के बाद जब ग्रामीणों ने हंगामा किया तो पुराने चापानल के बगल में 150 फिट बोर करके छोड़ दिया गया। विभाग की लापरवाही से स्थानीय ग्रामीण काफी आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजना का फायदा सिर्फ विभाग और ठिकेदार मिल रहा हैं।

## स्थानीय लोगों को नहीं मिला रोजगार

इधर अफजल अंसारी ने कहा कि पूरे प्रखंड में जल नल योजना के तहत हो रहे कार्य की जांच की जाएगी और संवेदक और संबधित पदाधिकारी पर कारवाई के लिए पूरे मामले की शिकायत जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से की जाएगी। बता दें कि विभाग इस योजना में स्थानीय लोगों को रोजगार भी नहीं उपलब्ध करा सका है। मिट्टी की खुदाई जेसीबी के माध्यम से कराई गई और लोग रोजगार की आस टकते-टकते दूसरे शहरों में पलायन कर रहे है। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह, स्थानीय पसस पति अनिल राम के साथ-साथ ग्रामीणों में अनिल राम जितेंद्र सिंह, विनोद कुमार, सुखलाल सिंह, हरिहर सिंह और सहदेव राम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नकुल साहू के घर में चोरी

➲ लगभग 3 लाख के जेवरात व मोबाइल ले भागे चोर

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे सरोज नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नकुल प्रसाद साहू के घर में शनिवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने लगभग 3 लाख रुपये के जेवरात व मोबाइल की चोरी कर फरार हो गए। घटना की भनक भुक्तभोगी को रविवार की सुबह तब हुई जब उठे तो कमरे से मोबाइल व जेवरात गायब पाया। घर मे काफी खोज बिन की पर कुछ पता नही चला, जिसके बाद भुक्तभोगी चंदवा थाना प्रभारी को दूरभाष पर मामले की जानकारी दी। घटना के सम्बंध में नकुल साहू के पुत्र विक्की कुमार ने बताया कि घर मे उपरे तल्ले में निर्माण कार्य चल रहा है। ऊपरी तल्ले के कमरे में सोए हुए थे, पत्नी के गहने व मोबाइल कमरे के रखा हुआ था, उसे चोर ले भागे है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोरों ने घटना को अंजाम देने से पूर्व कमरे में सोए लोगों पर बेहोशी का स्प्रे छिड़क दिया था, जिस कारण उन्हें घटना का अहसास तक नहीं हुआ व चोर आराम से निकल गए। हालांकि खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने डीजीपी को ट्वीट कर अभिजीत प्लांट में हो रही चोरी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया

➲ अगर पुलिस चोरी को रोकने में सक्षम नहीं तो आम नागरिकों को चोरी रोकने का अधिकार दे: प्रतुल शाहदेव




**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा है की सफेदपोशों के संरक्षण के कारण अभिजीत ग्रुप के चकला स्थित पावर प्लांट से लोहा चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रतुल ने अपने ट्वीट में झारखंड के डीजीपी को टैग करते हुए कहा की अखबारों की रिपोर्ट के अनुसार रोज सैकड़ों चोर बाहर से प्लांट में घुसकर चोरी करते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लांट के भीतर सैप के कई दर्जन हथियारबंद जवान, बहुत बड़ी संख्या में निजी सुरक्षाकर्मी मौजूद है। प्लांट के बाहर कुछ दूरी पर इंडिया रिजर्व बटालियन की भी एक कंपनी मौजूद है। पूरे क्षेत्र में लातेहार पुलिस का गश्ती दल दिखता रहता है। फिर भी चोरी नहीं रुकती। बीच में इक्का-दुक्का गिरफ्तारी और रिकवरी जरूर हो जाती है। प्रतुल शाहदेव ने डीजीपी को याद दिलाया कि उन्होंने पूर्व में भी 5 बार ट्वीट करके उनका ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है की अभिजीत प्लांट में लोहा चोरो का गिरोह कुछ अधिकारियों और सफेदपोशो के संरक्षण में इस पूरे चोरी को अंजाम देता है। प्रतुल ने ट्वीट में कहा कि अगर पुलिस से चोरी नही रुक रही हो तो क्षेत्र के ग्रामीणो और हम जैसे आम नागरिकों को अधिकार दें।

# एकमहुआ में डॉ. मनीष कुमार सिंह ने किया फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के एकमहुआ खेल मैदान में अकेला दिल बाहर क्लब के तत्वाधान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि डॉ मनीष कुमार सिंह अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फुटबॉल को किक मारकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत टूनार्मेंट का पहला मैच खेलगांव रांची व खलारी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें खलारी की टीम विजय रही। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ मनीष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मे भागदौड़ भरी जीवनशैली के बीच खेल मनोरंजन का जरिया मात्र नहीं है, बल्कि अपने आप को फिट रखने का एक बेहतर विकल्प है। स्वस्थ व फिट रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में किसी ना किसी खेल के गतिविधि से जुड़े रहना चाहिए। बता दें कि टूनार्मेंट आगामी 8 दिनों तक चलेगी, जिसमें 48 दिन अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूनार्मेंट के विजेता को 8000 रुपये नगद व खस्सी, वुप विजेता को 6000 रुपये नगद व खस्सी, तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को भी 4000 रुपये नगद प्रदान किया जाएगा वहीं मेसर्स संतोष कंट्रक्शन की ओर से भी विजेता को 51 सौ रुपए नगद व उपविजेता को 21 सौ रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर राजेश मेना, निशांत रंजन, जितेंद्र कुमार, गौतम कुमार, पवन सिंह, राजीव उपाध्याय, रोशन खाखा, संजय साहू, मनोरंजन खाखा, नितिन टोप्पो, जगन्नाथ मुंडा, मुकेश मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।


उद्घाटन के दौरान मौजूद लोग।

# मनिका प्रखंड में आइसा लातेहार का प्रथम जिला सम्मेलन हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन रविवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का प्रथम जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरूआत शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। वहीं सम्मेलन दो सत्र में हुआ। पहला सत्र में भाकपा माले प्रखंड सचिव कॉमरेड मुनेश्वर सिंह ने उद्घाटन संबोधन से किया। उन्होंने कहा कि आइसा एक क्रांतिकारी और संघर्षशील छात्र संगठन है जो छात्रों के मुद्दे पर हमेशा मुखर हो कर लड़ता है। आज पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था चौपट की स्थिति में है। केंद्र सरकार शिक्षा को भी निजीकरण करने की दिशा में चल पड़ी है। मोदी जी अपने यार अंबानी अडानी के लिए सस्ता मजदूर तैयार कैसे हो इस दिशा में लग गए हैं। आज जरूरत है और समय की मांग है कि किसान आंदोलन की तरह एक बड़ी छात्र आंदोलन हो। आज के दौर संघ और भाजपा की सरकार पूरी तरह से दमनकारी साबित हो रही है। अब शैक्षणिक संस्थानों को भी भगवाकरण किया जा रहा है। आज के दौर में भी गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों को पढ़ाई से भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ नारा बन कर रह गया है। लगातार यौन शोषण का मामला सामने आते रहता है। वहीं रंजीत कुमार सिंह ने सांगठनिक कार्य की रिपोर्ट रखा। जिस पर चर्चा करते हुए प्रवेक्षक गौतम दांगी के निर्देशन में एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमे नागेंद्र राम को जिला सचिव और मंडल उरांव को अध्यक्ष समेत 11 सदस्यीय कमिटी गठन किया गया। मौके गोपाल प्रसाद, संजय सिंह, नरेश कुमार, सोमनाथ उरांव, धनेश्वर सिंह, मनीष यादव, अनिल भुइयां, रूपेश सिंह, शमेंद्र उरांव, चंदन, अखिलेश, शिवशंकर उरांव, समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।



## युवती ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत छाताबर निवासी बलराम गंझु की पुत्री तन्नू कुमारी 20 वर्षीय घर मे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका युवती के साथ घर मे किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था। सभी परिवार मौसमी खेती के काम मे अपने-काम मे लगे हुए थे। अचानक घर कुंडी बंद देखकर परिजनों ने तन्नू तन्नू कहकर आवाज देकर दरवाजा खोलने के लिए कहा गया लेकिन घर से किसी प्रकार का कोई आवाज नहीं आया तो परिजन किसी प्रकार घर के अंदर प्रवेश किए। जहां युवती को फांसी से लटका देखकर परिजन हदप्रद रह गये। बताया जाता है की युवती रांची मे पढ़ती थी। घटना की जानकारी बारियातू थाना को दी गयी। घटना की सूचना पाते ही घटना स्थल पर बारियातू पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। इधर आत्म हत्या के कारणों को लेकर पुलिस हर बिंदुओ पर वारीकी से जांच कर रही है।

## रविवार को साप्ताहिक बंदी के तौर पर दुकानें रही बंद

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित गांधी चौक में शुक्रवार को महुआडांड़ के सभी दुकानदारों ने बैठक कर सर्वसम्मति से व्यापारी संघ बनाया गया था। बैठक के दौरान दुकानदारों के द्वारा साप्ताहिक बंदी के रूप में प्रत्येक रविवार, मेडिकल दुकान होटल कच्चा सब्जी दुध छोड़कर अन्य सभी प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया गया था। बंदी के फैसले को नहीं मानने वाले दुकानदार पर 1100 रू का जुमार्ना लगाने का निर्णय लिया गया था। और इस बात का सभी दुकानदारों ने एक स्वर से समर्थन किया था। जिसे लेकर महुआडांड़ के दुकानदारों के द्वारा रविवार को अपनी अपनी दुकानें बंद रखी गई।

## बिजली करंट के चपेट में आने से 3 छात्राएं घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत एकमहुआ खेल मैदान में चल रहे फुटबॉल मैच देखने के दौरान बिजली करंट के चपेट में आने से 3 छात्राएं प्रेरणा कुमारी पिता अशोक मुंडा (हड़गदड़वा) लक्ष्मी कुमारी पिता रघुनाथ गंझू (एक महुआ) व आभा कोंगड़ी पिता निर्मल कोंगड़ी (एक महुआ) गेंभीर रूप से घायल हो गयी। करंट की चपेट में आने से तीनों घायल तीनो छात्राओं को स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉ. प्रकाश बड़ाईक की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि चंदवा थाना क्षेत्र के एक महुआ खेल मैदान में फुटबॉल मैच हो रहा है, उक्त तीनों बच्चियां ऊंचाई पर चढ़ कर मैच देख रही थी। एकाएक विद्युत तार की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

बालूमाथ के चितरपुर ग्राम में भाजपा का टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नौ वर्ष के उपब्धियों के बारे में किया गया चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चितरपुर ग्राम में रविवार को केंद्र कि भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कौशल लाल नाथ शाहदेव, बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव सिंह, हेरहंज मंडल अध्यक्ष, चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, मनीष जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर टिफिन पर चर्चा करते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी की सरकार को पूरे नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। केंद्र सरकार गरीबों के लिए एक से बढ़कर एक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सीधा लाभ गरीब जनता को मिल रहा है। जिसमें उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित कई योजनाएं शामिल है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों को हम लोगों को मजबूत करते हुए प्रचंड बहुमत से विजई बनाना है। वही भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा हम सभी भाजपा कार्यकताओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक गरीबों को मिले यह प्रयास करना है। साथ ही कहा कि आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में केंद्र में एवं विधानसभा चुनाव में झारखंड में कमल खिलाना है। कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी हैं। भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए हम सभी को आज से ही लग जाना होगा। मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं को माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, उपाध्याय देवनंदन प्रसाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, रघुनंदन सोनी, जुनैद अख्तर, शैलेश सिंह, कृष्णा यादव, उपेंद्र प्रसाद, सूरज साह, राजेन्द्र साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते लोग।

मनिका प्रखंड में सड़क निर्माण में अधिग्रहित किए जा रहे भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किया गया बैठक

# उचित मुआवजा नहीं मिलने करेंगे आंदोलन: सुरेंद्र पासवान

➲ क्षेत्र के 8 गांव का भूमि सड़क निर्माण में जा रहा है रैयतों को मुआवजे की राशि मालूम होना जरूरी है: जितेंद्र यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लोहिया भवन में दिन रविवार को राष्ट्रीय मार्ग 39 पर बनने वाला फोर लाइन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए जा रहे भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह स्थानीय नेता सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में मनिका प्रखंड क्षेत्र से होते हुए गुजरने वाला फोर लाइन सड़क निर्माण से प्रभावित भूमि के सैकड़ों रैयतों ने सरकार द्वारा दी जा रही अपनी भूमि के मुआवजे पर कड़ा ऐतराज जताया। वहीं इस विषय में जानकारी देते हुए सुरेंद्र पासवान ने कहा कि कुछ ही दिनों में हमारे क्षेत्र में फोर लाइन सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने वाला है और क्षेत्र के लगभग 8 से 9 गांव से होते हुए सड़क का निर्माण हो रहा है और सभी गांव के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अलग-अलग है सबसे ज्यादा 30647 रुपए पर डिसमिल और सबसे कम दुंदु पंचायत का है जहां 1105 रुपए प्रति डिसमिल दिया जा रहा है सरकार के एन एच का मानना है कि इसका चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज इसी के विरोध में हम लोग सरकार से अपनी भूमि का उचित मुआवजा की मांग को लेकर बैठक कर रहे हैं, रैयतों को उचित लाभ कैसे मिलेगा,हमें मुआवजा लेने में क्या क्या परेशानी होगी और इसके लिए कौन-कौन से पेपर चाहिए इस विषय पर भी चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी कई जगहों पर फैक्ट्री लगी कितने रैयतों का भूमि अधिग्रहण हुआ लेकिन उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिल सका है इसका कारण यही है कि लोग जागरूक और एकजुट नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार हमें उचित मुआवजा नहीं देती है तो हम लोग एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेंगे। वहीं राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र के 8 से 9 गांव का अधिग्रहण के तहत भूमि जा रहा है जिस विषय में सभी रैयतों को मालूम होना चाहिए कि उनका भूमि सड़क निर्माण में कितना जा रहा है और उसकी मुआवजे की राशि कितनी है इसके लिए हम सभी रैयतों को एकता बनाने की जरूरत है। मौके पर फोर लाइन सड़क निर्माण से प्रभावित रैयत महेश सिंह, गिरवर मांझी, हरिहर यादव, सीताराम यादव, प्रेमनाथ प्रसाद, नरेश यादव, अजय कुमार गुप्ता, सकलदीप यादव, प्रदीप यादव, आनंद प्रजापति, अमरेश यादव, विशाल पासवान, मिथिलेश पासवान, संजय यादव, केश्वर पासवान, योगेश्वर यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित लोग।

एक नजर में

## ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, दोनो के पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त


घायल को अस्पताल ले जाते लोग।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के लाधुप के पास रविवार की शाम लगभग 5 बजे ओवर टेक ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक का परखच्चा उड़ गया और बाइक सवार दो युवक चारो उरांव पिता चमरा उरांव व राजू उरांव पिता सोहराई उरांव (कुडू बारेडीह) गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक के चपेट में आने से दोनों युवकों का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व चंदवा पुलिस की मदद से दोनो घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि ट्रक चंदवा से कुडू पर जा रही थी जबकि बाइक सवार युवक अमझरिया से कुडू बारेडीह जा रहे थे, इसी क्रम में बाइक ट्रक को ओवर टेक कर आगे निकलना चाहा इसी दौरान ट्रक के चपेट में आ गए। इधर पुलिस दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी थी।

## बीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण करते बीडीओ।

**महुआडांड़।** बीडीओ अमरेन डांग ने रविवार को अनुसूचित जन जाति आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बीईइओ घनश्याम चौबे भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री डांग ने विद्यालय प्राचार्य गिरिजा राम से छात्रों को दिए जाने वाली भोजन व्यवस्था की जानकारी ली साथ ही बच्चों को मेन्यू के अनुसार खाना देने और मेन्यू प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ ने खुद ही छात्रों को दी जाने वाली भोजन की स्थिति की जांच की और भंडार घर का भी निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद विद्यालय प्राचार्य से होस्टल और छात्रों को हो रही परेशानी के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर विद्यालय कर्मी, छात्र समेत कई लोग मौजूद थे।

## बीएलओ पर्यवेक्षक को डोर टू डोर सर्वे का दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण देते बीडीओ।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के क्रम में सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को घर-घर सत्यापन (डोर टू डोर सर्वे) करने हेतु आयोग से प्राप्त पीपीटी एवं विडियो क्लिप के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ श्रीमति कुमारी ने बताया कि 21 जुलाई 2024 से 21 अगात 2024 तक डोर टू डोर सर्वे करने का तिथि निर्धारित है। जिसमें सभी बीएलओ अपने-अपने पोषक क्षेत्र में ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक से कार्य करें ताकि मतदाता योग्य व्यक्ति ना छुटे। मौके पर आलोक दुबे, पर्यवेक्षक विमला कुमारी, विजय कुमार नागेन्द्र कुमार, मधुवाला देवी, विजनती कुमारी,विनीता खलखो, सबिता देवी सुषमा देवी के अलावा सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## मुखिया व पंसस ने साड़ी, धोती एवं लुंगी का किया वितरण


साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण करते मुखिया व पंसस।

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित बरदल पीडीएस दुकान से रविवार को सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत कार्डधारकों के बीच साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण किया गया। मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा, पीडीएस दुकान के संचालक मंजु देवी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया। पंसस होजैफा ने कहा कि सरकार की तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पंचायत के विकास और सामाजिक समरसता कायम करना उद्देश्य है। मौके पर ग्रामीण समेत कई कार्ड धारी मौजूद थे।

## अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के अंबाकोठी निवासी नरेश ठाकुर के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। हालांकि चोरों को बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी। इस संबंध में भुक्तभोगी श्री ठाकुर ने बताया कि हम सभी सपरिवार अपनी बेटी का घर छठी में ग्राम मुरहू खूंटी जिला गए हुए थे। घर पर आसपास के लोगों द्वारा सूचना दी गई कि, आपके यहां चोरी हुई है। जिसके बाद हम सभी लातेहार पहुंचे और घर की जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि घर से सिर्फ चांदी की पायल जिसका लागत 12 हजार है, वह गायब हो गया। वहीं घर के सारे सामान बिखरे पड़े थे। हालांकि इसकी सूचना थाना को दे दी गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच पड़ताल हो रही है, हालांकि अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ हैं।

## सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी के द्वारा दी गई कई जानकारियां


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** धनकारा पंचायत मे सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी के द्वारा महिलाओ को संस्था के बारे में कई जानकारिया दी गई। बता दें कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था लगातार प्रयास कर रही है। इससे महिलाए आत्म निर्भर भी हो रही है। ट्रस्ट के माध्यम से अगरवत्ती, सिलाई, पापड़, मोमबत्ती, सिलाई कढ़ाई आदि प्रशिक्षण गांव मे जाकर दिया जाता है। जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके। हमारे संस्था चार साल से गरीब लड़कियो के पढ़ाई में सहयोग हेतु पठन-पाठन समग्री एवं लड़कियो के शादी के समय भी आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग करना, समय-समय पर पापड़, अगरबत्ती, मोमबत्ती, सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण गांव मे जाकर महिलाओ को दिया जा रहा है। वहीं जिला प्रभारी राजु सिंह ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है ताकि संस्था से जुड़कर लाभ ले सके। मौके पर प्रखण्ड प्रभारी राजवर्धन सिंह, पंचायत प्रभारी कमला देबी, रबिना कुमारी सहित दर्जनों महिलाए मौजूद थे।

# स्पीड न्यूज

## सुंदर नगर के तालाब में है गंदगी का अंबार

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने वर्षा जल संचयन हेतु एक तरफ तालाब निर्माण कराया जा रहा है, वहीं पूर्व में बने तालाब को प्रदूषित हो जाने एवं इस पर ध्यान न देने पर सवाल खड़ा किया है। समाहरणालय के समीप सुंदर नगर स्थित तालाब गंदगी से पटा हुआ है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारी को आमंत्रण दे रहा है। यहां के निवासी भी कचरे को इसी तालाब में डालकर इसे विद्रूप बनाने को आमादा हैं। इस तालाब के जीर्णोद्धार हेतु वर्ष 2019 में भी आवाज उठाई गई थी। यही हाल अरघौती नदी का है, जो शैवाल से पूरी तरह पटा हुआ है। जिससे पानी भी नजर नहीं आता। इस संबंध में बसंत ने अविलंब इन कमियों को दूर कर इसकी सार्थकता बहाल करने की मांग की है।

## प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 52/23 के प्राथमिकी अभियुक्त फुलंगी यादव पिता स्व नूनी महतो तथा 24 वर्षीय सोनू यादव पिता महादेव यादव तथा थाना कांड संख्या 53/23 के प्राथमिकी अभियुक्त सुरेश यादव पिता बासुदेव यादव, 24 वर्षीय बिनोद यादव पिता लक्ष्मण यादव सभी साकीन कुशहाना थाना मरकच्चो निवासी को शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि उक्त दोनों अभियुक्तों द्वारा मरकच्चो थाना में आवेदन दिया गया था, जहां दोनों तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोगों के ऊपर प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। वही आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी मामला दर्ज करते हुए दोनों तरफ से दो दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## विद्युत पोल झुकने से दुर्घटना की आशंका बढ़ी दुरुस्त कराने की मांग

**झूमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गौशाला रोड बजरंग नगर के समीप मुख्य सड़क के किनारे लगे सीमेंट का एक विद्युत पोल के झुकने से लगातार दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को आवेदन देकर पोल को दुरुस्त करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क के किनारे लगा विद्युत पोल बरसात में मिट्टी गीली होने से लगातार झुक रहा है, जो कभी भी मुख्य सड़क पर गिर सकता है और जानमाल की नुकसान हो सकती है। लोगों ने बताया कि सड़क के किनारे पोल झुकने से खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे और अन्य राहगीरों पर हमेशा खतरा बना रहता है।

## बारी पंचायत में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान

**चक्रधरपुर।** जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा के नेतृत्व में रविवार को सोनुवा प्रखंड के बारी पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान बारी पंचायत के उप मुखिया सिदियू डांगिल एवं वार्ड सदस्य आसाय संवैया के नेतृत्व में 50 से अधिक लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों को जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने फूलों का माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। जदयू में शामिल होने वालों में ज्यादातर झामुमो और भाजपा के समर्थक थे।

## प्रदर्शन व सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित साहू धर्मशाला में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की आयोजित होने वाली 21 जुलाई को प्रदर्शन व सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी नेता रविंद्र शांडिल्य ने की जबकि संचालन झारखंड आंदोलनकारी नेता गंगा प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदर्शन के दौरान सौंपी जाने वाली स्मार पत्र में मुख्य बिंदु सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसे रविंद्र शांडिल्य ध्वनि मत से प्रस्ताव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड सरकार में झारखंड आंदोलनकारियों की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को सीधी नियुक्ति दिया जाए।

# सरकारी स्कूलों की संस्कृत पुस्तक में उलटे छपे तिरंगे को सीधा करने में जुटा विभाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पिछले दिनों समस्तीपुर से यह खबर आई कि बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड की ओर से छपी पुस्तक से बच्चों को तिरंगा का उल्टा पाठ पढ़ाने में गुरुजी जुटे हुए हैं। वर्ग सातवीं की संस्कृत पुस्तक अमृता के चौथे अध्याय में तिरंगा को उल्टा दिखाया गया है। छपी तस्वीर में हरा रंगा ऊपर और केसरिया नीचे है। स्वतंत्रता दिवस नाम के इस अध्याय में बच्चों को आजादी के बारे में बताया गया है। राज्य सरकार ने इसी अध्याय में तिरंगे की गलत तस्वीर छापी है। इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह खबर समस्तीपुर से आई थी। सातवीं की संस्कृत पुस्तक 'अमृता' के चौथे अध्याय की पेज संख्या 26 में यह गड़बड़ी पाई गई है। चौंकाने वाली बात यह कि जब लोकल 18 की टीम राजधानी पटना के अलग-अलग स्कूलों में गई और वहां संबंधित पाठ में छपे राष्ट्रीय ध्वज को देखा तो कोई गड़बड़ी नहीं मिली। पटना के संपतचक प्रखंड के एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि हमारे स्कूल में जो किताबें बांटी गई हैं, उनमें किसी प्रकार की कोई चूक नहीं है। राष्ट्रीय ध्वज में सभी रंग यथावत हैं। कहीं कोई गलती नहीं है। इसी प्रकार अरवल जिले के एक स्कूल में भी बांटी गईं किताबों में भी किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं मिली। हालांकि समस्तीपुर के रोसड़ा के शिक्षक कुमार रजनीश ने बताया कि वे पुस्तक अमृता द्वितीय भाग पढ़ाने गए तो इस क्रम में उन्होंने पेज 26 पर पाठ 4 में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे की उल्टी तस्वीर देखी। इससे बच्चों में गलत संदेश जाएगा।

**वापस मंगाई जाएंगी किताबें :** बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक आईएएस मनोज कुमार की देखरेख में ये किताबें छापी गई हैं। इस पूरे मामले पर जब शिक्षा विभाग के सचिव बैधनाथ यादव से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि सातवीं की पुस्तक में तिरंगा की उल्टी तस्वीर छपना तकनीकी गड़बड़ी है। पुस्तक को दो दिनों में सभी जगह से वापस लिया जाएगा। इसे ठीक कराकर भेजा जाएगा। आपको बता दें कि वर्ष 2023-24 में वर्ग 7 के लिए संस्कृत विषय की पुस्तक अमृता की 13,36,099 प्रतियां राज्यभर के बच्चों के बीच मुफ्त बांटी गई हैं। जबकि वर्ष 2021-22 में 3,73,213 और 2022-23 में इसकी 6,14,321 पुस्तकें छापकर बांटी गई थीं।

# सजायाफ्ता कैदी ने नस काट आत्महत्या का किया प्रयास, नाजुक






## कारा प्रशासन की लापरवाही के कारण बंदी ने किया आत्महत्या का प्रयास

केन्द्रीय कारा में शनिवार की शाम में जिला प्रशासन ने छापेमारी की थी। उक्त छापेमारी में एक भी आपत्तिजनक सामानों की बरामदगी नहीं हुई। दूसरे दिन एक बंदी किसी नुकीले सामान से अपने दोनों हाथों के नस एवं गर्दन को काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जाता है। यह घटना जेल प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है। आत्महत्या का प्रयास कारा प्रशासन की लापरवाही के कारण घटी है। इस मामले की जांच होनी चाहिए,ताकि यह पता लग पाए कि आखिरकार बंदी को नुकीले सामान कहां से मिले।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** केन्द्रीय कारा के एक सजायाफ्ता कैदी अहमद अली उर्फ बैलू (33) ने दोनों हाथों के नस एवं गर्दन काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह घटना रविवार को सुबह करीब 8:30 बजे हुई है। आनन-फानन में कारा प्रशासन ने बंदी को इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बंदी का अस्पताल के कैदी वार्ड में चल रहा है। सजायाफ्ता बंदी को सुरक्षा की दृष्टिकोण से हजारीबाग के सेंट्रल जेल से दुमका के केंद्रीय कारा में स्थानांतरित किया गया है। वह 1 साल से केंद्रीय कारा में सजा काट रहा है।

कारा अधीक्षक एस चौधरी ने बताया कि सुबह में वह किसी नुकीले सामान से हाथ और गर्दन के पास काट लिया है। हालांकि उसकी हालत में सुधार है। बंदी हजारीबाग जिला का ही मूल निवासी है और उसे प्रशासनिक दृष्टिकोण से दुमका केंद्रीय कारा में ट्रांसफर किया गया है। उसे हत्या के एक केस में आजीवन कारावास की सजा हुई है। काराधीक्षक ने बताया कि केन्द्रीय कारा में उक्त बंदी को मन नहीं लग रहा है। उसे हजारीबाग के ही जेल में रहने की इच्छा है। उन्होंने कहा कि घायल बंदी का अस्पताल के कैदी वार्ड में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इलाज की जा रही है।

## जेल अदालत सह जागरूकता शिविर

**दुमका।** केंद्रीय कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जेल अदालत व्यवहार न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, विजय कुमार यादव के न्यायालय में वाद निष्पादन के निमित्त केंद्रीय कारा, दुमका में संसिमित तीन बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। जिसमें एक बंदी को रिहा किया गया एवं समय अवधि कम रहने के कारण दो बंदियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। इस अवसर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा जेल अदालत विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक जागरूकता अंतर्गत प्ली बारगेनिंग एवं रिमांड में बंदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत, डेप्युटी चीफ, लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता सिकंदर मंडल, सहायक रोबिन कुमार न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे।

# 15 साल बाद बनेगी सोनुवा में पड़सा-बैधमारा सड़क

## मंत्री जोबा माझी ने रखी आधारशिला




खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सूबे की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री माझी ने रविवार को सोनुवा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित पड़सा-बैधमारा भाया भालुरुंगी, शशिकला, आसनतलिया तक लगभग दस किमी मुख्य सड़क व बेगुना में एक हजार मैट्रिक टन खाद्यान्न गोदाम निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। कई सड़को का शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा कार्य करती आ रही है। उन्होंने विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील जनता से किया। सड़क का निर्माण 15 वर्ष पूर्व हुआ था। समय के साथ सड़क काफी जर्जर अवस्था में था। जिसके निर्माण के लिए ग्रामीण मांग करते आ रहे थे। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। वही, बेगुना में खाद्यान्न गोदाम का निर्माण होने से सोनुवा स्थित खाद्यान्न गोदाम पर निर्भरता कम हो जायेगी।

## घर में घुसकर महिला की इज्जत लूटने का किया प्रयास

# आरोपी को जल्द गिरफ्तार करें अन्यथा होगा जोरदार आंदोलन : बजरंग दल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड्डा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक के समीप एक विधवा महिला (काल्पनिक नाम मसोमत जमुनी देवी) घर में बीते गुरुवार की रात्रि करीब 12:00 बजे बरवाडीह निवासी इरशाद मियां उर्फ खेटा के द्वारा घर में घुसकर सोई हुई महिला के साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया गया। हो हल्ला करने के पश्चात इरशाद के द्वारा चाकू दिखाकर फिर से इज्जत लूटने का प्रयास किया गया। ज्यादा शोर शराबा से डरकर इरशाद मियां महिला के घर से बाउंड्री तड़प कर भाग निकला। इससे पीड़ित महिला ने पत्थलगड़ा थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि इस घटना को लेकर भारतीय स्टेट बैंक पत्थलगड्ढा के सीसीटीवी फुटेज में भी कैद किया गया है। वहीं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के धर्म प्रचार जिला प्रमुख चतरा आशीष दांगी द्वारा प्रशासन से मांग किया है कि 24 घंटे के अंदर अगर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बजरंग दल के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

वहीं बजरंग दल के जिला पर्यावरण प्रमुख चतरा मुकेश दांगी ने कहा की पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें मामला को लीपा पोती नहीं करें अन्यथा बजरंग दल के द्वारा बाध्य होकर जोरदार आंदोलन किया जायेगा वहीं भाजपा अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि बिरबल दांगी ने कहा की यह घटना निंदनीय है थाना प्रभारी से मांग है की आरोपी को जल्द गिरफ्तार करें ताकि क्षेत्र में शांति बना रहें। इस मामले को लेकर पत्थलगडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने मौखिक रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 20/23 दर्ज कर लिया गया है, मामले की छान बीन की जा रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वहीं पीड़ित के घर के पास काफी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद थे।



## बुखार से सेविका की मौत

**केतार।** थाना के क्षेत्र के ताली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका आरती देवी उम्र 47 वर्ष पति अवधेश विश्वकर्मा की शनिवार की रात्रि में अचानक तेज बुखार से मेदिनीनगर में मौत हो गई। रविवार की अहले सुबह शव भवनाथपुर के ढेकुलिया टोला पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि सेविका के कमर में दर्द की शिकायत पर जयपुर इलाज कराने के लिए ले गए थे, लेकिन जांच में किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नहीं निकलने की स्थिति वापस घर लौटने के दौरान सेविका के मायके मेदिनीनगर रुक गए थे। शनिवार की रात्रि में अचानक तेज बुखार आई, अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार रविवार की दोपहर में स्थानीय रजदहवा नदी के तट पर किया गया। घटना की सूचना पर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पंसस चंदन कुमार ठाकुर, व्यवसायी संघ के रामलाल गुप्ता, सहित कई लोग पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# श्रावणी महोत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य महिला मंच के तत्वावधान में मैलोडी मंडप में श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व महर्षि कश्यप ऋषि के चित्रपर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीपाली अग्रवाल, संया सोनी, कसौधन समाज के जिलाध्यक्ष उमेश कश्यप, कसौधन वैश्य महासभा झारखंड के प्रदेश महासचिव अमित कश्यप, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, गढ़वा जिला महिला अध्यक्ष शोभा कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में नृत्य, मेहंदी एवं महिला कुर्सी रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कसौधन वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश टीम के प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने गढ़वा जिला महिला अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश महासचिव अमित कश्यप ने कसौधन समाज महिला मंच के कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कसौधन समाज की महिलाएं घर के सभी कार्यों को कर समाज सेवा में अपना योगदान दे रही है यह एक विकसित समाज की परिकल्पना है। जिलाध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि गढ़वा कसौधन समाज की महिलाओं ने यह प्रमाणित कर दिया है कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कसौधन समाज की महिलाएं रक्तदान, पौधरोपण, कंबल वितरण तथा अन्य सभी सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रही है। मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश कश्यप, श्यामा दुलारी देवी, किरण देवी, कंचन कश्यप, अर्चना कश्यप, ममता कश्यप, नमिता कश्यप, संतोष कश्यप, मनोज कश्यप, मनीष कश्यप, सुनील कश्यप, रंजीत कश्यप, मिथिलेश कश्यप, उत्तम, हर्षित, रोबिन, अभिषेक, राहुल, उषा कश्यप, सुधा कश्यप, अनुराधा कश्यप, प्रीति करानी कश्यप, नीलम कश्यप, रितु कश्यप, खुशबू कश्यप, करिश्मा कश्यप आदि उपस्थित थे।


मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**कांडी।** थाना परिसर में रविवार को मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। जुलूस में किसी भी प्रकार का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि मुहर्रम पर्व में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जुलूस शांतिपूर्ण निकालें। यदि कोई असमाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की कोई हुड़दंगाई करने का प्रयत्न किया जाता है तो फौरन पुलिस को सूचना दें। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलायक्ष रामलला दुबे, प्रमुख संघ के राज्य अयक्ष पिंकू पाण्डेय, कांडी मुखिया विजय राम, पतरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिा मनोज कुमार, इकबाल खलीफा, मुस्ताक मियां सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एक नजर में

## भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में संवाददाता सम्मेलन कर भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान का शुभारंभ कांग्रेस जिला मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि 16 जुलाई 2023 से भारत जोड़ो अभियान की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो 5 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक को सम्मानित करने के उपरांत समापन किया जाएगा। इस दौरान सभी कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर मिलने का काम किया जाएगा एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाया जा सके। वहीं जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरही राजकुमार यादव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा नीति केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू किया। परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर सदस्यता छीन ली गई जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है। इसके तुरंत बाद मकान खाली करवाया गया जो नीचता की हद है। वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी यात्रा थी, भारत जोड़ो यात्रा से लाखों लोगों ने राहुल गांधी से मिले और अपनी समस्याओं को रखा, बाद में जब इन्हीं बातों को मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा तो सरकार बौखला गई।

## पेज 1 का शेष

### 18 की बैठक में...

जो भी देश से प्यार करता है वह इसके विरोध में खड़ा है। केजरीवाल ने देश भर की पार्टी से इसपर समर्थन मांगा था। तमाम बड़ी पार्टियों ने केजरीवाल के आह्वान पर अपना समर्थन किया। कांग्रेस इसके पक्ष में नहीं थी, पर रविवार को कांग्रेस ने अध्यादेश पर अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया। इसी एजेंडे को लेकर सीएम केजरीवाल पटना में हो रही विपक्षी दलों की बैठक में भी पहुंचे थे, जिसमें कुछ गतिरोध हो गया था। रविवार दोपहर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राज्यपालों के माध्यम से विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में हस्तक्षेप करने के केंद्र के ऐसे किसी भी कदम का विरोध करेगी। जब भी कोई विधेयक आयेगा संसद में विरोध किया जायेगा। सिर्फ दिल्ली ही नहीं इस तरह के किसी भी विधेयका का विरोध करने का फैसला किया है। हम देश की संघीय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और राज्यपालों के माध्यम से राज्य के मामलों में हस्तक्षेप करने के किसी भी प्रयास का समर्थन नहीं करने जा रहे हैं। यह पूरी तरह से देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है।

### एनडीए की बैठक में जायेंगे सुदेश ...

सुदेश महतो ने कहा कि वह 18 जुलाई को दिल्ली में होनेवाली बैठक में शामिल होंगे। **इन्हें भेजा गया निमंत्रण :** भाजपा ने जिन दलों को निमंत्रण भेजे गये हैं, उनमें दक्षिण के जनसेना पार्टी भी शामिल है। इसके नेता पवन कल्याण को एनडीए की बैठक में शामिल होंगे। पार्टी के राजनीतिक सचिव पी. हरिप्रसाद ने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए जनसेना अध्यक्ष पवन कल्याण और पार्टी के राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नादेंडला मनोहर को दिल्ली जायेंगे। जेपी नड्डा ने पत्र में लोजपा (आर) को एनडीए का एक प्रमुख घटक दल करार दिया। बैठक को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन करने की राजग की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान यह पहली बार है, जब उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना गुट, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और जनता दल (यूनाइटेड) सहित कई पुराने और प्रमुख सहयोगियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ने के बाद इतने बड़े पैमाने पर राजग की बैठक हो रही है।

### देह व्यापार एक अभिशाप...

पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट के 239 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 42, गिरिडीह में 10, हजारीबाग में 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 18, पलामू में 18, रांची में 28, साहिबगंज में 6, दुमका में सात, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में चार, बोकारो में 27, लातेहार में चार, जामताड़ा में चार, सरायकेला में तीन, देवघर में 10, गोड्डा में चार, गुमला में पांच, लोहरदगा में चार, चतरा में छह, गढ़वा में 14, कोडरमा में दो, खूंटी में दो, रामगढ़ में पांच और पाकुड़ में चार शामिल हैं। वर्ष 2019 में पॉक्सो एक्ट की सबसे अधिक 42 घटनाएं धनबाद में हुई है। **क्या है पॉक्सो एक्ट :** प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) कानून को 2012 में लागू किया गया था। ये कानून बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिए बनाया गया है। इस एक्ट के तहत 18 साल के कम उम्र के बच्चे और बच्चियों को शामिल किया गया है, इस एक्ट के तहत नाबालिगों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य एक बच्चे को किसी भी प्रकार के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण और उपेक्षा से बचाना है।

### झारखंड को मिले विशेष...

**झारखंड का मान बढ़ा :** दो दिवसीय इस शिविर में झारखंड का तब मान बढ़ गया, जब कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को मंच संचालन की जिम्मेदारी दी। इसे मंत्री बन्ना गुप्ता ने बखूबी निभाया। बन्ना ने ट्वीट कर बताया कि स्वास्थ्य चिंतन शिविर के अंतिम दिन मुझे मंच संचालन करने का अवसर मिला। झारखंड और मेरे लिए यह गौरव की बात थी कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संचालित करने का अवसर दिया।

### पाक में 150 साल पुराना...

उन्होंने कहा, अधिकारियों ने इसे सुबह-सुबह ही ढहा दिया और हमें पहले से इसकी कोई जानकारी नहीं थी। पाकिस्तान में 48 घंटे में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की यह दूसरी घटना है। **2022 में भी मूर्तियां तोड़ी गयी थीं :** यह मारी माता मंदिर मुखी चोहितराम रोड पर स्थित है। जिससे कुछ ही दूरी पर सोल्जर बाजार पुलिस स्टेशन भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की जमीन को एक शॉपिंग प्लाजा प्रमोटर को 7 करोड़ रुपए में बेच दिया गया है। इसीलिए मंदिर को तोड़ दिया गया। जून 2022 में भी मारी माता मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा गया था। श्री पंच मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी राम नाथ ने बताया कि मारी माता का मंदिर करीब 400 से 500 वर्ग गज में 150 साल पहले बनाया गया था। इसके आंगन में पुराना खजाना दबे होने की कहानियां भी प्रचलित हैं। हमने सोचा था कि नया मंदिर बनने के बाद ही मूर्तियों को वापस उनके स्थान पर रखेंगे।

### चंद्रयान -3 का पहला...

जोश हाई, 'गगनयान' प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार : वहीं तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा इसरो ने मनुष्य को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए गगनयान मिशन पर काम शुरू कर दिया है। यह मिशन अभी शुरुआती चरण में है। उन्नीकृष्णन ने कहा कि गगनयान के वर्तमान परीक्षण चरण को इसरो द्वारा जी-स्तरीय परीक्षण कहा जाता है। इस चरण का 'जी' नाम प्रारंभ में गगनयान के पहले अक्षर के रूप में दिया गया है। उन्होंने बताया कि 'जी' स्तर के प्रयोग 7 चरणों में आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत अंतरिक्ष में रॉकेटों का परीक्षण किया जायेगा। जी स्तर पूरा करने और एच स्तर तक परीक्षण पास करने के बाद इसरो वास्तविक गगनयान मिशन की तैयारी शुरू कर देगा।

स्पीड न्यूज

### अमेरिका के अलास्का में 7.2 तीव्रता का भूकंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलास्का प्रायद्वीप क्षेत्र में रविवार सुबह शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.2 तीव्रता दर्ज की गई। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण की शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अभी जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप अलास्का के अपतटीय क्षेत्र में 21 किमी की गहराई पर केंद्रित था। शुरूआत में इसकी तीव्रता 7.4 बताई गई। बाद में इसमें सुधार कर इसे 7.2 कर दिया।

### अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में शनिवार को सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार कल सुबह लगभग 10:45 बजे जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा से लगभग 45 किमी दूर दक्षिण-पश्चिमी हेनरी काउंटी के हैम्पटन के डॉगवुड लेक्स क्षेत्र में हुई। हैम्पटन पुलिस प्रमुख जेम्स टर्नर ने बताया कि मृतकों तीन पुरुष और एक महिला है।

### यूपी में आइएसआइ एजेंट गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट होने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस द्वारा रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, खुफिया सूचनाओं के आधार पर यह तथ्य सामने आया था कि गोंडा जिले के तरबगंज क्षेत्र के दीनपुरवा का निवासी रईस आईएसआई का एजेंट है और उसे महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं उपलब्ध करवा रहा है।

### भुवनेश्वर एम्स में परिजनों के लिए खुला धर्मशाला

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने रोगियों की देखभाल करने वाले उनके परिजनों को मामूली दर पर आवास मुहैया कराने के लिए एक धर्मशाला शुरू किया है। गौरतलब है कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार सहित पूर्वी भारत से हजारों लोग भुवनेश्वर में स्थित एम्स में इलाज कराने आते हैं।एम्स परिसर में एक तीन मंजिला इमारत बनाई गई है, जहां तीमारदार एक तय समय के लिए रह सकते हैं।

### मालदा में वृद्ध भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रविवार को भाजपा के एक बुजुर्ग कार्यकर्ता का शव उसके घर में फांसी पर लटका पाया गया जिसके बाद ग्रामीणों के एक वर्ग ने प्रदर्शन किया और तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि 62 वर्षीय बूरन मुर्मू बामनगोला में अपने कमरे में फांसी से लटका पाया गया। उन्होंने बताया कि वह अपने बेटे और बहू के साथ इसी घर में रहता था।

### ट्रक ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, तीन की मौत

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक ट्रक ने शव ले जा रही एक एंबुलेंस को सामने से टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडागांव-जगदलपुर मार्ग पर बड़गांव गांव के पास घटना उस वक्त हुई, जब एक ही परिवार के तीन लोग एंबुलेंस से एक शिशु के शव को लेकर घर जा रहे थे। हादसे में एंबुलेंस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोकसभा चुनाव से पहले ओबीसी व दलितों को साधने में जुटी भाजपा

## विपक्ष की चाल फेल करने की शुरू की तैयारी

### ओम प्रकाश राजभर राजग में हुए शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता ओम प्रकाश राजभर का भाजपा के खेमे में शामिल होना हिंदीभाषी क्षेत्र में वंचित जातियों के बीच अपनी उपस्थिति बढ़ाने के सत्तारूढ़ दल के प्रयासों को रेखांकित करता है। वह भी ऐसे समय में, जब विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में उसे घेरने के लिए ओबीसी जनगणना सहित कई मुद्दों पर जोर दे रहा है। राजभर का राजग में शामिल होना यह दर्शाता है कि जातिगत जनगणना की कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की मांग के मद्देनजर भाजपा ने भी जवाबी कदम उठाना आरंभ कर दिया है। केंद्र सरकार ने अब तक ओबीसी जनगणना की मांग पर चुप्पी साध रखी है। यह समुदाय मतदाताओं का सबसे बड़ा वर्ग है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ भाजपा के लिए यह वर्ग प्राथमिकता में रहा है।

छोटे दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले और एक विशेष पिछड़ी या दलित जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले कई नेताओं ने हाल के महीनों में भाजपा नीत राजग का रुख किया है। दरअसल, गठबंधन के मामले में भाजपा विपक्षी दलों से पिछड़ रही थी, इसलिए वह राजग को मजबूत करने की कोशिशों में जुटी हुई है। वर्ष 2014 से भाजपा का गढ़ बन चुके उत्तर प्रदेश में राजभर और संजय निषाद जैसे ओबीसी नेताओं का राजग में शामिल होने से उसे मजबूती मिली है। इन दोनों नेताओं का नाविकों और मछुआरा समुदायों में खासा प्रभाव है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाला अपना दल (सोनेलाल) पहले से ही राजग का हिस्सा है। निषाद ने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी निषाद पार्टी का भाजपा के साथ गठजोड़ किया था। पटेल 2014 से भाजपा की सहयोगी हैं।



वर्ष 2014 में मोदी के नेतृत्व में पहली बार लोकसभा चुनाव स्पष्ट बहुमत के साथ जीतने के बाद से भाजपा उत्तर प्रदेश में एक प्रभावशाली राजनीतिक ताकत रही है, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनावों में राजभर और अपना दल के एक प्रतिद्वंद्वी खेमे के साथ गठबंधन करके समाजवादी पार्टी (सपा) पूर्वांचल क्षेत्र में उसमें (भाजपा के वोट बैंक में) सेंध लगाने में कामयाब रही थी।

#### रालोद नेता चौधरी जयंत सिंह को पाले में लाने की अटकलें

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सपा-रालोद गठबंधन 2022 में जाट वोट को विभाजित करने में कुछ हद तक सफल रहा था। भाजपा द्वारा रालोद के नेता चौधरी जयंत सिंह को अपने पाले में लाने की अटकलें राज्य की सभी 80 लोकसभा सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने में पार्टी की गंभीरता को रेखांकित करती हैं। भाजपा नेताओं का मानना है कि विभिन्न पिछड़ी और दलित जातियों से जुड़े छोटे दलों के नेताओं को अपने पाले में लाकर वे राजग को अपने दो मुख्य प्रतिद्वंद्वियों लालू प्रसाद नीत राष्ट्रीय जनता दल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू की तुलना में सामाजिक रूप से अधिक प्रतिनिधित्व वाले गठबंधन के रूप में पेश कर सकते हैं। इस विपक्षी गठबंधन ने 2015 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को करारी शिकस्त दी थी। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कर्नाटक में जीत से उत्साहित कांग्रेस जातिगत जनगणना की मांग और कल्याणकारी योजनाएं लाने के वादे के साथ वंचित वर्गों के बीच अपना अभियान तेज करेंगे।

#### बिहार में मांझी के बाद कुशवाहा होंगे शामिल

बिहार में कुशवाहा समुदाय के नेता उपेंद्र कुशवाहा और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने राजद-जदयू-कांग्रेस-वाम गठबंधन छोड़ दिया है।मांझी पहले ही राजग में शामिल हो चुके हैं, जबकि कुशवाहा की भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। भाजपा चिराग पासवान को भी अपने खेमे में वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को बिहार के सबसे अधिक आबादी वाले दलित समुदाय, पासवान का समर्थन प्राप्त है।

# संसद के मानसून सत्र में हंगामे के आसार

## सरकार ने 19 जुलाई को बुलायी सर्वदलीय बैठक

- मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अडाणी मामले में जेपीसी गठित करने समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा विपक्ष
- 21 नये विधेयक पेश और पारित करने के लिए सूचीबद्ध
- 23 दिनों का मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

राजग सरकार ने मानसून सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं के बीच आम सहमति बनाने के लिये 19 जुलाई को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। लोकसभा सचिवालय की बुलेटिन के अनुसार, संसद के मानसूत्र सत्र या 17वीं लोकसभा के 12वें सत्र के दौरान लिये जाने वाले सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 21 नये विधेयकों को पेश व पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।



इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 भी शामिल है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए पेश किया जाएगा।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि सत्र में महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाने हैं, ऐसे में सभी दलों को सत्र चलाने में सहयोग करना चाहिए क्योंकि सरकार नियम व प्रक्रिया के तहत किसी भी विषय पर चर्चा कराने से पीछे नहीं हट रही है।मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, संघीय ढांचे पर कथित आक्रमण, महंगाई, अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग, महिला पहलवानों के उत्पीड़न पर चर्चा कराने सहित अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हमलावर रुख को देखते हुए सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है। कांग्रेस के नेता के. सुरेश ने कहा कि हाल में पार्टी की संसदीय रणनीति समूह की बैठक हुई, जिसमें तय किया गया कि हम मणिपुर हिंसा,रेल सुरक्षा,संघीय ढांचे पर आक्रमण, जीएसटी को पीएमएलए के दायरे में लाने और महंगाई पर चर्चा कराने की मांग करेंगे। संसद का मानसून सत्र गुरुवार से शुरू होगा। 23 दिनों का यह सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।

### आयकर रिटर्न की नहीं बढ़ेगी तारीख

**नयी दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त मंत्रालय आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की 31 जुलाई की समयसीमा को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहा है। उन्होंने साथ ही आयकरदाताओं से जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करने को कहा। मल्होत्रा ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस साल पिछले वर्ष से ज्यादा रिटर्न दाखिल होंगे। हमें उम्मीद है कि यह पिछले साल से ज्यादा होना चाहिए। पिछले साल 31 जुलाई तक लगभग 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो आकलन वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करने का आखिरी दिन था। उन्होंने कहा कि हम आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों को धन्यवाद देना चाहते हैं, क्योंकि आईटीआर दाखिल करने की गति पिछले साल की तुलना में बहुत तेज है और हम उन्हें सलाह देंगे कि वे आखिरी क्षण तक इंतजार न करें और समयसीमा में किसी भी विस्तार की उम्मीद न करें। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द अपना कर रिटर्न दाखिल करने की सलाह दूंगा, 31 जुलाई की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है। मल्होत्रा ने कहा यह कमोबेश 10.5 प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य के अनुरूप है।

## 'यूपीए' का मतलब उत्पीड़न पक्षपात और अत्याचार : नड्डा

### भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड स्थापित कर रही है गहलोत सरकार



एजेंसी

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की यूपीए सरकार का मतलब उत्पीड़न, पक्षपात और अत्याचार है और पार्टी को राजस्थान में एक मिनट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है।

जयपुर के बीलवा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की शुरूआत करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अशोक गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के यूपीए का मतलब है उत्पीड़न, पक्षपात और अत्याचार। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने के लिए नड्डा ने पार्टी का चुनाव अभियान नहीं सहेगा राजस्थान शुरू किया। यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। राज्य में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। नड्डा ने अभियान और एक थीम वीडियो जारी किया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराध, उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या, सांप्रदायिक दंगे और अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह लोगों को लूटती है और उसने दलितों, आदिवासियों, महिलाओं पर अत्याचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। उन्होंने आरोप लगाया ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का एक मिनट भी कोई अधिकार नहीं है।

### सपा का किसी के साथ गठबंधन टिक नहीं सकता है : राजभर

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने राजग में शामिल होने के बाद रविवार को दावा किया कि सपा का किसी के साथ गठबंधन टिक नहीं सकता है और अभी बहुत से लोग सपा छोड़कर राजग में शामिल होंगे।

कांग्रेस और बसपा के साथ ही सुभासपा के साथ हुए सपा के पूर्व गठबंधन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की स्थिति नवासा (ससुराल की संपत्ति) पाने वाले व्यक्ति जैसी हो गई है, जो चाहता है कि गांव में सब कुछ उसी के पास रहे। सपा ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा से गठबंधन किया था, लेकिन यह ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया। ओमप्रकाश राजभर ने वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा और राज्य की 403 सीट में से छह सीट पर उनके समेत सुभासपा के उम्मीदवार विजयी हुए। राजभर चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद सपा गठबंधन से अलग हो गये।

## 40 वर्ष की हुई कैटरीना



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री कैटरीना कैफ रविवार का 40 वर्ष की हो गयी। 16 जुलाई 1983 को हांगकांग में जन्मी कैटरीना कैफ मूल नाम कैटरीना टॉरकेटी ने 14 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। वह मॉडलिंग करने के उद्देश्य से मुंबई आयी थी लेकिन इस दौरान उनकी मुलाकात कैजाद गुस्ताद से हुयी। कैजाद गुस्ताद उन दिनों बूम बना रहे थे। उन्होंने कैटरीना को बूम में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे कैटरीना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म बूम आपराधिक पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्राफ ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कमजोर पटकथा के कारण बूम बॉक्स ऑफिस पर कोई धूम नहीं मचा सकी। वर्ष 2005 में कैटरीना कैफ को एकबार फिर से अमिताभ के साथ सरकार में काम करने का अवसर मिला लेकिन फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिला। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म मैने प्यार क्यों किया कैटरीना कैफ के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। यह फिल्म कैटरीना को सलमान खान की वजह से मिली थी।

### भारत ने नेपाल को दी उपहार में 34 एंबुलेंस और 50 स्कूल बसें

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों को 34 एंबुलेंस और 50 स्कूल बसें उपहार में दी हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने रविवार को नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक कुमार राय की उपस्थिति में एम्बुलेंस और स्कूल बसों की चाबियां सौंपी। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के पालिकाओं के मेयर, लाभार्थी संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, नेपाली सरकार के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। नेपाल के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की उच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार भारतीय स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थी संगठनों को उपहार के रूप में एम्बुलेंस और स्कूल बसें प्रदान करती रही है।

# सरकार ने खरीदा तीन लाख टन प्याज

### प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ काम कर रही सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में बफर स्टॉक (भंडारण) के लिए 20 प्रतिशत अधिक यानी कुल तीन लाख टन प्याज खरीदा है।

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित सिंह ने रविवार को बताया कि सरकार प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ काम कर रही है।वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 2.51 लाख टन प्याज रखा था। बफर स्टॉक कम आपूर्ति वाले मौसम में कीमतों को काबू में रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत रखा जाता है। सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने इस साल बफर स्टॉक में भारी बढ़ोतरी करते हुए तीन लाख टन प्याज खरीदा है। प्याज की कोई कमी नहीं है। बफर स्टॉक के लिए खरीदा गया प्याज हाल ही में समाप्त हुए रबी सत्र का है। फिलहाल, खरीफ के प्याज की बुवाई चल रही है और अक्टूबर में इसकी आवक शुरू हो जाती है।

सचिव ने कहा कि आमतौर पर, खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 20 दिन के लिए या खरीफ फसल के बाजार में आने तक दबाव में रहती हैं। लेकिन इस बार ऐसी कोई समस्या नहीं होगी। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय प्याज के संरक्षण के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग और बार्क के साथ प्रौद्योगिकी का भी परीक्षण कर रहा है। रोहित सिंह ने कहा कि प्रायोगिक तौर पर हम महाराष्ट्र के लासलगांव में कोबाल्ट-60 से गामा विकिरण के जरिये 150 टन प्याज संरक्षण का प्रयोग कर रहे हैं। इससे प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 15 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर प्याज का औसत खुदरा दाम 26.79 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसका अधिकतम दाम 65 रुपये और न्यूनतम 10 रुपये प्रति किलोग्राम था।



### अब 80 रुपये किलो टमाटर की बिक्री शुरू

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर और कुछ अन्य क्षेत्रों में रविवार से टमाटर 80 रुपये किलोग्राम के भाव पर बेचने की घोषणा की है। टमाटर की ऊंची कीमतों से आम लोगों को राहत देने के लिए पहले सरकार इसकी बिक्री 90 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कर रही थी। सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल वैन के जरिये रियायती 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर टमाटर की बिक्री शुरू की थी। शनिवार को कुछ अन्य शहरों में सरकार ने रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री शुरू की थी। सरकार के हस्तक्षेप के बाद टमाटर की थोक कीमतों में कमी आई है। सरकार ने कई स्थानों पर 90 रुपये की रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू की थी।

# छह कंपनियों का मार्केट कैप 2.03 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,03,010.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 780.45 अंक या 1.19 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स 66,060.90 अंक के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 69,990.57 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,53,033.73 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 68,168.12 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 12,85,058.84 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 39,094.81 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,91,547.67 करोड़ रुपये रहा। वहीं भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 10,272.84 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 4,95,116.94 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,135.42 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 6,72,837.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 5,348.97 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,87,951.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर, एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 8,695.25 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,19,962.74 करोड़ रुपये पर आ गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 8,299.89 करोड़ रुपये घटकर 5,21,598.94 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 8,130.77 करोड़ रुपये घटकर 4,53,288.03 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 4,581.7 करोड़ रुपये घटकर 6,28,950.34 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।




### एफपीआइ ने जुलाई में अबतक शेयरों में 30,600 करोड़ डाले

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में निवेश का लगातार जारी है। जुलाई के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 30,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण कायम है। यदि एफपीआई का यही रुख जारी रहता है, तो जुलाई में शेयरों में में उनके निवेश का आंकड़ा मई और जून को पार कर सकता है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है।

# भगवान शिव सही अर्थों में परिवार के देवता हैं

## बाबा भोलेनाथ को सृष्टि का प्राण माना जाता है

**बीएन पाण्डेय**



भगवान शिव सही अर्थों में परिवार के देवता हैं, क्योंकि ये एकमात्र ऐसे देवता हैं, जिनका परिवार संपूर्ण है। भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय व श्रीगणेश के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन उनकी पुत्री और उनके पोतों यानी श्रीगणेश के पुत्रों के बारे में कम ही लोग जानते हैं। आइये जानते हैं संपूर्ण शिव परिवार के बारे में।

भगवान शिव परिवार के मुखिया हैं। शिव को सृष्टि का प्राण माना जाता है। अगर शिव नहीं हों तो सृष्टि शव के समान हो जाती है। इस कारण शिव को कालों का काल यानी महाकाल भी कहा गया है। शिव प्राण देते हैं, जीवन देते हैं और संहार भी करते हैं।

### माता पार्वती

भगवान शिव की पत्नी जगदंबा पार्वती हैं। शिवपुराण के अनुसार, ये पर्वतराज हिमालय व मैना की पुत्री हैं। पार्वती को ही शक्ति माना गया है। शरीर में शक्ति ना हो तो शरीर बेकार है। शक्ति तेज का पुंज है। मानव को हर काम में सफलता की शक्ति पार्वती यानी दुर्गा देती हैं। भगवान शिव ने अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में स्वयं शक्ति के महत्व को सिद्ध किया है।

**अशोक सुंदरी :** भगवान शिव की पुत्रीभगवान शिव की पुत्री का नाम अशोक सुंदरी है। पौराणिक कथाओं और कुछ लोक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए कल्प वृक्ष (सबकी इच्छाएं पूरी करने वाला पेड़) से कन्या प्राप्ति का वरदान मांगा, जिसके फलस्वरूप अशोक सुंदरी का जन्म हुआ। अशोक सुंदरी का विवाह परम पराक्रमी राजा नहुष से हुआ था। माता पार्वती के वरदान से अशोक सुंदरी ययाति जैसे वीर पुत्र तथा सौ रूपवती कन्याओं की माता बनीं।

**कार्तिकेय :** ये भगवान शिव के बड़े पुत्र हैं। कार्तिकेय के पास देवताओं के सेनापति का पद है। वे साहस के अवतार हैं। कम आयु में ही अपने अदम्य साहस के बल पर उन्होंने तारकासुर का नाश किया था। इसलिए आत्मविश्वास और आत्मबल की प्राप्ति कार्तिकेय से होती है। शिवपुराण के अनुसार, कार्तिकेय ब्रह्मचारी हैं, वहीं ब्रह्मवैवर्त पुराण में इनकी पत्नी का नाम देवसेना बताया गया है।

श्रीगणेश : ये भगवान शिव के छोटे पुत्र हैं। इनका मुख हाथी का है इसलिए इन्हें गजमुख भी कहा जाता है। श्रीगणेश को प्रथम पूज्य की उपाधि प्राप्त है। किसी भी शुभ कार्य से पहले इनका पूजन किया जाता है। ग्रंथों में इन्हें परम शक्तिशाली व बुद्धिमान बताया गया है। इनके पूजन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। गणेश पुराण के अनुसार, श्रीगणेश ने अनेक अवतार लेकर दुष्टों का अंत किया है।

**बहू :** भगवान शिव की दो बहुएं हैं। श्रीगणेश की पत्नी सिद्धि और बुद्धि। शिवपुराण के अनुसार, ये प्रजापति विश्वरूप की पुत्रियां हैं। कुछ स्थानों पर रिद्धि और सिद्धि का नाम मिलता है, लेकिन अधिकांश ग्रंथों में सिद्धि और बुद्धि को ही गणपति की पत्नी माना गया है।

सिद्धि कार्यों में, मनोरथों में सफलता देती है। बुद्धि ज्ञान के मार्ग को प्रशस्त करती हैं।

**पौत्र :** ग्रंथों के अनुसार, भगवान गणेश के दो पुत्र हैं क्षेम और लाभ। क्षेम हमारे अर्जित पुण्य, धन, ज्ञान और ख्याति को सुरक्षित रखते हैं। सीधा अर्थ है हमारी मेहनत से कमाई गयी हर वस्तु को सुरक्षित रखते हैं, उसे कम नहीं होने देते और धीरे-धीरे उसे बढ़ाते हैं। लाभ का काम निरंतर उसमें वृद्धि देने का है। लाभ हमें धन, यश आदि में निरंतर बढ़ोत्तरी देता है।

**रामायण काल से है जुड़ा शिवलिंग का इतिहास**

यहां भगवान राम ने नल एवं नील नामक दो बलशाली वानरों की सहायता से लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व एक पत्थरों के सेतु का निर्माण करवाया था, जिसे रामसेतु कहा गया। यह वही रामसेतु है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'एडेम्स ब्रिज' के नाम से जाना जाता है। नल और नील को एक ऋषि का श्राप था कि तुम दोनों जिस वस्तु को भी पानी में फेकोगे वह नहीं डूबेगी। यही श्राप सेतु बनाते समय भगवान राम के काम आया, इसलिए वह दोनों योद्धा पत्थरों को जल में डालते गए और एक विशाल सेतु का निर्माण हो गया। जिस पर चढ़कर वानर सेना ने लंका पहुंच विजय पाई। बाद में श्री राम ने विभीषण के अनुरोध पर धनुषकोटि नामक स्थान पर यह सेतु तोड़ दिया था। आज भी इस 30 मील (48 कि.मी.) लम्बे सेतु के अवशेष सागर में दिखाई देते हैं। रामेश्वरम मंदिर में ये पत्थर आज भी भक्तों के दर्शन के लिए रखे गए हैं। **तब श्री राम ने यहां पर शिवलिंग को किया था स्थापित**

वाल्मीकि रामायण के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग हैं, उसके पीछे मान्यता यह है कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सीताजी को रावण से छुड़ाने के लिए लंका जा रहे थे, तब उन्हें रास्ते में प्यास लगी। जब वे पानी पीने लगे तभी उनको याद आया कि उन्होंने भगवान शंकर के दर्शन नहीं किए हैं, ऐसे में वे कैसे जल ग्रहण कर सकते हैं। तब श्री राम ने विजय प्राप्ति के लिए बालू का शिवलिंग स्थापित करके शिव पूजन किया था। भगवान राम ने लखन सहित शिवजी की आराधना की और भगवान शिव प्रसन्न होकर माता पार्वती के साथ प्रकट होकर श्री राम को विजय का आशीर्वाद दिया। भगवान राम ने शिवजी से लोक कल्याण के लिए उसी स्थान पर शिवलिंग के रूप में सदा के लिए निवास करने को कहा जिसे भगवान शिव ने स्वीकार कर लिया।

# रांची पहाड़ी पर पूरे श्रावण आते हैं शिव भक्त 15 अगस्त और 26 जनवरी को फहरता है तिरंगा



रांची रेलवे स्टेशन से 7 किलो मीटर की दूरी पर 'रांची हिल' पर शिवजी का अति प्राचीन मंदिर स्थित है जिसे की पहाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर धार्मिकता के साथ साथ देशभक्तो के बलिदान के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर देश का इकलौता ऐसा मंदिर है जहां 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' शान से फहराया जाता है। यह परंपरा यहां पर 1947 से ही चली आ रही है।

### पहाड़ी बाबा मंदिर परिसर में मुख्य रूप से सात मंदिर है

1. भगवान शिव मंदिर 2. महाकाल मंदिर 3. काली मंदिर 4. विश्वनाथ मंदिर 5. हनुमान मंदिर 6. दुर्गा मंदिर और 7. नाग मंदिर

पहाड़ी पर जितने भी मंदिर बने है उनमें नागराज का मंदिर सबसे प्राचीन है। माना जाता है की छोटा नागपुर के नागवंशियों का इतिहास यही से शुरू हुआ है।

पहाड़ी के नीचे, जहां से की मंदिर की चढ़ाई शुरू होती है, एक झील थी, जिसे 'रांची लेक' कहते थे, जिसका निर्माण 1842 में एक अंग्रेज कर्नल ओन्सेल ने करवाया था। झील पर नहाने के लिए पक्के घाट बने हुए थे। वहां पर भक्त मंदिर की चढ़ाई शुरू करने से पहले स्नान करते थे।

### मंदिर से दिखती है रांची शहर की मनोरम छवि

यह मंदिर समुद्र तल से 2140 मीटर तथा धरातल से 350 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए 468 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मंदिर प्रांगण से पूरी रांची शहर का खुबसूरत नजारा दिखायी देता है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए भी यह मंदिर महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरी पहाड़ी पर मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द विभिन्न प्रकार के हजार से अधिक वृक्ष हैं। साथ ही यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का अनुपम सौंदर्य भी देखा जा सकता है। पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव की लिंग रूप में पूजा की जाती है। शिवरात्रि तथा सावन के महीने में यहां शिव भक्तों की विशेष भीड़ रहती है।

**देशभक्तों को यहां दी जाती थी फांसी :** पहाड़ी बाबा मंदिर का पुराना नाम टिरीबुरू था जो आगे चलकर ब्रिटिश हुकूमत के समय फांसी टुंगरी में बदल दिया गया। क्योकि अंग्रेजो के राज.में देश भक्तो और क्रांतिकारियों को यहां फांसी पर लटकाया जाता था। आजादी के बाद रांची में पहला तिरंगा ध्वज यही पर फहराया गया था जिसे रांची के ही एक स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण चन्द्र दास से फहराया था। उन्होंने यहां पर शहीद हुए देश भक्तो की याद व सम्मान में तिरंगा फहराया था तथा तभी से यह परम्परा बन गई की स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को यहाँ पर तिरंगा फहराया जाता है। राष्ट्र ध्वज को धर्म ध्वज से ज्यादा सम्मान देते हुए उसे मदिर के ध्वज से ज्यादा ऊंचाई पर फहराया जाता है। पहाड़ी बाबा मंदिर में एक शिलालेख लगा है जिसमें 14 अगस्त, 1947 को देश की आजादी संबंधी घोषणा भी अंकित है।

# बाबा धाम में 152 सालों से चली आ रही बेलपत्र प्रदर्शनी की परंपरा, 17 जुलाई से होगी शुरूआत

देवघर के बाबा धाम में बेलपत्र प्रदर्शनी की भी शुरूआत हो रही है. इस बेलपत्र या बिल्वपत्र की पौराणिक मान्यता भी है। 17 जुलाई से यह प्रदर्शनी शुरू हो रही है ।विभिन्न समाज के लोगों द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई जाती है।

सावन महीने में बाबा नगरी बोल बम के नारों से गूंज रही है ।भक्त बाबा पर जलाभिषेक करने के लिए दूरदराज से आ रहे हैं ।बाबा धाम की छटा पूरी तरह अलौकिक हो रखी है ।बाबा धाम में भगवान शंकर को मनाने के लिए तरह-तरह के श्रृंगार भी किए जा रहे हैं ।इसी को लेकर अब बेलपत्र प्रदर्शनी की भी शुरूआत हो रही है ।अनोखे शिव मंदिर में भक्तों की भीड़, बाबा भोलेनाथ का कर रहे जलाभिषेकबता दें कि बाबा मंदिर में चली आ रही पौराणिक परंपरा के अनुसार, बेलपत्र प्रदर्शनी और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा है ।यह परंपरा लगभग 152 वर्षो से चली आ रही है ।बंगला श्रावण में 17 जुलाई सोमवार कर्क संक्रांति से सभी समाजों के द्वारा बाबा भोलेनाथ पर बिल्वपत्र अर्पित किया जाएगा ।जो 17 जुलाई, 24 जुलाई, 31 जुलाई, 7 अगस्त और 14 अगस्त को श्रावणी सोमवारी के मौके पर चढ़ाया और प्रदर्शित किया जाता है.

विभिन्न समाज की ओर से लगायी जाती है प्रदर्शनीः इसके साथ ही 17 जुलाई सोमवार और 17 अगस्त गुरुवार को संक्रांति के अवसर पर विभिन्न समाज की ओर से आकर्षक प्रदर्शनी लगायी जायेगी ।इसमें काली मंदिर में जनरेल समाज और देवकृपा वन सम्राट बेलपत्र समाज, तारा मंदिर में बरनेल समाज, लक्ष्मी नारायण मंदिर में मसानी दल एक और मसानी दल दो, शांति अखाड़ा समाज, राम मंदिर में राजाराम बेलपत्र समाज, आनंद भैरव मंदिर में पंडित मनोकामना राधे श्याम बेलपत्र समाज के दो दलों द्वारा आकर्षक और बाबा की त्रिनेत्र के समान अनोखे पहाड़ी बिल्वपत्र की प्रदर्शनी लगाई जाती है.परंपरा के अनुसार, सभी दल के सदस्य शाम लगभग पांच बजे अपने बिल्वपत्र को चांदी के बर्तनों में सजाकर शहर भ्रमण को निकलते हैं ।इसके बाद वह अपने बिल्वपत्र को



अपनी गद्दी पर जाकर प्रदर्शित करते हैं.बमबम बाबा ने शुरू की थी परंपराः वहीं तीर्थपुरोहित पप्पू फलारी ने बताया कि बाबा धाम में बेलपत्र की परंपरा को सबसे पहले बमबम बाबा ने शुरू की थी ।आज भी बाबा मंदिर में यह परंपरा निभाई जा रही है ।उन्होंने आगे बताया कि 1826 से त्रिकूट पहाड़ के जंगलों से बेलपत्र तोड़कर बाबा पर अर्पित करते थे ।जिसके बाद 1856 में दल बना कर बेलपत्र तोड़ा जाने लगा ।आज लोग पैदल यात्रा कर बाबा धाम पहुंचते हैं ।जिसकी शुरूवात बमबम बाबा के द्वारा ही की गई थी।

क्योंकि बीच में यह प्रथा बिल्कुल पूरी तरह से लुफ्त हो गयी थी ।साथ ही उन्होंने कहा कि बेलपत्र भोलेनाथ को अतिप्रिय है, जिसको अर्पित करने के बाद और कुछ अर्पित करने की जरूरत नहीं पड़ती है.बाबा धाम की महत्ता अलौकिक है ।यहां पर भगवान श्री कृष्ण और श्रीराम के भी जलाभिषेक करने के प्रमाण मिलते हैं ।यहां पर दूर दराज से बेलपत्र लाए जाते हैं ।पहले त्रिकूट पर्वत से बेलपत्र लाया जाता था हालांकि अब हजारीबाग और हिमाचल से भी बेलपत्र लाए जाते हैं जो बाबा को चढ़ाए जाते हैं।

# सावन में भूलकर न करें ये काम

**हिंदी** पंचांग के सभी बारह महीनों में श्रावण मास का विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दुःख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में कुछ ऐसे काम बताए गए हैं जो हमें नहीं करना चाहिए। जो लोग ये काम करते हैं, उन्हें शिवजी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है और परेशानियां बनी रहती हैं।

**1. शिवलिंग पर हल्दी न चढ़ाएं**

शिवजी की पूजा करते समय ध्यान रखें कि शिवलिंग पर हल्दी नहीं चढ़ानी चाहिए। हल्दी जलाधारी पर चढ़ानी चाहिए। हल्दी स्त्री से संबंधित वस्तु है। शिवलिंग पुरुष तत्व से संबंधित है और ये शिवजी का प्रतीक है। इस कारण शिवलिंग पर नहीं, बल्कि जलाधारी पर हल्दी चढ़ानी चाहिए। जलाधारी स्त्री तत्व से संबंधित है और ये माता पार्वती की प्रतीक है।

**2. दूध के सेवन से रखें परहेज**

सावन में संभव हो तो दूध के सेवन से बचें। यही बात बताने के लिए सावन में शिव जी का दूध से अभिषेक करने की परंपरा शुरू हुई होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार इन दिनों दूध वात बढ़ाने का काम करता है। अगर दूध का सेवन करना हो तब खूब उबालकर करें। कच्चे दूध का प्रयोग में नहीं करें। सावन में दूध से दही बनाकर सेवन कर सकते हैं। लेकिन भाद्र मास में दही से परहेज रखना चाहिए क्योंकि भाद्र मास में दही सेहत के लिए हानिकारक होता है।

**3. सावन में हरी पत्तेदार सब्जी-साग खाना है वर्जित है**

स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सावन में कुछ चीजों को खाना वर्जित बताया गया है। ऐसी चीजों में पहला नाम साग का आता है। जबकि साग को सेहत के लिए गुणकारी माना गया है, लेकिन सावन में साग में वात बढ़ाने वाले तत्व की मात्रा बढ़ जाती है। इसलिए साग गुणकारी नहीं रह जाता है। यही कारण है कि सावन में साग खाने से मना किया जाता है। दूसरा कारण यह भी है कि इन दिनों कीट पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और साग के साथ घास-फूस भी उग आते हैं जो सेहत के लिए हानिकाक होते हैं। साग के साथ मिलकर हानिकारक तत्व हमारे शरीर में नहीं पहुंचे इसलिए सावन में साग खाने की मनाही की गयी है।

**4. सावन में बैंगन खाना भी वर्जित किया गया है**

सावन में महीने में साग के बाद बैंगन भी ऐसी सब्जी है जिसे खाना वर्जित माना गया है। इसका धार्मिक कारण यह है कि बैंगन को शास्त्रों में अशुद्ध कहा गया है। यही वजह है कि कार्तिक महीने में भी कार्तिक मास का व्रत रखने वाले व्यक्ति बैंगन नहीं खाते हैं। वैज्ञानिक कारण यह है कि सावन में बैंगन में कीड़े अधिक लगते हैं। ऐसे में बैंगन का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए सावन में बैंगन खाने की मनाही है।

**5. बुरे विचारों से बचें**

सावन माह में किसी भी प्रकार के बुरे विचार से बचना चाहिए। बुरे विचार जैसे दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए योजना बनाना, अधार्मिक काम करने के लिए सोचना, स्त्रियों के लिए गलत सोचना आदि। इस प्रकार के विचारों से बचना चाहिए, अन्यथा शिवजी की पूजा में मन नहीं लग पायेगा। मन बेकार की बातों में ही उलझा रहेगा। शास्त्रों में स्त्रियों के लिए गलत बातें सोचना महापाप बताया गया है। सावन माह में अच्छे साहित्य या धर्म संबंधी किताबों का अध्ययन करना चाहिए, इससे बुरे विचार दूर हो सकते हैं।

**6. इन लोगों का अपमान न करें**

सावन माह में इस बात का ध्यान रखें कि बुजुर्ग व्यक्ति, गुरु, भाई-बहन, जीवन साथी, माता-पिता, मित्र और ज्ञानी लोगों का अपमान न करें। शिवजी के माह में इस बात का पालन जरूर होना चाहिए, अन्यथा शिवजी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है। शिवजी ऐसे लोगों से प्रसन्न नहीं होते हैं जो यहां बताये गये लोगों का अपमान करते हैं। ये सभी लोग हर स्थिति में सम्मान के पात्र हैं, हमेशा इनका सम्मान करें।



**7. सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए**

पूजा के लिए सुबह-सुबह का समय सबसे अच्छा रहता है, इस कारण यदि आप शिवजी की कृपा पाना चाहते हैं तो सुबह बिस्तर जल्दी छोड़ देना चाहिए। जल्दी जागें और स्नान आदि कार्यों के बाद शिवजी की पूजा करें। यदि देर तक सोते रहेंगे तो इससे आलस्य बढ़ेगा। सुबह जल्दी उठने से वातावरण से स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। सुबह के समय मन शांत रहता है और इस वजह से पूजा पूरी एकाग्रता से हो पाती है। एकाग्रता से की गई पूजा बहुत जल्दी शुभ फल प्रदान करती है।

**8. मांसाहार से बचें**

सावन माह में मांसाहार यानी नॉनवेज खाने से बचना चाहिए। नॉनवेज खाना बनाने के लिए जीव हत्या की जाती है। जीव हत्या पाप है। मांसाहार को छोड़कर इस पाप से बचें। सावन में वर्षा ऋतु रहती है और आसमान में बादल छाये रहते हैं, इस कारण कई बार सूर्य और चंद्रमा दिखाई नहीं देते हैं। सूर्य और चंद्र की रोशनी हम तक नहीं पहुंचती है तो हमारी पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। इन दोनों ग्रहों की रोशनी से पाचन शक्ति मजबूत होती है। नॉनवेज खाने को पचाने के लिए पाचन शक्ति मजबूत होना जरूरी है। यदि ये खाना ठीक से पचेगा नहीं तो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**9. पति-पत्नी ध्यान रखें ये बातें**

अधिकतर परिवारों में पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद, छोटी-छोटी लड़ाईयां अक्सर होती रहती हैं। ये आम बात है, लेकिन जब छोटी-छोटी बातें बढ़ जाती हैं तो पूरा घर अशांत हो जाता है। सावन माह में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि घर में क्लेश ना हो। जिन घरों में क्लेश होता है, अशांति रहती है, वहां देवी-देवता निवास नहीं करते हैं। सावन माह में शिवजी की कृपा चाहते हैं तो घर में प्रेम बनाए रखें और एक-दूसरे की गलतियों को भूलकर आगे बढ़ें। घर में शांति रहेगी तो जीवन भी सुखद बना रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। प्रसन्न मन से पूजा करेंगे तो मनोकामनाएं भी जल्दी पूरी हो सकती हैं।

**10. क्रोध न करें**

क्रोध से मन की एकाग्रता और सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। इस आवेश में लिए गए फैसले भी अधिकतर नुकसानदायक ही होते हैं। ये एक बुराई है और इससे बचना चाहिए। शिवजी के कृपा पाने के लिए खुद को शांत रखना बहुत जरूरी है। क्रोध से मन अशांत हो जाता है और ऐसे में पूजा नहीं की जा सकती है।